


फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई- पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें- www.bhedinazar.com

फरीदाबाद, बुधवार, 04 मार्च 2026

दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश को प्रमुख हिन्दी दैनिक

भेदी नज़र परीवार व संपादक जी की तरफ से सभी देशवासीयों, विज्ञापन दाताओं, खबर दाताओं और पाठकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष: 16 अंक: 63 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. HAR/HIN/2011/43680 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2026/28 | पृष्ठ: 12 मूल्य: 1 रुपये

# भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था विश्व के लिए आशा की किरण: मोदी

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव के आज के दौर में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था विश्व के लिए आशा की किरण बन गई है इसकी तीव्र वृद्धि 'विकसित भारत' की मजबूत नींव है। प्रधानमंत्री ने बजट 2026-27 पर राष्ट्रीय वेबिनार की इस वर्ष की श्रृंखला की दूसरी कड़ी के उद्घाटन संबोधन में कहा कि इस बार के बजट में अर्थव्यवस्था के उन स्तंभों और क्षेत्रों को मजबूत करने के ठोस कदम उठाए गये हैं जो वैश्विक परिवर्तनों को देखते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय विनिर्माण के लिए मजबूत भागीदारों की तलाश में है और भारत ने हाल में विभिन्न देशों और समूहों से जो मुक्त व्यापार समझौते किये हैं उससे देश के उद्योग-व्यवसाय जगत के लिए अवसरों का एक बड़ा द्वार खुला है। उन्होंने कहा कि इसका फायदा उद्योग जगत को ही उठाना है और इसके लिए उसे अनुसंधान, बाजारों के अध्ययन और नवाचार पर समय तथा साधन खर्च करने होंगे।



उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योगों को अवसरों का पूरा लाभ उठाना है तो उन्हें गुणवत्ता को अपना महामंत्र बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य की प्रति के लिए सभी हितधारकों के बीच 'सामूहिक हिस्सेदारी' की आवश्यकता को रेखांकित किया। आर्थिक वृद्धि की निरंतरता बनाए रखने और रफ्तार तेज करने के विषय पर आयोजित इस वेबिनार में प्रधानमंत्री ने 'अधिक निर्माण करो, अधिक उत्पादन करो, अधिक संपर्क स्थापित करो और अधिक निर्यात करो' के मूल मंत्रों को दोहराया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा, निश्चित रूप से, आज आप लोगों के बीच होने वाली चर्चाएं और उनसे निकलने वाले सुझाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों के बीच तालमेल के संबंध में बोलते हुए यह स्पष्ट किया कि विनिर्माण, संचालन व्यवस्था, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और शहरी केंद्र अलग-अलग इकाइयां नहीं हैं बल्कि एक ही आर्थिक संरचना के परस्पर जुड़े हुए स्तंभ हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि किस प्रकार विनिर्माण निर्यात को बढ़ावा देता है जबकि प्रतिस्पर्धी एमएसएमई लचीलेपन और नवाचार को प्रोत्साहित करते हैं। मोदी ने कहा, इस वर्ष के बजट ने इन सभी स्तंभों को बहुत मजबूती प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि उद्योग, वित्तीय संस्थानों और राज्य सरकारों की सक्रिय भागीदारी के बिना केवल नीतिगत दिशा-निर्देशों से ही परिणाम प्राप्त नहीं होंगे। उन्होंने हितधारकों से विनिर्माण और उत्पादन बढ़ाने तथा लागत संरचना को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने पर चर्चा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, इन दिशाओं में आपके सुझाव विकास को देश के हर कोने तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र में प्रमुख क्षमताओं को मजबूत करने और मौजूदा बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया।

मोदी ने जोर देते हुए कहा, दुर्लभ खनिज तत्वों के लिए समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर और कंटेनर विनिर्माण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का उद्देश्य व्यापार के लिए अनुकूल परिवेश को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री ने बजट में घोषित बायोफार्मा शक्ति मिशन का भी उल्लेख किया जिसका उद्देश्य भारत को जैविक औषधियों और अगली पीढ़ी की उपचार प्रणालियों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा, हम उन्नत बायोफार्मा अनुसंधान और विनिर्माण में नेतृत्व की ओर बढ़ना चाहते हैं।

# 5,083 करोड़ रुपये के रक्षा सौदे

## तटरक्षक बल को हेलीकॉप्टर, नेवी को मिलेगी रूसी मिसाइल

**नई दिल्ली (वेब वार्ता)।**

वैश्विक स्तर पर समुद्री सुरक्षा के बड़ी चुनौती बनकर उभरने के बीच रक्षा मंत्रालय ने समुद्री सुरक्षा को चाक चौबंद करने के लिए कुल 5,083 करोड़ रुपये के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं जिनमें भारतीय तटरक्षक के लिए छह उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर ए एल एच मार्क-दो (समुद्री भूमिका) तथा नौसेना के लिए सतह से आकाश में मार करने वाली वर्टिकल प्रक्षेपण 'शिटल' मिसाइलों की खरीद शामिल है। एएलएच हेलिकॉप्टर की खरीद



सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से और शिटल मिसाइलों की खरीद रूस से की जायेगी।

इन अनुबंधों पर मंगलवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। एएलएच की खरीद के लिए 2901 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है जबकि मिसाइलों की खरीद के लिए 2,182 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है।

एएलएच के अनुबंध में भूमिका उपकरण, अभियांत्रिकी सहायता पैकेज तथा प्रदर्शन-आधारित लॉजिस्टिक सहयोग शामिल है और यह भारतीय (स्वदेशी , विकसित एवं निर्मित) श्रेणी के अंतर्गत संपन्न किया गया है।

DEV MEDICARE CHEMIST
Your Trusted Medical Store
SECTOR 7, FARIDABAD
Allopaathic & Ayurvedic Medicine
BP & sugar Mechines, Thermometers, Oximeters
DISCOUNT ON VARIOUS MEDICINES
Surgical Items, Baby Products, Health Supplements
Wide Range of Cosmetics
ORDER NOW - 9650518651 (Call/Whatsapp)
Hours: 8 AM to 10 PM
100% Genuine Medicines
Experienced Staff

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹1,27,200/-
76% Gold Rate ₹1,05,900/-
Making Charges 8%
100% BUY BACK + EXCHANGE
MONDAY CLOSED
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt, FBD
0129-3668332, 9990032657
Required soon sales Girls payment as per experience



# यह बजट हरियाणा की जनता का बजट है : कैबिनेट मंत्री

## जन भागीदारी से तैयार विकास का दस्तावेज और फरीदाबाद को ग्लोबल सिटी बनाने की ऐतिहासिक पहल

**भेदी नज़र, फरीदाबाद।**




कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने आज मंगलवार को बजट पर प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट केवल आय-व्यय का विवरण नहीं है बल्कि यह जनता के विश्वास और भविष्य की मजबूत नींव का दस्तावेज है।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि यह बजट हर वर्ग की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसमें प्रदेशवासियों के हजारों सुझाव शामिल किए गए हैं। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, प्रदेश प्रवक्ता संदीप हिन्दुस्तानी, जिला बजट समिति के जिला संयोजक मूलचन्द मित्तल, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, जिला प्रवक्ता आभाष अग्रवाल, जिला महामंत्री शोभित अरोड़ा, चौधरी प्रवीण गर्ग आदि उपस्थित रहे।

गोयल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत यह बजट जनभागीदारी की भावना को सशक्त करता है। यह किसी पर थोपे गए निर्णयों का बजट नहीं बल्कि जनता की सहभागिता से निर्मित विकास का रोडमैप है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने 93 किलोमीटर लंबे दिल्लीझपानीपत आरआरटीएस कॉरिडोर, जिसकी लागत 32,327 करोड़ है, को स्वीकृति दी है। इसके साथ ही 64 किलोमीटर लंबे दिल्लीझफरीदाबादझनोएडाझजेवर एयरपोर्ट आरआरटीएस कॉरिडोर, जिसकी लागत 3,573 करोड़ है, को भी मंजूरी दी गई है। इन दोनों परियोजनाओं से प्रदेश में तेज, सुरक्षित और आधुनिक क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क को मजबूती मिलेगी। विशेष रूप से फरीदाबाद को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रमुख आर्थिक केंद्रों और जेवर एयरपोर्ट से बेहतर और उच्च गति की कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।

क्योंकि फरीदाबाद को रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर, फ्लाईओवर, गुरुग्राम-फरीदाबाद ट्रांजिट लिंक का लाभ मिलेगा। उसके साथ ही पूरे फरीदाबाद शहर में पूरी 100 किलोमीटर की सड़क को सशक्त करके स्मार्ट अपग्रेड दिया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि वर्ष 2026-27 का कुल बजट आकार दो लाख तेईस हजार छह सौ अट्ठावन करोड़ रुपये से अधिक है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दस प्रतिशत अधिक है। पिछले दस वर्षों में हरियाणा की अर्थव्यवस्था तीन गुना हुई है और प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखते हुए विकास कार्यों पर संतुलित व्यय किया गया है, जो प्रदेश की मजबूत वित्तीय स्थिति को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## पत्नी ने परिवार संग किया ऐसा हाल सड़क पर आया पति

**भेदी नज़र, फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद स्थित पल्ला थाना इलाके के शिव एंक्लेव पार्ट-1 में पत्नी की गोली मारकर हत्या के आरोप में आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार 2 मार्च को आरोपी दिलीप यादव को मेवला महाराजपुर रेलवे ब्रिज के पास से अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने काबू किया। आरोपी बिहार के छपरा का मूल निवासी है और यहां शिव एंक्लेव पार्ट-2 में रहता है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसने संगीता के साथ वर्ष 2011 में प्रेम विवाह किया था। आरोपी ने शिव एन्क्लेव पार्ट-1 में एक 80 गज का प्लॉट अपनी पत्नी के नाम पर लिया था। उसकी पत्नी ने अपने परिवार के साथ मिलकर मकान पर कब्जा कर लिया था और दिलीप को बाहर निकाल दिया था। इसी की रंजिश रखते हुए दिलीप ने 20 फरवरी को अपनी पत्नी पर तीन गोली चलाई और हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को 6 दिन के रिमांड पर लेकर टीम पूछताछ कर रही है। पल्ला थाना इलाके में ये वारदात 20 फरवरी को हुई थी। मामले में शिव एंक्लेव पार्ट-2 के रहने वाले विक्रम सिंह ने शिकायत दी थी।

# शहर की गंदगी साफ करने वाले सफाई कर्मियों के चरण पखारकर पार्षद जसवंत पवार सैनी ने दिया सम्मान

## सफाई कर्मियों के पैर धोकर पार्षद जसवंत पवार सैनी ने किया सम्मानित




**भेदी नज़र, फरीदाबाद**

फरीदाबाद नगर निगम के पार्षद जसवंत पवार सैनी द्वारा होली के पावन अवसर पर अपने क्षेत्र के सभी सफाई कर्मियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन उनके कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त सफाई साथियों को आमंत्रित कर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में पार्षद जसवंत पवार सैनी ने देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए सफाई कर्मियों के प्रति आभार एवं सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता कर्मियों के चरण पखारकर समाज को स्वच्छता सैनिकों के सम्मान का संदेश दिया, उसी भावना से प्रेरित होकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन एवं हरियाणा सरकार में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के नेतृत्व में सफाई कर्मियों के कल्याण हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। नगर निगम के सफाई कर्मचारी शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह उनके सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा करे। इस अवसर पर पार्षद ने सभी सफाई कर्मियों को सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान की तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वच्छता कर्मियों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं कृतज्ञता की भावना को सुदृढ़ करना रहा।



## होली पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीकः ब्रह्म दत्त

**सुनील कुमार जांगड़ा, भेदी नजर, रेवाड़ी/फरीदाबाद।** होली के पावन पर्व पर देशवासियों को बधाई देते हुए ब्रह्म दत्त,संयुक्त सचिव, (सेवानिवृत) लोक सभा सचिवालय भारतीय संसद,ने रेवाड़ी में बैठक दौरान कहा कि मुख्य रूप से होली पर रसायनिक रंगों से बचना चाहिए और भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहें। रंगों को जबरदस्ती किसी को न लगाएं और न ही आंखों/कानों के पास रसायनिक रंग आने दें मुख्य रूप से रंगों से बच्चों को दूर रखें।



अगली कड़ी में ब्रह्म दत्त,संयुक्त सचिव, (सेवानिवृत) लोक सभा सचिवालय भारतीय संसद ने सभी देशवासियों को रंगों के पावन पर्व होली और होलिका दहन की बधाई एवं शुभकामनाएँ के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने कहा कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई,अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। कामना करते कहा कि यह पावन पर्व आपके जीवन में सुखशांतिसमृद्धि और आपसी प्रेम के नए रंग भर कर लाएं। यह त्योहार सामाजिक समरसता भाई चारे और आनंद का संचार करें। होली के रंग आपके जीवन को नई ऊजार्ताजगी और उल्लास से भर दें। सभी देशवासी सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से होली मनाएं और खुशियाँ बिखेरें।

## सरकारी व निजी संस्थानों में चलेंगी खेल नर्सरियां, आवेदन 7 मार्च तक

**भेदी नज़र, फरीदाबाद।** खेल विभाग, हरियाणा द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सत्र 2026-27 के लिए सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों तथा निजी शिक्षण संस्थानों में खेल नर्सरियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फरीदाबाद के कार्यकारी जिला खेल अधिकारी निरेश यादव ने बताया कि जिला फरीदाबाद में कनोइंग, रोइंग, साइक्लिंग, लॉन टेनिस, तैराकी तथा वूशू खेलों की खेल नर्सरी संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक शिक्षण संस्थान/खेल संस्थान खेल नर्सरी संचालन हेतु अपना आवेदन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।

# एडवोकेट एलएन पाराशर ने मुफ्त में राशन सफाई कर्मचारी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बांटा राशन

**बिजेंद्र फौजदार, भेदी नज़र**



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लॉयर्स चैंबर नंबर 382 में लगातार आयोजनों की झड़ी लगी रहती है और एडवोकेट पाराशर कई वर्षों से लगातार हर महीने मुफ्त में राशन भी वितरण कर रहे हैं,किसी कड़ी में आज होली पर्व पर बार के पूर्व प्रधान एडवोकेट पराशर ने फिर से राशन वितरण किया। आपको भली भांति ज्ञात होगा कि एडवोकेट पाराशर बार कर्मचारियों के मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी एवं साइकिल वितरण से लेकर हर संभव मदद समय-समय पर करते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि होली हमारे भारतवर्ष का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है और इसमें मिलजुल कर खुशी से त्योहार मनाना चाहिए कोर्ट परिसर में काम करने वाले कर्मचारीयों को होली की शुभकामनाएं दी, वह हर महीने इसी तरीके से 5 किलो आटा 5 किलो चावल चीनी सरसों का तेल 5 तरह की दालें चाय की पत्ती एवं नमक वितरण करते हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें यह सब करने से मन की शांति मिलती है और इसी बहाने हमारे बार के कर्मचारियों एवं लायर्स चैंबर बिल्डिंग के सफाई कर्मचारी व यहां की दुकानों पर काम करने वाले बुजुर्ग व कमजोर लोगों को मदद भी मिल जाती है। हर महीने इसी तरीके से राशन प्राप्त करने वाले सभी लोग एडवोकेट एलएन पाराशर को दुआएं देते नजर आए, और दिल से पूरी एसोसिएट को होली की शुभकामनाएं दी।

## राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर फरीदाबाद में पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूचियां जारी : डीसी

**भेदी नज़र, फरीदाबाद।**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दिनांक 18 फरवरी 2026 के अनुपालन में जिला फरीदाबाद के विभिन्न विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूचियों का प्रकाशन 02 मार्च 2026 को कर दिया गया है।

एसडीएम बड़खल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), फरीदाबाद त्रिलोक चंद द्वारा खण्ड फरीदाबाद की ग्राम पंचायत भसकौला, एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार द्वारा खण्ड तिगांव की ग्राम पंचायत साहुपुरा खादर एवं फत्तुपुरा तथा एसडीएम बल्लबगढ़ मयंक भारद्वाज द्वारा खण्ड बल्लबगढ़ की ग्राम पंचायत डीग, फतेहपुर बिल्लौच एवं जखोपुर की मतदाता सूचियों के प्रारूप जारी किए गए हैं। उक्त सूचियां 12 सितम्बर 2024 को प्रकाशित विधानसभा निर्वाचक नामावली तथा उसके पश्चात किए गए अद्यतन संशोधनों के आधार पर तैयार की गई हैं। संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयों में ये सूचियाँ निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी।

उन्होंने बताया कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 8(4) के प्रावधानों के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन करने या हटाने के संबंध में कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वह 09 मार्च 2026 को सायं 3:00 बजे तक संबंधित प्राधिकृत अधिकारी अथवा खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में लिखित आवेदन दे सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

## हरियाणा बजट आम जनता के साथ अन्याय : रविंद्र फौजदार



**बिजेंद्र फौजदार, भेदी नजर, फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला अध्यक्ष रविंद्र फौजदार ने कहा कि यह बजट फरीदाबाद और पलवल की जनता के साथ सीधा अन्याय है। वर्षों से लंबित ट्रॉमा सेंटर की मांग को फिर नजरअंदाज किया गया, जिससे गंभीर मरीजों को अब भी दिल्ली या रोहतक ले जाना मजबूरी बना रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने इन जिलों के युवाओं को निराश किया है। नई सरकारी यूनिवर्सिटी की घोषणा न होना दशार्ता है कि क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को प्राथमिकता नहीं दी जा रही। सबसे चिंताजनक बात यह है कि महंगाई से परेशान गरीब और मध्यम वर्ग को कोई राहत नहीं दी गई। हाउस टैक्स, डेवलपमेंट चार्ज और अन्य शुल्कों के रूप में जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। पुराने दरों पर ब्याज वसूली और बढ़ते चार्ज के मुद्दे पर सरकार की चुप्पी आम नागरिक के हितों की अनदेखी है। यह बजट बड़े प्रोजेक्ट्स और दिखावटी घोषणाओं तक सीमित प्रतीत होता है, जबकि आम आदमी की बुनियादी जरूरतें—स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक राहत—अब भी उपेक्षित हैं। रविंद्र फौजदार ने कहा कि आम आदमी पार्टी फरीदाबाद और पलवल की जनता के हक की आवाज उठाती रहेगी और इन मुद्दों को मजबूती से सरकार के सामने रखेगी।

# पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाला आरोपित पति गिरफ्तार

**फरीदाबाद, (वेब वार्ता)।**

करीब दस दिन पूर्व पल्ला के शिव एंक्लेव पार्ट-1 में पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को अपराध शाखा डीएलएफ पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार विक्रम सिंह निवासी शिव एन्क्लेव पार्ट-2 ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 वर्ष पहले उसकी बेटी संगीता (32) ने दिलीप यादव के साथ लव मैरिज की थी। शादी के बाद पति पत्नी का आपस में पारिवारिक विवाद हो गया। आरोपित शिकायतकर्ता की बेटी के साथ मारपीट करता था, जिस पर उन्होंने दिलीप यादव के खिलाफ साकेत कोर्ट, दिल्ली में तलाक व मारपीट का दावा डाला हुआ था और उसकी बेटी दिलीप से अलग रह रही थी। इसी की रंजिश के चलते आरोपित ने 20 फरवरी को उसकी बेटी की गोली मार कर हत्या कर दी।



शिकायत पर थाना पल्ला में हत्या से संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया और मामले की जांच का जिम्मा अपराध शाखा डीएलएफ पुलिस को दिया। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अपने गुप्त सूत्रों की सूचना पर दिलीप यादव निवासी शिव एन्कलैव पार्ट-2 फरीदाबाद को मेवला महाराजपुर रेलवे ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित दिलीप ने संगीता के साथ वर्ष 2011 में लव मैरीज की थी।

वर्ष 2022 से आरोपी का उसकी पत्नी के साथ विवाद हो गया था। जिस संबंध में तलाक व खर्चे का मामला दिल्ली कोर्ट में चला हुआ था। आरोपित ने शिव एन्क्लेव पार्ट-1 में एक 80 गज का प्लाट अपनी पत्नी के नाम पर लिया था। उसकी पत्नी ने अपने परिवार के साथ मिलकर प्लाट पर अपना कब्जा कर लिया था और आरोपित को बाहर निकाल दिया था। इसी की रंजिश रखते हुए उसने अपनी पत्नी पर तीन रॉउड फायर किये, जिससे उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई।

# निर्माण के एक साल बाद ही उखड़ने लगी सड़क



**भेदी नजर, फरीदाबाद।**

गहलब को जाने वाली रोड निर्माण के एक वर्ष बाद ही जर्जर हो गई है। वाहन चालकों का आरोप है कि घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग होने से सड़क पूरी तरह टूट गई है और गड्ढे बन गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने सड़क की मरम्मत के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी के माध्यम से पैच वर्क शुरू कराया। इस कार्य में तारकोल का उचित मात्रा में प्रयोग नहीं किया गया। जिससे रोड़ी सतह पर ही जमा हो गईं। जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस बारे में समाजसेवी गजराज सिंह आर्य ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि संबंधित सड़क के निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की जाए।

## अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर पर मिलेगा 3 लाख रुपए तक अनुदान

**भेदी नजर, फरीदाबाद।** उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा ने बताया है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2025-2026 के दौरान एसबी 89 स्कीम के अंतर्गत खेती की जमीन के मालिकाना हक वाले अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर पर 3 लाख रुपए तक का अनुदान देने के लिए विभागीय पोर्टल पर 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। उन्होंने बताया कि विभागीय पोर्टल पर कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए थे तथा निदेशालय से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार लाभार्थियों का चयन विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन ड्रा ऑफ लॉट्स के माध्यम से शुक्रवार 20 फरवरी 2026 दोपहर 01:00 बजे लघु सचिवालय के सभागार में जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिखा कि अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति एवं किसानों के समक्ष संपन्न किया गया।

## आवासीय, व्यवसायिक, संस्थागत संपत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी करेगा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण

**मोहरपाल सिंह, भेदी नज़र, फरीदाबाद।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा 18 से 21 मार्च, 2026 तक आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत संपत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी की जाएगी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्राधिकरण द्वारा सभी जोनस की आवासीय व व्यावसायिक साईट्स ( प्रेफरेंशियल), नर्सिंग होम साईट्स, क्लिनिक साईट्स व सभी स्कूल साईट्स के लिए 18 मार्च को नीलामी की जाएगी। इसी प्रकार, गुरुग्राम और रोहतक जोन के आवासीय व व्यावसायिक साईट्स (सामान्य) के लिए 19 मार्च को नीलामी की जाएगी। जिला *फरीदाबाद*, हिसार और पंचकूला जोन के आवासीय व व्यावसायिक साईट्स (सामान्य) हेतु 20 मार्च, 2026 को नीलामी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी जोनस की प्रमुख स्थलों (मेजर साईट्स ) जैसे कि व्यावसायिक, होटल, अस्पताल, संस्थागत तथा बहु-मंजिला इमारत स्थलों के लिए ई-नीलामी 21 मार्च, 2026 को की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि ई-नीलामी नीति 19 सितम्बर, 2025 की धारा संख्या-4 में संशोधन के अनुसार, मेजर साईट्स के लिए अब सिर्फ न्यूनतम तीन ईएमडी अनिवार्य होंगी, जिसकी नीलामी 21 मार्च, 2026 की जाएगी। उन्होंने बताया कि ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी। स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी की नियम और शर्तें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आने वाली ई-नीलामी की अधिक जानकारी प्राधिकरण की वैबसाइट तथा हेल्पलाइन नंबर 1800-180-3030 पर प्राप्त की जा सकती है।

# हरियाणा के उज्जवल भविष्य का बजट : राजेश नागर

**सुनील कुमार जांगड़ा, भेदी नजर**




**फरीदाबाद।** मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर वित्त मंत्री हरियाणा के उज्जवल भविष्य का बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री ने गरीब, किसान, युवाओं और महिलाओं को सशक्त करने पर फोकस रखा है। राज्य मंत्री राजेश नागर मंगलवार को रेस्ट हाउस भवन, बल्लभगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह, वरिष्ठ नेता टिप्पर चंद शर्मा, चेयरमैन विजय लोहिया, जिला महामंत्री कविंदर चौधरी, जिला महामंत्री अनुराग गर्ग एवं मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

खाद्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि नायब सैनी सरकार ने फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और पलवल क्षेत्र के लिए अनकों विकास योजनाएं शुरू की हैं, जिन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा तथा कई नई योजनाओं को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं में मेट्रो विस्तार, अस्पतालों का निर्माण एवं बेड क्षमता बढ़ाना, शिक्षा का विस्तार और बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है और सभी के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हरियाण की मुख्यमंत्री ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का दायरा बढ़ाने की भी घोषणा की है। अब एक लाख 80 तक की आय वाले परिवारों की महिलाओं को लाड़ो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 3 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का भी लक्ष्य रखा है।

नागर ने कहा कि सरकार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए ह्लपिंक कैबह्ल योजना शुरू करेगी। इसमें महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद हेतु 10 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। किसानों को सशक्त करने के लिए भी मुख्यमंत्री ने दर्जनभर घोषणाएं की हैं जिनका लाभ सीधा किसानों को मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने कहा कि यह बजट हरियाणा को विकास की नई दिशा देगा, जबकि मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक ने इसे जनहित एवं प्रदेश के समग्र विकास को समर्पित बताया।


बजट में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, युवाओं के लिए रोजगार, किसानों के कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जो विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर हरियाणा के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## अपहरण कर जबरन वसूली करने के मामले में एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद, (वेब वार्ता)।**

अपहरण कर जबरन वसूली करने के मामले में अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सन्नी के रूप में हुई है। इससे पूर्व इस मामले में पुलिस दो आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि भूपानी निवासी अजय ने थाना भूपानी में शिकायत दी थी कि 18 अगस्त को वह काम से घर लौट रहा था। जब वह भूपानी मोड़ नाला बाईपास के पास पहुंचा तो एक कार ने उसकी स्कूटी के आगे गाड़ी लगाकर रोक लिया।

गाड़ी से 2-3 युवक उतरे और स्वयं को पुलिस स्टाफ बताकर सरिया चोरी का झूठा आरोप लगाते हुए उसे जबरन गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद वो शिकायतकर्ता को इधर-उधर घुमाते हुए मारपीट करते रहे और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपये की मांग की। उन्होंने उसे घर पर फोन कर पैसे मंगवाने को कहा। फिर उसने अपने भाई गुरमीत के पास फोन कर पैसे लेकर आने की बात कही और गुरमीत 50 हजार रुपये लेकर बताई गई जगह पर पहुंचा।



आरोपियों ने रुपये लेकर उसे वहां से जाने को कहा तथा पीड़ित की अंगूठी व लोकेट भी छीन लिया और किसी को घटना के बारे में न बताने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर थाना भूपानी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि सन्नी पूर्व में गिरफ्तार अर्जुन का भाई है। अर्जुन और दीपक ने मिलकर वारदात की योजना बनाई थी और सन्नी को भी इसमें शामिल किया था। तीनों ने मिलकर शिकायतकर्ता का अपहरण किया और गाडी में बैठाकर घुमाते रहे। शिकायतकर्ता को झुठे केस में फसाने की धमकी देकर डराया और केस से बचने के लिए घर फोन करके 2 लाख रुपए मंगवाने को कहा।

## संपादकीय

# दुनिया को युद्ध नहीं , बल्कि संवाद की अधिक जरूरत

दुनिया को युद्ध नहीं , बल्कि संवाद और स्थिरता की राह तलाशनी होगी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब केवल राजनीति और सुरक्षा तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था और कमोडिटी बाजारों पर भी पड़ रहा है।

हाल के दिनों में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते टकराव ने निवेशकों में अनिश्चितता और डर का माहौल पैदा कर दिया है। इसका सबसे बड़ा फायदा पारंपरिक सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोना और चांदी को मिल रहा है, जिनकी कीमतें तेजी से ऊपर जा रही हैं। दरअसल, जब भी दुनिया में युद्ध या बड़े भू-राजनीतिक संकट की स्थिति बनती है, तो निवेशक शेयर बाजार या जोखिम भरे निवेश से पैसा निकालकर सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख करते हैं।

सोना और चांदी को सदियों से सेफहेवन यानी सुरक्षित निवेश माना जाता रहा है। यही कारण है कि पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंका बढ़ते ही इन धातुओं की मांग में अचानक उछाल देखने को मिला है। वि शेषज्ञों का मानना है कि अगर ईरान-इजरायल संघर्ष लंबा खिंचता है या इसमें अन्य शक्तियां भी शामिल हो जा ती हैं, तो वैश्वि क बाजारों में अस्थिरता और बढ़ सकती है। इसका असर तेल की कीमतों के साथ-साथ सोना और चांदी पर भी पड़ेगा।

पश्चिम एशिया दुनिया के ऊर्जा आपूर्ति तंत्र का अहम केंद्र है, इसलिए यहां किसी भी तरह का युद्ध वैश्विक आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है। भारत जैसे देशों में इस स्थिति का असर और अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। यहां सोना केवल निवेश का साधन ही नहीं बल्कि सामाजिक और सां स्कृति क परंपरा ओं का भी हिस्सा है। की मतों में लगातार बढ़ोतरी का सीधा असर आम उपभोक्ताओं और सर्राफा बाजार पर पड़ता है। शादी -ब्याह के मौसम में सोने की ऊंची कीमतें लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती हैं। यह स्थिति एक बार फिर इस सच्चाई को उजागर करती है कि वैश्विक राजनीति और युद्ध का असर केवल सी माओं तक सीमित नहीं रहता।

उसका प्रभाव दुनिया की अर्थव्यवस्था , बाजार और आम लोगों की जिंदगी तक पहुंचता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह जरूरी है कि वह तना व कम करने और कूटनीतिक समाधान की दिशा में गंभीर प्रयास करे। स्पष्ट है कि अगर पश्चि म एशि या में शांति स्थापित नहीं होती, तो सोना और चांदी की की मतों का यह उछा ल आने वा ले समय में और तेज हो सकता है। ऐसे में दुनि या को युद्ध नहीं , बल्कि संवाद और स्थिरता की राह तलाशनी होगी।

# भारतीय ज्ञान परम्परा में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान

**(संजय गोस्वामी)**

वैदिक काल (लगभग 1700-900 ई.पू.) से भारत में शिक्षा की शुरूआत मान सकते हैं। ह्यवैदिक शिक्षाह्न शब्द का प्रयोग इस अवधि में प्रयुक्त शिक्षण पद्धति के अर्थ में किया जाता है। एक व्यापक अर्थ में इस शब्द का प्रयोग उस शिक्षा पद्धति के लिए किया जाता है जो पूर्व वैदिक काल में प्रारंभ हुई और लगभग 550 ई. (गुप्त साम्राज्य के पतन तक) विकसित होती रही। इसे 'ब्राह्मण शिक्षा-पद्धति', 'शिक्षा की हिंदू प्रणाली' और शिक्षा की 'गुरुकुल प्रणाली' भी कहा जाता है। भारतवर्ष मैं रहने वाली सर्वप्रथम जाति आर्य थी और वैदिक संस्कृति आर्यों की अपनी संस्कृति थी` वैदिक-संस्कृति सत्य, सनातन है और वेद को अनादि अथवा ईश्वरीय माना गया है, क्योंकि मनुष्य और उसकी सभ्यता के बारे में सबसे प्राचीन इतिहास भी इसी संस्कृति की देन है` जिसमें ऋषियों द्वारा मानव समाज को ब्यवस्थित तरीके से चलाने के लिये मर्यादित आचरण की ब्यवस्था दी गयी। वैदिक शिक्षा-प्रणाली की खास विशेषता थी गुरुकुल [ शाब्दिक अर्थ शिक्षक का घर ] की प्रणाली। छात्रों को शिक्षा के पूरे काल के लिए शिक्षक और उनके परिवार के साथ रहना आवश्यक था। कुछ गुरुकुल एकांत वन-क्षेत्रों में होते थे, लेकिन सिद्धांत एक ही था विद्यार्थियों को गुरु (शिक्षक) / गुरु और उनके परिवार के साथ रहना होता था। यह प्रणाली लगभग 2500 वर्षों तक यथावत चलती रही। पाठशालाओं तथा शिक्षण संस्थाओं का विकास बहुत बाद में हुआ

शिक्षा के उद्देश्य का पहला उल्लेख ऋग्वेद के 10 वें मंडल में पाया जाता है। इस मंडल के एक सूक्त में कहा गया है कि विद्या का उद्देश्य वेदों तथा कर्मकांड के ज्ञान के अतिरिक्त समाज में सम्मान प्राप्त करना, सभा-समिति में बोलने में सक्षम होना, उचित-अनुचित का बोध आदि है। इससे प्रतीत होता है की पूर्व वैदिक युग में शिक्षा के उद्देश्य व्यावहारिक थे। बाद में, उपनिषद काल में, ज्ञान का उद्देश्य अधिक सूक्ष्म हो गया। विद्या को दो भागों में बांटा गया झ परा विद्या और अपरा विद्या। अपरा विद्या में प्रायः समस्त पुस्तकीय तथा व्यावहारिक ज्ञान आ गया। केवल ब्रह्म विद्या को परा विद्या माना गया। परा विद्या श्रेष्ठ मानी गई क्योंकि उससे मोक्ष प्राप्त होता है। मोक्ष शिक्षा का अंतिम उद्देश्य हो गया। लेकिन यह लक्ष्य आदर्श ही रहा होगा, न की व्यावहारिक, क्योंकि मोक्ष सभी के लिए साध्य नहीं हो सकता। इतिहासकार ए.एस.अल्तेकर ने वैदिक शिक्षा के व्यावहारिक उद्देश्य बताये हैं जो निम्नलिखित हैं।

1) चरित्र निमार्णः

सत्यवादिता , संयम , व्यक्तिगत शील , सफाई , शांत स्वभाव और उदारता आदि अच्हे चरित्र के गुण किसी भी पेशे झ पुरोहित , शिक्षक , चिकित्सक , राजसेवक, व्यापारी या सैनिक - के लिए बुनियादी आवश्यकता के रूप में प्राचीन ग्रंथों में निर्धारित किये गए हैं। शिक्षा का



उद्देश्य इन गुणों का विकास करना था। मनुस्मृति में कहा गया है कि निर्मल चरित्र का ब्राह्मण सभी वेदों का ज्ञान रखने वाले दुश्चरित्र ब्राह्मण से अच्छा होता है। शिक्षा आरम्भ करने के पूर्व उपनयन संस्कार होता था जिसमें भावी विद्यार्थी को नैतिक आचरण के नियमों का पालन करने का उपदेश दिया जाता था। इसी तरह शिक्षा के समापन पर भी गुरु उपदेश देता था।

उदाहरण के लिए तैत्तिरीय उपनिषद से दीक्षांत भाषण एक अंश उद्धृत है :

सच बोलो, धर्म का आचरण करो, वेदों का प्रतिदिन अभ्यास करो, माता पिता को देवतुल्य समझो, गुरु को देवतुल्य समझो। अतिथि को देवतुल्य समझो।

2) व्यक्तित्व का विकासः

प्रत्येक शिक्षार्थी को आत्मनिर्भरता , आत्म - संयम और जीवन में वर्ण और आश्रम के अनुरूप आचरण करने का कौशल सिखाया जाता था। विद्यार्थी भिक्षा मांगकर और शारीरिक श्रम करके अपना और गुरु के परिवार का भरण-पोषण करते थे। इससे आत्म-निर्भरता उत्पन्न होती थी। संयम विद्यार्थी-जीवन ही नहीं समस्त जीवन का अनिवार्य अंग था और शिक्षा जीवन में इस पर बहुत बल दिया जाता था। अपने वर्ण से सम्बंधित कार्य कुशल ढंग से कर पाने की सामर्थ्य शिक्षा द्वारा दी जाती थी। साथ ही यह भी सिखाया जाता था कि विभिन्न आश्रमों [गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास] में किस तरह आचरण करना होगा। अथर्ववेद के ब्रह्मचर्य सूक्त में कहा गया है की गुरु, शिक्षार्थी को दुबारा जन्म देता है, अर्थात उसका मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक कायाकल्प कर देता है।

3) कार्य-क्षमता और नागरिक जिम्मेदारी का विकासः

शिक्षा को गृहस्थ जीवन की भूमिका माना जाता था। गृहस्थ के अतिरिक्त सभी अन्य आश्रमों वाले व्यक्ति अपनी भौतिक आवश्यकताओं के लिए गृहस्थ पर निर्भर होते थे। इस तरह गृहस्थ न केवल अपने परिवार बल्कि अन्य वर्णों का भी पालन करता था। गुरु शिक्षार्थी को समाज में अपनी यह भूमिका निभाने में सक्षम बनाता था। इसके अतिरिक्त समाज को चलाने के लिए आवश्यक राजसेवक, न्यायाधीश, व्यापारी, पुरोहित तथा अन्य कुशल व्यक्ति गुरुकुलों द्वारा ही तैयार किये जाते थे।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# कहने में कम, करने में आगे: रणबीर सिंह गंगवा

**जो गांव से चला, गांव के लिए जिया — जनता का नेता, जमीन से जुड़ा व्यक्तित्व, गांव, किसान और गरीब की सच्ची आवाज रणबीर सिंह गंगवा हरियाणा की राजनीति में एक ऐसे नेता हैं, जिनकी पहचान शोर से नहीं, काम से बनी है। गांव की मिट्टी से उठकर उन्होंने जनसेवा को अपना मूल मंत्र बनाया। जिला परिषद से लेकर कैबिनेट मंत्री तक का उनका सफर निरंतर संघर्ष, संगठनात्मक निष्ठा और जनविश्वास की कहानी है। लोक निर्माण विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री के रूप में उनका फोकस साफ है—बेहतर सड़कें, स्वच्छ पेयजल और पारदर्शी व्यवस्था। वे मानते हैं कि मजबूत गांव ही मजबूत हरियाणा की नींव हैं। इसी सोच के साथ वे सड़कों के विस्तार, जलापूर्ति और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दे रहे हैं। सादगी, स्वच्छ छवि और जमीनी जुड़ाव उनकी सबसे बड़ी ताकत है। पिछड़े वर्गों, किसानों और गरीबों की आवाज बनकर रणबीर गंगवा ने साबित किया है कि राजनीति अगर ईमानदारी और सेवा भाव से की जाए, तो बदलाव जमीनी स्तर पर दिखता है।**


**(डॉ. प्रियंका सौरभ)**

रणबीर सिंह गंगवा हरियाणा की राजनीति में उन चुनिंदा नेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने ग्रामीण पृष्ठभूमि से उठकर निरंतर संघर्ष, संगठनात्मक निष्ठा और जनसेवा के बल पर कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय किया। वे आज हरियाणा सरकार में लोक निर्माण विभाग तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री हैं और नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका जीवन पिछड़े वर्गों, किसानों और ग्रामीण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

रणबीर सिंह गंगवा का जन्म 4 मार्च 1964 को हरियाणा के हिसार जिले के गंगवा गांव में कुम्हार (प्रजापति) परिवार में हुआ। उनके पिता राजाराम और माता केसर देवी साधारण ग्रामीण जीवन से जुड़े थे। सीमित संसाधनों के बीच पले-बढ़े गंगवा ने उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की और प्रारंभ से ही सामाजिक कार्यों में रुचि दिखाई। ग्रामीण परिवेश में रहते हुए उन्होंने किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों की समस्याओं को नजदीक से समझा, जिसने आगे चलकर उनकी राजनीति की दिशा तय की।

उनका पहला औपचारिक चुनाव जिला परिषद का था। वर्ष 2000 में उन्होंने हिसार जिला परिषद का चुनाव लड़ा, जहां उन्हें प्रारंभिक पराजय का सामना करना पड़ा। लेकिन इस हार ने उन्हें और मजबूत बनाया। 2005 में वे दोबारा चुनाव जीतकर जिला परिषद सदस्य बने और बाद में उपाध्यक्ष पद तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण सड़कों, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। यही कालखंड उनके राजनीतिक जीवन की मजबूत नींव बना।

2009 में उन्होंने नलवा विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में उन्हें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संपत सिंह से हार का सामना करना पड़ा, किंतु उनका राजनीतिक प्रभाव बना रहा। 2010 में उन्हें इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से राज्यसभा भेजा गया। राज्यसभा सदस्य के रूप




में उन्होंने हरियाणा के ग्रामीण और पिछड़े वर्गों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया और अपनी सक्रियता से पहचान बनाई।

2014 में वे नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। इस चुनाव में उन्होंने संपत सिंह और पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन जैसे दिग्गज नेताओं को पराजित किया। विधायक के रूप में उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखा।

2019 में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा और नलवा से पुनः जीत दर्ज की। विधानसभा में उन्हें उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) की जिम्मेदारी सौंपी गई, जहां उन्होंने सदन की कार्यवाही को सुचारू और मर्यादित ढंग से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें बरवाला विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया। यह राजनीतिक रूप से एक नई चुनौती थी, लेकिन रणबीर गंगवा ने इसे अवसर में बदल दिया। उन्होंने बरवाला से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर पहली बार वहां भाजपा को विजय दिलाई। इसी जीत के बाद उन्हें नायब सैनी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया गया। लगभग 34 वर्षों के राजनीतिक संघर्ष का यह महत्वपूर्ण पड़ाव था।

कैबिनेट मंत्री बनने के बाद रणबीर गंगवा को लोक निर्माण विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य विभाग को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। हरियाणा में लगभग 30,664 किलोमीटर लंबी सड़कों का नेटवर्क पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आता है। वर्ष 2025-26 के लिए 6,500 किलोमीटर सड़कों की नई कार्पेटिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गुणवत्ता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निगरानी प्रणाली लागू की गई है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत उनका फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, पाइपलाइन विस्तार और जल संरक्षण योजनाओं पर है। हरियाणा स्वर्ण जयंती महाग्राम योजना के माध्यम से गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। उनका मानना है कि मजबूत गांव ही मजबूत हरियाणा की नींव हैं।

रणबीर गंगवा को पिछड़े वर्गों का सशक्त प्रतिनिधि माना जाता है। प्रजापति समाज में उनकी विशेष पकड़ है और वे ओबीसी समुदाय की आवाज उठाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी सादगी और सहजता उन्हें आम जनता के बीच लोकप्रिय बनाती है।

उनकी राजनीति की एक बड़ी विशेषता उनकी स्वच्छ छवि है। 34 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। उनकी घोषित संपत्ति और देनदारियां चुनावी हलफनामों में पारदर्शी रूप से दर्ज हैं, जो उनकी ईमानदारी और जवाबदेही को दर्शाती हैं।

रणबीर सिंह गंगवा का जीवन यह संदेश देता है कि निरंतर परिश्रम, जमीनी जुड़ाव और जनसेवा के प्रति समर्पण से व्यक्ति ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। जिला परिषद से लेकर कैबिनेट मंत्री तक का उनका सफर संघर्ष और दृढ़ इच्छाशक्ति की प्रेरक कहानी है। आज वे हरियाणा की राजनीति में एक सक्रिय, जमीनी और विकासोन्मुखी नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं और उनके नेतृत्व में प्रदेश का बुनियादी ढांचा नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

यह लेखिका के निजी विचार हैं।

# सुरक्षित भारत की दिशा में हो गंभीर आत्ममंथन

**(सुरेश सिंह बैस शाश्वत)**

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि देश की कार्यसंस्कृति और नागरिक जिम्मेदारी की परीक्षा है। इसकी स्थापना 1972 में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा की गई थी। उद्देश्य स्पष्ट था, औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी लाना, कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना और नागरिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना। परंतु पाँच दशकों से अधिक समय बाद भी प्रश्न यह है,क्या हमने सुरक्षा को संस्कृति का हिस्सा बनाया है, या यह अब भी केवल एक सप्ताह का अभियान भर है?

भारत विश्व की तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। निर्माण, खनन, ऊर्जा, परिवहन और अवसंरचना क्षेत्रों में व्यापक विस्तार हुआ है। लेकिन इस विकास के साथ दुर्घटनाओं की घटनाएँ भी सामने आती रही हैं।कारखानों में आग, गैस रिसाव, भवन निर्माण स्थलों पर हादसे ये केवल समाचार शीर्षक नहीं, बल्कि मानवीय त्रासदी के उदाहरण हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश दुर्घटनाएँ रोकी जा सकती हैं, यदि नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण हो,उपकरणों का रखरखाव समय पर हो,जोखिम मूल्यांकन और आपदा प्रबंधन योजना लागू हो, और सबसे महत्वपूर्ण प्रबंधन की स्पष्ट प्रतिबद्धता हो। जब सुरक्षा को 'खर्च' समझा जाता है, तब दुर्घटना




की कीमत कई गुना अधिक चुकानी पड़ती है।

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की प्रासंगिकता केवल औद्योगिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। भारत में हर वर्ष लाखों सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं। तेज रफ्तार, लापरवाही, नशे में वाहन चलाना, और यातायात नियमों की अनदेखी ये प्रमुख कारण हैं। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे साधारण सुरक्षा उपाय आज भी सार्वभौमिक रूप से अपनाए नहीं गए हैं।यह स्पष्ट संकेत है कि कानून पर्याप्त नहीं बल्कि सुरक्षा के प्रति व्यक्तिगत चेतना भी आवश्यक है।

भारत की बड़ी आबादी असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं निर्माण मजदूर, खेतिहर श्रमिक, छोटे कारखाने के कर्मचारी। इन क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों का अनुपालन अक्सर कमजोर रहता है। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण की कमी, प्रशिक्षण का अभाव और श्रमिकों की असुरक्षित परिस्थितियाँ गंभीर चिंता का विषय हैं।यदि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का संदेश अंतिम पंक्ति के श्रमिक तक नहीं पहुँचे, तो इसकी सार्थकता अधूरी रह जाती है।

सुरक्षा केवल औद्योगिक या सड़क तक सीमित नहीं है। घरेलू गैस और विद्युत उपकरणों का सुरक्षित उपयोग। अग्नि सुरक्षा उपाय भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं के लिए तैयारी, सार्वजनिक स्थलों पर आपातकालीन निकास की व्यवस्था इन सभी पहलुओं में जागरूकता और अभ्यास की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण तभी प्रभावी होंगे, जब वे नियमित अभ्यास का हिस्सा बनें।

तकनीक और सुरक्षा डिजिटल युग में सुरक्षा का दायरा साइबर सुरक्षा तक भी फैल चुका है। डेटा चोरी, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल धोखाधड़ी आम हो चुकी हैं।

इस संदर्भ में सुरक्षा केवल भौतिक नहीं, बल्कि डिजिटल सतर्कता भी है। स्मार्ट निगरानी प्रणाली, सेंसर आधारित चेतावनी तंत्र, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जोखिम विश्लेषण ये सभी आधुनिक तकनीकें सुरक्षा को नई दिशा दे सकती हैं।

किसी भी संगठन में सुरक्षा संस्कृति शीर्ष नेतृत्व से शुरू होती है। यदि प्रबंधन स्वयं सुरक्षा मानकों का पालन करे और उसे प्राथमिकता दे, तो कर्मचारी भी उसे गंभीरता से लेते हैं। सुरक्षा ऑडिट, पारदर्शी रिपोर्टिंग और दुर्घटनाओं से सीखने की प्रणाली ये संगठनात्मक मजबूती के संकेत हैं। सुरक्षा को 'अनुपालन' से आगे बढ़ाकर 'आदत' बनाना होगा।

सुरक्षा पहले, सदैव राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम विकास की दौड़ में मानव जीवन की कीमत को कमतर आँक रहे हैं? सुरक्षा कोई बाधा नहीं, बल्कि स्थायी प्रगति की आधारशिला है।जब तक प्रत्येक नागरिक, संस्थान और नीति-निमार्ता यह स्वीकार नहीं करेंगे कि सुरक्षा साझा जिम्मेदारी है, तब तक दुर्घटनाएँ कम नहीं होंगी। सुरक्षित भारत का सपना केवल नारों से नहीं, बल्कि दैनिक व्यवहार में सावधानी, अनुशासन और संवेदनशीलता से साकार होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का संदेश स्पष्ट है -

'सुरक्षा पहले' केवल स्लोगन नहीं, जीवन का सिद्धांत बने।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# होली का आध्यात्मिक पहलू

**(संत राजिन्दर सिंह महाराज)**

फागुन के मास में हर तरफ फूल खिलते हैं तथा चारों ओर रंग-बिरंगी बहार होती है। होली का त्यौहार इसी फागुन मास में बड़े हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसमें लोग एक-दूसरे से गले लगकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। जिस प्रकार होली के त्यौहार का एक बाहरी पहलू है जिसमें कि एक दिन होलिका जलाई जाती है तथा अगले दिन एक-दूसरे पर रंग व गुलाल डालकर इस त्यौहार को पारंपरिक रूप से मनाया जाता है लेकिन उसका एक रूहानी पहलू भी है।

दुनिया में हमेशा एक दौर चलता रहता है जिसमें सच और झूठ की लड़ाई होती रहती है। सच को दबाने के लिए झूठ बड़ी कोशिश करता है कि वह किसी न किसी तरह से छुप जाए, मगर सच एक ऐसी चीज है जो कभी भी छुप नहीं सकता क्योंकि पिता-परमेश्वर सृष्टि के शुरूआत में सच थे, आज भी सच हैं और सृष्टि के अंत तक भी सच रहेगें। होली का दिन इस बात का प्रतीक है कि आखिर में सच की विजय और झूठ की हमेशा हार होती है।

पूर्ण संतों के अनुसार होली जलाने का आध्यात्मिक महत्त्व यह है कि हम अपने अंदर की बुराईयों को जलाकर सदाचारी जीवन व्यतीत करें तथा जिस प्रकार हम बाहर एक-दूसरे पर रंग व गुलाल डालकर इस त्यौहार को मनाते हैं, उसी प्रकार हम पूर्ण गुरु की सहायता से ध्यान-अभ्यास द्वारा अपने अंतर में प्रभु के विभिन्न रंगों को देखकर सच्ची





होली अपने अंतर में खेंले।

इस त्यौहार का एक अन्य पहलू एक दूसरे पर रंग लगाना भी है। होली पर लोग सफेद कपडे. पहनते है जिसका एक आध्यात्मिक पहलू भी है। सफेद रंग में अन्य सभी रंग शामिल है। इसी तरह पिता-परमेश्वर हम सबके भीतर हैं। जिस प्रकार सफेद रंग सभी रंगों का स्रोत है उसी प्रकार पिता-परमेश्वर सारी सृष्टि के स्रोत हैं।

जिस प्रकार होली में विभिन्न रंग हमारे कपड़ों पर बहुरंगी आकृति बनाते हैं और हम उन आकृतियों को बदलने की कोशिश नहीं करते, उसी प्रकार हमें अपने जीवन में एक-दूसरे को प्रेमपूर्वक स्वीकार करना चाहिए। अगर हम एक देश या समुदाय के सदस्य हैं तो हमें दूसरों को उसी तरह स्वीकार करना चाहिए जिस तरह पिता-परमेश्वर सभी को स्वीकार करते हैं।

आओ होली के इस त्यौहार पर हम सब अपने अंदर फैली सभी बुराइयों को जलाकर व एक-दूसरे पर प्रेम व भाईचारे का रंग डालते हुए मनुष्य जीवन के मुख्य उद्देश्य को प्राप्त करें।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# तावडू सीआईए ने अवैध हथियारों सहित दो बदमाश किये गिरफ्तार

## देसी पिस्टल, कारतूस, टेंपो ट्रक और कार बरामद

जुबैर खान/भेदी नजर

**नूंह।** नूंह जिले की तावडू सीआईए टीम ने गुप्त सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों और गउकशी से जुड़े गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तावडू सदर थाना सीमा क्षेत्र में गुरनावट खोरी रोड पर रेलवे पुल के पास की गई, जहां आरोपी गो-तस्करी में प्रयोग होने वाली गाड़ियों और हथियारों के साथ मौजूद थे।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना मिली कि हारुण उर्फ हारिस पुत्र सुलेमान, साहिल पुत्र मामदीन, मुश्ताक पुत्र सुबदीन सभी सुनारी निवासी थाना सदर तावडू, हासम निवासी खोड बसईनथाना रोजका मेवनऔर नसीम उर्फ भुक्कड पुत्र धूप खाँ गवारका निवासी, थाना सदर तावडू मिलकर गोकसी का धंधा कर रहे हैं और अवैध हथियार रखते हैं । सूचना के अनुसार, वे लोहारू से गाय लेकर फिरोजपुर गांव में खाली कर रहे थे और उसी दौरान गुरनावट खोरी रोड पर हिसाब-किताब के लिए खड़े थे। सूचना के आधार पर टीम मौके पर पहुंची तो पांच व्यक्ति टाटा 407 और सफेद स्विफ्ट डिजायर गाड़ियों के पास खड़े दिखे। पुलिस गाड़ी देखते ही वे भागने लगे। पीछा करने पर हेड कांस्टेबल दिनेश और साथियों ने दो को काबू कर लिया।

पकड़े गए आरोपी हारुण उर्फ हारिस की जेब से अवैध देसी कट्टा मिला, जबकि आरोपी नसीम उर्फ भुक्कड की पेंट जेब से दो कारतूस बरामद हुए। बाकी तीन आरोपी साहिल, मुश्ताक और हासम भागने में सफल रहे। इसके अलावा मौके से गो तस्करी में प्रयोग होने वाली टाटा 407 और स्विफ्ट डिजायर गाड़ियां, दो फर्जी नंबर प्लेट मिली हैं। तावडू सदर थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आमजन भाईचारे के साथ मनाएं फाग उत्सव-एसडीएम

**विजय शर्मा, भेदी नज़र, कनीना।** होली के पर्व को शांतिपूर्वक तरीके से मनाने के लिए उपमंडल प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। ये बातें कनीना के उपमंडल अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने कार्यालय स्टाफ तथा तहसील कार्यालय कर्मचारियों के साथ आयोजित होली मिलन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि होली के हुडदंग को रोकने के लिए पुलिस कर्मचारी भी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्णिमा पर ग्रहण होने के चलते फाग उत्सव बुधवार को मनाया जाएगा। क्षेत्रवासी एकता व भाईचारे का संदेश देते हुए त्यौहार को मनाएं। उन्होंने कहा कि केमिकल युक्त कलर के प्रयोग से बचना चाहिए तथा पारंपरिक रंगों के साथ होली खेलें। इस मौके पर नायब तहसीलदार अर्जुन सारसर, कानूनगो राज सिंह, पटवारी शमशेर सिंह, अनूप सुहाग, प्रदीप कुमार, उमेद सिंह जाखड़, महेंद्र खटाना, अशोक कुमार, सहित उपाधीक्षक अनिल कुमार, स्टेनो सुनील शर्मा, अरुण कुमार, वीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, पुष्पा देवी, देवेंद्र सिंह, विकास कुमार उपस्थित थे।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

दयावान कोसली, भेदी नज़र

**रेवाड़ी।** सीआईए रेवाड़ी ने अवैध मादक पदार्थ गांजा उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला सुभाष बस्ती रेवाड़ी निवासी नवनीत के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

जांचकर्ता ने बताया की गत 27 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली थी कि कपिल उर्फ गोलु निवासी गांव डाबड़ी जो नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है। जो वह आज एक पॉलिथीन मे गांजा लेकर बेचने के लिए राव तुलाराम पार्क रेवाड़ी के पास खडा हुआ है। जिस सूचना पर तुरंत रेडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कपिल उर्फ गोलु निवासी गांव डाबड़ी बतलाया। जो ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पॉलिथीन में 01



किलो 79 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर रेवाड़ी में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी कपिल उर्फ गोलु को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जो पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी कपिल उर्फ गोलु ने बताया की उसे यह अवैध मादक पदार्थ गांजा मोहल्ला सुभाष बस्ती रेवाड़ी निवासी नवनीत ने उपलब्ध करवाया था। जो इस मामले में पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त आरोपी नवनीत को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## दुकान से स्क्रैप का सामान चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**दयावान कोसली, भेदी नज़र, रेवाड़ी।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने गत 02 मार्च को गांव पाल्हावास चौक पर एक स्टील पाईप की दुकान से स्क्रैप सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव पाल्हावास निवासी इंद्रजीत के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि गत 02 मार्च को गांव हासावास निवासी महेश सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने पाल्हावास चौक पर एक स्टील पाईप की दुकान की हुई है। वह 02 मार्च को वह किसी काम से गांव खुड्डन गया था। जो पीछे से गांव पाल्हावास निवासी इंद्रजीत उसकी दुकान से करीब 30 किलो स्टील की पाईप का स्क्रैप का सामान चोरी करके ले गया है। जिस पर पुलिस ने थाना रोहड़ाई में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में त्वरित कार्यवाही करके हुए सोमवार को मामले में संलिप्त आरोपी इंद्रजीत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया स्क्रैप का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



## एटलस चौक पर पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** शहर के व्यस्त एटलस चौक पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सोमवार तड़के एक अनियंत्रित पिकअप चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए एक मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों ने तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की पहचान तुंगनाथ पाठक निवासी आया नगर दिल्ली के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हैं। तुंगनाथ गुरुग्राम के उद्योग विहार स्थित निजी कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं।

# मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

विजय शर्मा, भेदी नज़र

**कनीना।** खेड़ी-तलवाना स्थित एसडी विद्यालय में आयोजित समारोह में सेंकडों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सामाजिक संगठन सम उत्कर्ष युवा एवं उत्थान फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में देश को विश्व शक्ति बनाने में देशवासियों के योगदान विषय पर व्याख्यान भी दिया गया। जिसके माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि फरीदाबाद के सिविल जज नवीन कुमावत थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए तनाव से मुक्त रहना अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का मूल मंत्र देते हुए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच पर बल दिया।



मुख्य वक्ता के रूप में आकाश पांडे ने युवाओं को विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने मेधावी विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा में मिलने वाले अंक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है अनुशासन, स्वच्छ चरित्र और निरंतर परिश्रम। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिसके माध्यम से धरती मां की पुकार नामक नाटक का मंचन भी किया गया। नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण तथा वृक्षों की सुरक्षा का संदेश दिया गया। समारोह में करीब 101 विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार के साथ नोटबुक, पेन, पेंसिल शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ सुनील कुमार, डॉ नरेश तंवर, रामनिवास, धूम सिंह, बलजीत सिंह, रविंदर, ओम प्रकाश, विनोद, धर्मपाल उपस्थित थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में एसडी ककराला के विद्यार्थियों ने हासिल किया श्रेष्ठ स्थान



**विजय शर्मा, भेदी नज़र, कनीना।** केंद्रीय विवि जाट पाली में पिछले दिनों आयोजित की गई विज्ञान प्रदर्शनी में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रदर्शनी में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें निर्णायक मंडल ने एसडी के विद्यार्थियों के कार्यशील मॉडल को श्रेष्ठ स्थान पर रखा। इसकी रचना करने वाले छात्र अभिनव एवं दिशांत मित्तल को सम्मानित किया गया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट मॉडल में इशिता, तन्वी एवं अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में दक्ष एवं जतिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि डीआरडीओ के पूर्व अध्यक्ष डॉ जी सतीश रेड्डी एवं अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार व कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार ने विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरित किए। एसडी विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. शिप्रा सारस्वत ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के सामूहिक सहयोग से हासिल हुई है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भावना पैदा करने तथा नैतिक मूल्यों एवं सृजनात्मक चिंतन के विकास हेतु समय-समय पर ऐसे समारोह का आयोजन किया जाता है।

## पीस कमेटी की महत्त्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी जाकिर हुसैन



**जुबैर खान/भेदी नजर, नूंह।** नूंह मंगलवार को जिला सचिवालय, नूंह परिसर में जिला उपायुक्त अखिल पिलानी व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन सहित क्षेत्र के सैंकड़ों प्रमुख लोग शामिल हुए। पीस कमेटी की बैठक का प्रमुख उद्देश्य होली व ईद उल फि तर के प्रमुख त्योहारों पर आपसी सौहार्द व सदभाव बनाये रखना था। जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सभी सदस्यों व प्रमुख लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले पावन त्योहारों को आपसी सद्भाव के साथ मिलजुलकर मनायें और आपसी भाईचारा कायम रखें। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा कि हमारे देश की गंगा-जमुना तहजीब पूरी दुनिया में मिसाल है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण मेवात क्षेत्र है। यहाँ पर सदियों से 36 बिरादरी के लोग एक दूसरे के त्योहारों को मिलजुलकर मनाते हैं। यहाँ का आपसी भाईचारा पूरी दुनिया में एक मिसाल है। यहाँ के लोग सभी त्योहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मिलकर मनाते हैं। जाकिर हुसैन ने कहा की मेवात क्षेत्र से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ पिछले महीने हथीन विधानसभा के बड़े गांव उटावड में छिरकलौत पाल ने एक अहम महापंचायत बुलाई थी जिसमें सभी बुराइयों के खिलाफ प्रण लिया गया था, और उसका असर साफ तौर पर दिखायी भी दे रहा है। मेवात क्षेत्र की 36 बिरादरी के प्रमुख लोग पहले से ही क्षेत्र से सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं ।बैठक में चौधरी जाकिर हुसैन ने पावन पर्व होली व ईद-उल-फि तर की मुबारकबाद भी दी।

## पुरानी ऐतिहासिक परम्परा अनुसार मठ कोसली से फूल डोल की सवारी आज

**दयावान कोसली, भेदी नजर, रेवाड़ी।** क्षेत्र के निकटवर्ती गाँव कोसली आज लगभग सवा बारह बजे सदियों से चली आ रही पुरानी ऐतिहासिक परम्परा अनुसार मठ कोसली से फूल डोल की सवारी को गाजे बाजे के साथ आज गांव की मुख्य चौपाल में सरपंच सहित, लम्बरदारान व गांव के गणमान्य व्यक्ति ले जाएंगे और वहां फूलडोल को सजाकर वापस मठ में स्थापित करेंगे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए होशियार लम्बदार ने बताया की कोसलिया गौत्र के हजारों श्रद्धालु ढ़प नगाड़े बजाकर होली गायन करके बाबा मुक्तेश्वरपुरी का गुणगान करते हैं और श्रद्धा अनुसार चढ़ावा कर सक्कर का प्रसाद ग्रहण करते हैं इस के बाद मेला शुरू हो जाता है तथा शाम को मेला समापन के बाद सारे चढ़ावे की धन राशि को फूलडोल के साथ उसी मुख्य चौपाल में ले जाकर पुरानी परम्परा अनुसार सबका महनताना देकर पुरानी बही में लिखते हैं और बची हुई धन राशि को बही में लिखकर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्ति अपने हस्ताक्षर करते हैं और दुसरे दिन बची हुई राशि को मठ के बैंक खाते में जमा किया जाता है।



# पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव के लिए मतदाता सूचियों की रिविजन का शेड्यूल किया जारी

प्रमोद कौशिक/अमित, भेदी नज़र

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायतों की हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 के नियम 163 के नियम 8 के तहत मतदाता सूचियों की रिविजन का प्रोग्राम जारी किया गया है। इस प्रोग्राम के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के साथ मिलान के लिए शेड्यूल जारी किया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के शेड्यूल के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नई पंचायतों की लिस्ट अनुसार ड्राफ्ट लिस्ट पर 9



मार्च को दावे व आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी। यह दावे व आपत्तियां जिला चुनाव अधिकारी के पास जमा करवानी होगी, 12 मार्च को दावे व आपत्तियों के निपटान का कार्य पूरा होगा, 16 मार्च को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपील करने की अंतिम तारिख होगी। उन्होंने कहा कि 19 मार्च को अपीलेट अथॉरिटी द्वारा दावे व आपत्तियां का निपटान किया जाएगा, 27 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पिपली ब्लॉक के अटल नगर, बीड खैरी, शाहाबाद ब्लॉक के मोहन नगर, लाडवा के गांव लाठी धनौरा, जुरासी खुर्द, जुलमत, रतनगढ़ ककराली, सरस्वती नगर खेडा, सिंहुपरा, धनीरामपुरा, थानेसर में बिशनगढ़, बचगांव, रावगढ़, भैंसी माजरा, संतोखपुरा, खासपुर, समसीपुर, फतुहपुर, बाबैन के रामनगर 112 व सैनी माजरा में खाली पड़े पंच पद का उप चुनाव होना है। पिहोवा से गांव बोहदा में सरपंच पद के लिए उप चुनाव होना है।

## तेज रफ्तार ऑटो पलटा, एक युवक घायल

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** पटौदी इलाके में तेज रफ्तार और लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे एक युवक का ऑटो चालक की गफलत के कारण एक्सीडेंट हो गया। ऑटो पलटने से युवक का पैर गाड़ी के नीचे दब गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। हालत नाजुक देखते हुए उसे रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। गांव बपास निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पटौदी की एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। 28 फरवरी की शाम करीब छह बजे सुरेश अपनी ड्यूटी पूरी कर ऑटो में बैठकर घर जा रहा था। सुरेश ने पुलिस को बताया कि ऑटो चालक गाड़ी को बहुत तेज और लापरवाही से चला रहा था।

## 14 मार्च को नूंह में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**जुबैर खान/भेदी नजर, नूंह।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नूंह के चेयरमैन डॉ. सुशील कुमार गर्ग की अध्यक्षता में आगामी 14 मार्च 2026 को जिला नूंह स्थित न्यायालय परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डॉ सुशील कुमार गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय को सरल, सुलभ एवं जन-मैत्री बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। इसमें आपसी सहमति और संवाद के जरिए विवादों का त्वरित, शांतिपूर्ण एवं स्थायी समाधान किया जाता है। लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों का एक ही दिन में निपटारा संभव होता है, जिससे नागरिकों के समय और संसाधनों की बचत होती है।उन्होंने जिला के समस्त वादकारियों, अधिवक्ताओं, बैंकों एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से अपील की कि वे 14 मार्च को आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त करें। इच्छुक व्यक्ति अपने मामलों के पंजीकरण हेतु समय रहते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय, जिला न्यायालय नूंह अथवा अपने नजदीकी विधिक सेवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।




## अपराधी की कार नीलाम कर पीड़ित को दिलाए रुपये

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** भारत में नए कानूनों के लागू होने के बाद पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में गुरुग्राम पुलिस ने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। देश के कानूनी इतिहास में पहली बार पुलिस ने अपराध की कमाई से खरीदी गई संपत्ति को कुर्क किय गया। उसके बाद नीलाम करवाया और उससे मिले पैसे सीधे पीड़ित को मुआवजे के तौर पर दिलवाए गए। यह पूरी प्रक्रिया महज 60 दिनों के भीतर गुरुग्राम पुलिस के द्वारा की गई। गुरुग्राम के सेक्टर-10ए थाने में एक शिकायत मिली थी। शिकायत में बताया कि आरोपी के द्वारा पीड़ित से 14 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी। आरोपी ने ठगी के इन पैसों से अपने ऐशो-आराम के लिए एक कार खरीदी। आमतौर पर ऐसे मामलों में आरोपी जेल चले जाते हैं, लेकिन पीड़ित को उसका पैसा वापस मिलने में सालों लग जाते हैं। नए कानून ने बदली तस्वीर गुरुग्राम पुलिस ने इस बार पारंपरिक तरीके से हटकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की नई धाराओं का इस्तेमाल किया।

# एमथ्रीएम फाउंडेशन ने नूंह पुलिस को महिला सुरक्षा के लिए सौंपी स्कॉर्पियो गाड़ी

जुबैर खान/भेदी नजर

**नूंह।** नूंह जिले में सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था एमथ्रीएम फाउंडेशन ने महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से नूंह पुलिस को एक स्कॉर्पियो गाड़ी भेंट की है।

यह गाड़ी विशेष रूप से दुर्गा वाहिनी के तौर पर उपयोग की जाएगी, ताकि महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और जांच में पुलिस को बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सकें।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में संस्था की वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. ऐश्वर्य महाजन ने नूंह के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार को गाड़ी की चाबी सौंपी ।इस अवसर पर नूंह पुलिस प्रशासन ने फाउंडेशन के इस नेक प्रयास के




लिए आभार व्यक्त किया। संस्था से जुड़े डॉ. ऐश्वर्य महाजन ने बताया कि 15 फरवरी को तावडू नगर में मुख्यमंत्री की रैली के दौरान फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने अपने संबोधन में महिलाओं की सुरक्षा पर जोर देते हुए घोषणा की थी कि वे नूंह पुलिस को दुर्गा वाहिनी के रूप में एक गाड़ी भेंट करेंगी। इस घोषणा को अब विधिवत पूरा कर दिया गया है ।डॉ. पायल कनोडिया का कहना है कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस के साथ पूर्ण सहयोग आवश्यक है। इससे पुलिस महिलाओं को वास्तविक आजादी और सुरक्षा प्रदान कर सकेगी।

उन्होंने जोर दिया कि महिला विरुद्ध अपराध रोकने के लिए सभी को जागरूक होना चाहिए और पुलिस को संसाधनों के रूप में मदद पहुंचानी चाहिए। कई बार संसाधनों की कमी के कारण कानून व्यवस्था ड्यूटी प्रभावित होती है, इसलिए सामाजिक संस्थाओं का यह सहयोग एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है। संस्था ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी महिला सुरक्षा से जुड़े किसी भी संसाधन या आवश्यकता के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगी।

## कार की टक्कर से बुजुर्ग का पैर टूटा

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** शहर की सड़कों पर तेज रफ़्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सेक्टर-82 स्थित मैप्सको कासाबेला सोसाइटी के सामने एक तेज रफ्तार कार चालक ने सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बुजुर्ग का बायां पैर टूट गया। आरोपी चालक घायल को अस्पताल पहुंचाने के बहाने अपनी गाड़ी में डालकर ले गया, लेकिन रास्ते में गुमराह कर उन्हें दूसरे अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया। नीरज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो मार्च की शाम करीब 7:10 बजे उनके पिता राजेंद्र सिंह सोसाइटी के सामने सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान काले रंग की जीप के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक ने मौके पर मौजूद लोगों को कहा कि वह घायल को लेकर जा रहा है, लेकिन वह उन्हें गुमराह कर रामपुरा चौक पर स्थित एक निजी अस्पताल में छोड़ कर फरार हो गया।

# जनहित के बजट के लिए नायब सैनी और सरकार को बधाई : ओपी धनखड़

## जनता की सलाह से, जनता को समर्पित एवं विकसित हरियाणा के सपने को पूरा करता बजट

**भेदी नज़र, पंचकूला।**

भाजपा मुख्यालय पंचकमल में वित्त वर्ष 2026-2027 के हरियाणा बजट पर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ ने बजट को भविष्य की और देखने वाला बजट बताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वित्त मंत्री के रूप में प्रस्तुत बजट की तारीफ करते हुए कहा कि बजट में आर्थिक प्रबंधन को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है। प्रेस वार्ता में पंचकूला जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, प्रेस वार्ता के प्रवक्ता नवीन गर्ग, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी संजय आहूजा, जिला मीडिया प्रभारी के. चन्दन मौजूद रहे।

ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा, यह बजट हरियाणा की जनता की सलाह से जनता के लिए एवं हरियाणा को विकसित प्रदेश बनाने के ध्येय से तैयार किया गया बजट है। उन्होंने बताया, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने, प्रदेश भर में सुझाव लेने के लिए कुल 13 बैठके हितधारकों के साथ की, जिसमे कुल 2 हजार 199 सुझाव प्राप्त हुए। इसके



अलावा, एआई चैटबॉट पर 12 हजाएर 400 सुझाव प्राप्त हुए, इनमे से 5 हजार सुझावों को बजट प्रस्तावों में शामिल किया गया। धनखड़ ने कहा, हमारे 11 वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश की जीडीपी तीनगुना बढ़ी है।

ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा, समसमायिक चुनौतियों के निस्तारण एवं समाज के हर वर्ग की बुनियादी जरूरतों का बजट में पूर्ण ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा, बजट में कम आय वर्ग एवं महिलाओ के लिए प्लाट, आवास, किसानो के लिए सिचाई, ग्रामसभा की भूमिका बढ़ाने पर जोर, सोलर एनर्जी, एक लाख छात्रों को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र, अग्निवीर, स्वच्छ हवा, स्वच्छ जल जैसे तमाम बिन्दुओ पर बजट में विशेष प्रावधान किये गए है। उन्होंने कहा, हरियाणा में बढ़ती कमर्शियल लैंड की कीमत को ध्यान में रखते हुए एचएसआईआईडीसी की जमीन को लीज पर देने की व्यवस्था की गयी है, जिससे उद्योग धंधो को बढ़ावा मिल सके। पं. दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत एक लाख अस्सी हजार तक सालाना आय वाली महिलाओ को भी इस योजना का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा, हरियाणा सरकार वेडिंग डेस्टिनेशन को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य कर रही है।

धनखड़ ने बताया कि बजट में वर्ष 2047 तक हरियाणा की जीडीपी को 1 ट्रिलियन डॉलर (91 लाख करोड़) करने का लक्ष्य रखा गया है, जो वर्तमान में प्रदेश की जीडीपी 13 लाख 67 हजार 769 करोड़ रुपये का सात गुना होगा। उन्होंने बताया, वर्ष 2026 के हरियाणा बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी की वृद्धि की गयी है। उन्होंने कहा, बजट के खर्च में सरकार ने सराहनीय कार्य किये है, जिसमे शिक्षा, चिकित्सा, इंफ्रास्ट्रक्चर, यातायात, किसान, महिला एवं बाल विकास, युवा शक्ति, उद्दयोग, व्यापार, कानून व्यवस्था जैसे तमाम सामाजिक बिन्दुओ का विशेष ध्यान रखा गया है।

## एंटी करप्शन ब्यूरो ने की कार्रवाई, रिश्वत लेते पटवारी को पकड़ा

**भेदी नज़र, सोनीपत।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए पटवारी को रंगे हाथ पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार को हैबिटेट क्लब स्थित पटवारखाने में हुई। पटवारी अजय राणा ने इंतकाल के काम के बदले पांच हजार रुपये की मांग की थी। कबीरपुर क्षेत्र में दो प्लॉटों का इंतकाल दर्ज कराने के लिए शिकायतकर्ता काफी समय से पटवारखाने के चक्कर काट रहा था। आरोप है कि इस काम को पूरा करने के लिए गांव पुट्ठी निवासी अजय राणा ने पांच हजार रुपये की मांग की थी। रिश्वत की मांग करने पर शिकायतकर्ता ने एसीबी से संपर्क किया। योजना के तहत शिकायतकर्ता को आरोपी पटवारी को पैसे देने भेजा गया। जैसे ही पटवारी ने पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि ली। एसीबी टीम ने तुरंत छापा डालकर उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## होली-दुल्हंडी पर आफताब अहमद ने सभी क्षेत्रवासियों को दी शुभकामनाएं, भाईचारे का दिया संदेश



**जुबैर खान/भेदी नजर, नूंह।** नूंह होली और दुल्हंडी के पावन पर्व के अवसर पर नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने समस्त क्षेत्रवासियों को सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। विधायक आफताब ने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व हमें भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और समाज में सकारात्मकता फैलाने का संदेश देता है।उन्होंने कहा कि मेवात की धरती हमेशा भाईचारे की मिसाल रही है। यहां हिंदू-मुस्लिम सहित सभी समाज और समुदाय के लोग हर त्योहार को मिलजुलकर मनाते हैं। चाहे होली हो, ईद हो या कोई अन्य पर्व—मेवात में सभी एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं और प्यार व प्रेम के साथ जीवन व्यतीत करते हैं। यही यहां की सबसे बड़ी ताकत और पहचान है।विधायक आफताब ने आगे बताया कि होली और दुल्हंडी का त्योहार शांति, संयम और आपसी सम्मान के साथ मनाया जाना चाहिए। युवाओं को चाहिए कि वे सामाजिक सौहार्द को मजबूत करें और किसी भी प्रकार की अफवाह या अशांति से दूर रहें।अंत में उन्होंने कामना की कि रंगों का यह पावन पर्व हर घर में खुशियां, तरक्की और नई ऊर्जा लेकर आए तथा मेवात में भाईचारे और विकास की परंपरा और अधिक सुदृढ़ करें।

## 14 मार्च को नूंह में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**नूंह, (वेब वार्ता)।** नूंह जिला न्यायालय परिसर में 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. सुशील कुमार गर्ग की अध्यक्षता में होगा। डॉ. गर्ग ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से मामलों का त्वरित समाधान किया जाता है। इससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है। उन्होंने वादकारियों, अधिवक्ताओं, बैंकों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की। इच्छुक व्यक्ति अपने मामलों को पंजीकरण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय नूंह से संपर्क कर सकते हैं।

## देश में पहली बार अपराध की कमाई के आरोपी से पीड़ित को मिला मुआवजा

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** अपराध की आय से पीड़ित को भारत में पहली बार गुरुग्राम पुलिस ने मुआवजा दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मात्र 60 दिन के अंदर गुरुग्राम पुलिस ने आरोपी द्वारा पीड़ित से हड़पी गई राशि से खरीदी गई कार की कुर्की करवाकर पीड़ित को पैसे वापिस दिलाए।पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि पुलिस थाना सेक्टर-10ए गुरुग्राम में दर्ज एक मामले में गुरुग्राम पुलिस द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) 2023 की धाराओं के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की। इस मामले में आरोपी द्वारा पीड़ित से 14 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर उक्त राशि से फॉक्सवैगन विरटस कार खरीदी गई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जांच के दौरान यह पता चला कि वह कार अपराध (धोखाधड़ी) से अर्जित राशि से खरीदी गई थी। इस संबंध में गुरुग्राम पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष बीएनएस की धारा के तहत वाहन को कुर्क करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। आरोपी द्वारा न्यायालय में वाहन को अपराध की आय से खरीदा जाना भी स्वीकार किया गया। जिस पर न्यायालय द्वारा 21 जनवरी 2026 को कुर्की के आदेश पारित किये गये। न्यायालय के आदेशानुसार गुरुग्राम पुलिस द्वारा जिला मजिस्ट्रेट गुरुग्राम के माध्यम से बीएनएस की धारा के तहत नीलामी एवं वितरण की कार्रवाई की। डीसी कार्यालय के माध्यम से सार्वजनिक सूचना जारी कर सरकार के ई-ऑक्शन इंडिया पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी संपन्न कराई गई। जिसमें वाहन की उच्चतम बोली 11 लाख 30 हजार रुपये लगी। 26 फरवरी 2026 को न्यायालय को सूचित करते हुए सफल बोलीदाता द्वारा 11 लाख 30 हजार रुपये की राशि का चेक न्यायालय में पीड़ित को दिया गया। पुलिस की ओर से दावा किया गया है कि देश में पहली बार अपराध की आय से पीड़ित को प्रत्यक्ष आर्थिक मुआवजा दिलाया गया। इस प्रकार भारतीय न्याय संहिता-2023 के प्रावधानों के अंतर्गत अपराध की वास्तविक आय से पीड़ित को प्रत्यक्ष मुआवजा दिलाया जाना भारत में पहली बार हुआ है।

## 2047 तक विकसित हरियाणा की मजबूत बुनियाद होगा हरियाणा का बजट : सुधा यादव

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** भारतीय जनता पार्टी की संसदीय बोर्ड सदस्या एवं पूर्व सांसद सुधा यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य को वर्ष 2047 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वह हम सभी हरियाणा वासियों के लिए अत्यंत गौरव का विषय हैं। हरियाणा विजन डॉक्यूमेंट-2047 इस दिशा में रोडमैप के रूप में कार्य करेगा, जिसका लोकार्पण देश के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया जा चुका है। भाजपा कार्यालय में मंगलवार को पत्रकार वार्ता में सुधा यादव ने कहा कि इस बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार, 2026-31 के लिए केंद्रीय करों में हरियाणा की हिस्सेदारी 1.361 प्रतिशत तय हुई है, जो अब तक की सर्वाधिक वृद्धि है। इससे राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कुल 2,23,658.17 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है जो पिछले संशोधित अनुमान से 10.28त्न अधिक है। सुधा यादव ने इसे जनभागीदारी से बना बजट बताते हुए कहा कि इस बजट में जनता जनार्दन के हजारों सुझावों को शामिल किया गया है। सुधा यादव ने कहा कि सम्पूर्ण हरियाणा के एक समान समग्र विकास में यह बजट मजबूत आधारशिला साबित होगा। इस बजट में 2047 तक हरियाणा प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए युवा, किसान, गरीब, मजदूर, व्यापार, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ एवं औद्योगिक क्रांति को विशेष महत्व दिया गया हैं। गुरुग्राम में प्रस्तावित 400 बेड के सरकारी अस्पताल का कार्य जल्द शुरू होगा। दौलताबाद और वजीराबाद पीएचसी को अपग्रेड कर सीएचसी बनाया जाएगा। गुरुग्राम में पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए 50 करोड़ की लागत से नए छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। सुधा यादव ने कहा कि महिलाओं और युवाओं के लिए खास प्रावधान किया गया हैं। हरियाणा बजट को जेंडर और वृद्धजन आधारित बनाने की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने 14-15 वर्ष की 3 लाख बेटियों को एचपीवी वैक्सीन देने का प्रस्ताव रखा। इसके तहत प्रत्येक जिला व उपमंडल अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार क्लीनिक बनाए जाएंगे।

## होली का सामान खरीद रहे लोगों को तेज रफ्तार कार चालक ने कुचला

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** यहां सब्जी मंडी में होली के सामान की खरीदारी कर रहे लोगों पर एक युवक ने गाड़ी चढ़ा दी। इस दौरान मंडी में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान छह लोग घायल हो गए। लोगों ने बताया कि आरोपी गाड़ी चालक ने वहां से भागने के चक्कर में इस घटना को अंजाम दिया। कुछ ही दूरी पर लोगों ने आरोपी ड्राइवर को घेरकर पकड़ लिया, इसके बाद उसकी जमकर पिटाई की। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को काबू कर लिया। युवक का मेडिकल कराया गया तो वह नशा किए हुए मिला। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को बलदेव नगर के निकट सब्जी मंडी में लोग होली के सामान की खरीदारी कर रहे थे। इसी बीच एक युवक ब्रेजा गाड़ी में सवार होकर आया। वह गाड़ी तेज गति से चला रहा था। वहां पर खरीदारी कर रहे लोगों पर युवक ने गाड़ी चढ़ा दी। बिहार निवासी 55 वर्षीय सुली को सबसे पहले उसने गाड़ी से टक्कर मारी। उसके सिर, मुंह व हाथों पर गंभीर चोटें आई। इसी दौरान आरोपी वहां से भागने के लिए तेज गति से गाड़ी लेकर निकलने लगा। उस समय बाजार में काफी भीड़ थी। वह कई और लोगों को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ने लगा। इस घटना से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। बाजार में लोगों ने बताया कि गाड़ी सवार युवक गाड़ी तेज गति से भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान उसने कई रेहड़ियों को भी टक्कर मारी।

## परीक्षा शांतिपूर्वक आयोजित कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक

**नूंह, (वेब वार्ता)।**

त्योहार-परीक्षा का शांतिपूर्वक आयोजन के लिए मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। उपायुक्त अखिल पिलानी और पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने सदस्यों से सहयोग की अपील की। सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने भाईचारा बनाए रखने का भरोसा दिया।

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में जिले के गणमान्य लोग और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि होली, रमजान और ईद के अवसर पर आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मेवात की पहचान गंगा-जमुनी तहजीब और 36 बिरादरी के भाईचारे से है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत और ईमानदारी के साथ



परीक्षा देने की अपील की। नकल से दूर रहकर अपने भविष्य को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि जिले में शिक्षा स्तर सुधारने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं।

नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर शुरू किए गए हैं। युवाओं को सेना भर्ती के लिए भी विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर बनी हुई है। किसी भी अफवाह या भ्रामक संदेश को आगे न बढ़ाने की अपील की गई।

## शेयर बाजार में निवेश के नाम पर एक लाख 76 हजार की ठगी

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** साइबर ठगों ने अब निवेश के नाम पर लोगों को ठगने का नया तरीका निकाला है। गुरुग्राम के पचगांव (कुकड़ोला) के रहने वाले धीरज यादव के साथ शेयर बाजार और आईपीओ में पैसा लगाने के नाम पर एक लाख 76 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई है। मानेसर साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धीरज के पास व्हाट्सऐप पर एक मैसेज आया, जिसमें उन्हें एक शेयर बाजार के ग्रुप में जोड़ा गया। वहां एक व्यक्ति खुद को प्रोफेसर बताकर शेयर खरीदने की सलाह देता था। एक लड़की ने प्रोफेसर की सहायक बनकर धीरज से संपर्क किया। ठगों ने धीरज को एक फर्जी ऐप डाउनलोड करवाया।

## 66 साल बाद नगीना सीएचसी को 10 करोड़ रुपए मंजूर, डॉक्टर, स्टाफ और एसएमओ की तैनाती जल्द

**जुबैर खान/भेदी नजर**

**नूंह।** नूंह करीब 66 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद नगीना को पूर्ण रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा मिलने जा रही है। वर्ष 1960 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिलने के बाद से क्षेत्रवासी लगातार अपग्रेडेशन की मांग उठा रहे थे। अब नए भवन निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट भाषण में इसकी घोषणा की। हरियाणा सरकार के इस निर्णय से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और बजट का स्वागत किया है। नगीना में स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत वर्ष 1871 में एक डिस्पेंसरी से हुई थी। 16 मई 1960 को तत्कालीन पंजाब सरकार ने इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिया। 7 अक्टूबर 2013 को भारत सरकार से




सीएचसी की सैद्धांतिक मंजूरी भी मिल गई थी, लेकिन भवन निर्माण और आवश्यक स्टाफ के अभाव में यह व्यवस्था कागजों तक ही सीमित रही। इसी बीच मेवात आरटीआई मंच के अध्यक्ष राजूद्दीन और सामाजिक कार्यकर्ता सबीला जंग ने वर्ष 2010 से नगीना, पिनगवां और तावडू के स्वास्थ्य केंद्रों को सीएचसी में अपग्रेड करने के लिए अभियान छेड़ा। लगातार ज्ञापन, आरटीआई आवेदन और धरनों के बाद 2013 में सरकार ने अपग्रेड की घोषणा की थी। अब 66 साल बाद नगीना को वास्तविक रूप से सीएचसी की सौगात मिली है।

नगीना तहसील के 68 गांवों की लगभग 3 लाख आबादी इस अस्पताल पर निर्भर है। प्रतिदिन 160 से 200 मरीज यहां उपचार के लिए पहुंचते हैं। नया सीएचसी भवन बनने के बाद ओपीडी, प्रसूति सेवाएं, पैथोलॉजी जांच और 24 घंटे आपातकालीन सुविधा मजबूत होगी, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

## मेडिकल वेस्ट फेंकने पर देवराज क्लीनिक पर लगा दस हजार का जुर्माना

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** शहर की स्वच्छता और जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले संस्थानों के खिलाफ नगर निगम गुरुग्रामने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंगलवार को निगम की टीम ने पटौदी रोड स्थित देवराज क्लीनिक पर सार्वजनिक स्थान पर बायोमेडिकल वेस्ट (चिकित्सा अपशिष्ट) फेंकने के आरोप में दस हजार रुपये का भारी जुमार्ना लगाया और मौके पर ही इसकी वसूली की। शिकायत मिलने के बाद जब निगम की टीम मौके पर पहुंची, तो वहां इस्तेमाल की गई सिरिंज, पट्टियां और दवाइयों के अवशेष खुले में पड़े मिले। बायोमेडिकल वेस्ट का इस तरह असुरक्षित निस्तारण न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह क्षेत्र में गंभीर बीमारियों और संक्रमण फैलने का एक बड़ा कारण बन सकता है।

## चंद्र ग्रहण में बंद रहे मंदिरों के मुख्य द्वार पुजारियों ने किया मंत्रों का जाप

**भेदी नजर, झज्जर**

भारत समेत हरियाणा में साल का पहला चंद्रग्रहण मंगलवार को लगा। यह चंद्रग्रहण पूरे भारत में दर्शनीय है, इसलिए सूतक काल भी मान्य होगा। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक सूतक काल लगने पर भगवान के दर्शन नहीं किए जा सकते और न ही पूजा-पाठ के कार्य किए जाते हैं। शहर के मंदिरों में चंद्र ग्रहण के कारण प्रातः काल के बाद धार्मिक कार्य नहीं किए जा सके।

मान्यतानुसार ग्रहण के दौरान श्रद्धालुओं ने अपने घरों और पुजारियों ने मंदिरों में मंत्र जाप किया। मंगलवार को सुबह 6:20 से मंदिरों के मुख्य द्वार बंद रहे। झज्जर के सिद्ध बाबा कांशी गिरि महाराज मंदिर के पंडित पवन कौशिक ने बताया कि हिन्दू धर्म में ग्रहण को लेकर कुछ परंपराएं प्राचीन समय से



चली आ रही हैं। ग्रहण के दौरान पूजा-पाठ भोजन और सोने पर भी इसका असर पड़ता है। हरियाणा में दोपहर 3:20 से शाम 6:45 तक चंद्रग्रहण रहेगा।

इन्हीं परंपराओं में से एक परंपरा मन्दिर के द्वार बंद किए जाना है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस अवधि के दौरान मानसिक तौर पर पूजा पाठ और मंत्रों का जाप करना विशेष रूप से फलदायी होता है। चंद्र ग्रहण का सूतक नौ घंटे पहले ही लग गया है। शास्त्रों के अनुसार ग्रहण काल साधना, जप और आत्मचिंतन का समय है। पंडित देवेश शर्मा ने बताया कि इस दौरान ब्रह्मपूजा को विराम देकर आंतरिक एकाग्रता पर बल दिया जाता है। यही कारण है कि ग्रहण के दौरान मंदिरों के द्वार बंद किए जाते हैं और शुद्धिकरण के पश्चात ही नियमित पूजा-अर्चना शुरू होती है जिसके कारण सूतक में मंदिरों के मुख्य द्वार बंद रहे। मंदिरों के द्वार ग्रहण समाप्त होने के बाद साफ-सफाई और शुद्धिकरण के बाद खोले जाएंगे।

## नगीना सीएचसी का भवन दस करोड़ की लागत से बनेगा

**नूंह, (वेब वार्ता)।** नगीना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन को मंजूरी मिल गई है। हरियाणा सरकार ने 10 करोड़ 16 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। नए भवन के साथ स्टाफ, विशेषज्ञ चिकित्सक और अलग एसएमओ की नियुक्ति भी जल्द होगी। दरअसल, कस्बा नगीना में लंबे समय से नए भवन की मांग की जा रही थी। बजट में स्वीकृति मिलते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि अब इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। भवन बनने के बाद यहां आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। समाजसेवी राजुद्दीन ने बताया कि नगीना में स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत वर्ष 1871 में अंग्रेजी शासन के दौरान एक छोटी डिस्पेंसरी से हुई थी। समय के साथ यह केंद्र लोगों की जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ता गया। 16 मई 1960 को तत्कालीन पंजाब सरकार के समय इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिला। 7 अक्तूबर 2013 को भारत सरकार की पहल पर इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सैद्धांतिक मंजूरी मिली, लेकिन भवन और संसाधनों के अभाव में काम आगे नहीं बढ़ पाया। अब नए भवन की स्वीकृति से 150 वर्ष से अधिक पुरानी इस व्यवस्था को आधुनिक रूप मिलने जा रहा है। 68 गांवों की तीन लाख आबादी को सीधा लाभ नए भवन के निर्माण के बाद नगीना सीएचसी के अंतर्गत नगीना, बदरपुर और उलेटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोड़े जाएंगे। इससे नगीना उप तहसील के 68 गांवों की करीब तीन लाख आबादी को सीधा फायदा मिलेगा। मरीजों को सामान्य जांच, प्रसूति सेवाएं, टीकाकरण और आपातकालीन उपचार स्थानीय स्तर पर मिल सकेंगे। अभी कई मरीजों को जिला अस्पताल या दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। नई व्यवस्था से समय और धन दोनों की बचत होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत होने से गंभीर मामलों में भी जल्द इलाज संभव हो सकेगा। संघर्ष और जनआंदोलन से मिली सफलता लोगों कहना है कि इस उपलब्धि के पीछे मेवात आरटीआई मंच और मौजी फाउंडेशन का लंबा संघर्ष रहा। कार्यकताओं ने वर्षों तक ज्ञापन, आरटीआई आवेदन, हस्ताक्षर अभियान और जनसुनवाई के माध्यम से आवाज उठाई। ब्लॉक समिति सदस्य सुबेदार खान, किसान नेता कामरेड अब्दुल अजीज, समाजसेवी इकबाल गोरवाल, नंदकिशोर सरपंच मुलथान और नसीम खान सहित कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। राजूद्दीन और सबीला जंग के प्रयासों को भी स्थानीय लोग अहम मानते हैं। लगातार जनदबाव के बाद सरकार ने बजट में राशि स्वीकृत की। जल्द होगी स्टाफ और विशेषज्ञों की नियुक्ति सरकार ने भवन निर्माण के साथ पर्याप्त स्टाफ, विशेषज्ञ चिकित्सकों और अलग सीनियर मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति का आश्वासन दिया है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। वर्तमान में सीमित संसाधनों के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है। नए ढांचे में ओपीडी, वार्ड, लैब और अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि यह निर्णय नगीना की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देगा और आने वाले वर्षों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करेगा।

## बजट 2026-27 की प्रमुख घोषणाओं पर खेल राज्य मंत्री ने विस्तार से रखी बात

**अरविन्द बक्शी, भेदी नजर**

**पलवल।** हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह पलवल में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को ऐतिहासिक, जनभागीदारी आधारित और विकासोन्मुखी बताया। उन्होंने कहा कि लगभग 2 लाख 23 हजार 658 करोड़ रुपये का यह बजट प्रदेश के हर वर्ग - युवा, किसान, महिला, व्यापारी, कर्मचारी और मध्यमवर्गीय परिवारों को समर्पित है।

उन्होंने कहा कि यह बजट केवल सरकार का नहीं, बल्कि हरियाणा की जनता के सुझावों पर आधारित बजट है। पहली बार विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं, खिलाड़ियों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों से व्यापक परामर्श के बाद बजट तैयार किया गया है। यह विकसित भारत 2047 के




संकल्प की दिशा में हरियाणा की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

खेल राज्य मंत्री ने बताया कि बजट में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन पर विशेष बल दिया गया है। एआई मिशन के तहत लगभग 474 करोड़ रुपये की स्वीकृति के साथ एक लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रशिक्षित किया जाएगा। ग्रामीण कौशल योजना के माध्यम से 20 हजार से अधिक ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। आईटीआई संस्थानों को उद्योगों से जोड़ा जाएगा ताकि प्रशिक्षित युवाओं को सीधे रोजगार मिल सके।

अग्निवीरों को पुलिस व अन्य सेवाओं में 20 प्रतिशत से अधिक आरक्षण देने की व्यवस्था की गई है। खिलाड़ियों के लिए 21 से अधिक नए स्टेडियम बनाए जाएंगे और प्रत्येक जिले में खेलो इंडिया लघु केंद्र स्थापित करने का संकल्प लिया गया है।

फिट इंडिया-फिट हरियाणा योजना के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित किया जाएगा। गौरव गौतम ने बताया कि किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन देने, कृषि क्षेत्र में छूट प्रदान करने और मेरा फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल से जुड़े किसानों को जैविक खाद पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी देने की घोषणा की गई है। तीसरे बिजली वितरण निगम हरियाणा एग्री डिस्कॉम की स्थापना का निर्णय भी किसानों को राहत देगा। प्रदेश की 1 लाख 40 हजार एकड़ से अधिक नमकीन भूमि को खेती योग्य बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

## ऑपरेशन आक्रमण अंतर्गत पलवल पुलिस की नशा तस्करों पर बड़ी कार्यवाही

**अरविन्द बक्शी, भेदी नजर, पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी वरुण सिंगला, आईपीएस द्वारा जिला पुलिस को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं। इसी कड़ी में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए गए ₹ऑपरेशन आक्रमण₹ के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी निरीक्षक विश्व गौरव की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अंधोप-सौन्ध रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11.64 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। पकड़े गए आरोपित की पहचान नूंह के नई गांव के रहने वाले अनिल के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एएसआई सिराजुद्दीन के नेतृत्व में टीम बहीन मोड़ पर गश्त और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए मौजूद थी।

# मथुरा में बहन के बॉयफ्रेंड की गोली मारकर हत्या

भेदी नज़र, मथुरा

मथुरा में नाबालिग बहन के अफेयर से नाराज भाई ने बॉयफ्रेंड की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद व्हाट्सएप स्टेटस पर एक फोटो और रील लगाया। तस्वीर में उसके दोनों हाथों में तमंचा दिख रहा है। जबकि रील में बेखौफ नजर आ रहा है। गाने की लाइन है- जट बंदा मारकर आया है, ना उसे पता चला, ना तेरा पता चलेगा।

भाई का स्टेटस देखकर बहन को घटना का पता चला। वह घर में फंदा लगाकर लटक गई। परिजन उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए। वहां से गंभीर हालत में उसे आगरा रेफर कर दिया गया।

घटना मंगलवार सुबह 9 बजे की नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव की है। जिस लड़के की हत्या हुई है, उसकी पहचान अर्जुन के रूप में हुई है। पुलिस ने लड़की के भाई और उसके दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों गांव से फरार हैं। पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।



नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला अर्जुन (30) ट्रक ड्राइवर था। उसका गांव की ही 9वीं में पढ़ने वाली नाबालिग लड़की से अफेयर था। दोनों इंस्टाग्राम पर बात करते थे। इसकी जानकारी लड़की के भाई को हुई तो गुस्सा हो गया।

लड़की के भाई और उसके एक दोस्त ने मंगलवार को अर्जुन को मिलने के लिए बुलाया। गांव में ही घर से कुछ दूरी पर उनकी मुलाकात हुई। भाई ने अर्जुन को अपनी बहन से दूर रहने की हिदायत दी।

इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हुई। भाई ने अर्जुन के सीने में गोली मार दी। अर्जुन घायल हालत में भागने लगा। लड़की के भाई ने दूसरी गोली उसकी पीठ पर मारी। अर्जुन गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

अर्जुन को गोली मारने के बाद आरोपी युवक जब घर पहुंचा तो उसकी बहन फंदे से लटकी मिली। उसने चिल्लाकर परिजनों को बुलाया। उसे तत्काल फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल पहुंची लड़की की मां ने बताया कि अर्जुन पिछले 4 दिन से उनकी बेटी को परेशान कर रहा था। 9वीं में पढ़ने वाली बेटी उसी दिन से स्कूल नहीं जा रही थी। मंगलवार को वह अपनी बेटी के साथ खेत से आ रही थी, इसी दौरान अर्जुन बाइक से आया और छेड़खानी करने लगा। इससे परेशान होकर उनकी बेटी ने घर में आकर फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

वारदात की जानकारी मिलते ही एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत, सीओ मांट संदीप सिंह, थाना नौहझील सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। अर्जुन और लड़की को इलाज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया। जबकि लड़की को आगरा रेफर किया गया।

## मथुरा में जलती होलिका से निकला पंडा

**भेदी नज़र, मथुर।** होलिका की धधकती आग। लाठी लेकर चिल्लाते लोग। 25 फीट ऊंची लपटें, तभी सिर पर गमछा और गले में रुद्राक्ष की माला पहने संजू पंडा नाम का शख्स वहां पहुंचता है। वह धधकती आग के बीच से दौड़ता हुआ गुजरता है। बीच में अग्नि देवता को प्रणाम करता है, फिर कुछ सेकेंड में ही जलती होलिका को पार कर जाता है। उफ तक नहीं करता, शरीर बिल्कुल नहीं झुलसता। यह दृश्य मथुरा में मंगलवार सुबह 4 बजे दिखा। जिसने भी यह नजारा देखा, वो हैरान रह गया। देश-विदेश के 50 हजार से ज्यादा लोग बांके-बिहारी की जय का उद्घोष करने लगे।

करीब 5200 साल पुरानी यह परंपरा जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर फालैन गांव में होलिका दहन की रात मनाई जाती है। मान्यता है कि हिरण्यकश्यप की बहन होलिका ने भक्त प्रह्लाद को जलाने का प्रयास किया था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाई थी। दूसरी बार संजू पंडा धधकती आग के बीच से निकला है। इससे पहले, संजू के बड़े भाई मोनू पंडा इस परंपरा को निभाते रहे हैं।

## एसटीपी प्लांट में लगी भीषण आग: दो घंटे की मशक्कत के बाद 10 गाड़ियों ने काबू पाया

**भेदी नज़र, मथुरा।** मथुरा के जमुनापार स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में देर रात करीब 2 बजे भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि उसकी लपटें और काले धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई दे रहा था। इस घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की लगभग 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। प्लांट में मौजूद मशीनरी, केबल और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैल रही थी। दमकलकर्मियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 2 घंटे के लगातार प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल, दोबारा आग भड़कने से रोकने के लिए कूलिंग का काम जारी है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, प्रशासन और दमकल विभाग ने तकनीकी जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की बात कही है। इस अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन प्लांट की मशीनरी और अन्य संपत्ति को भारी नुकसान होने की आशंका है। एहतियात के तौर पर पुलिस ने बचाव कार्य में बाधा न आए, इसके लिए प्लांट के आसपास सुरक्षा वको लेकर तैनात रही। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## मथुरा में होली पर दो पक्षों में मारपीट

**भेदी नज़र, मथुरा।** मथुरा के थाना जमुनापार क्षेत्र के ईसापुर गांव में होली खेलने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। यह विवाद सोमवार देर रात मारपीट में बदल गया, जिससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, होली के दौरान रंग लगाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुरूआती बहस जल्द ही धक्का-मुक्की और फिर मारपीट में बदल गई। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे कई लोग घायल हो गए। हालांकि, घायलों की सटीक संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने जमुनापार थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस गांव पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की हिदायत दी। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने मामले में तत्परता से कार्रवाई नहीं की और उन्हें ही थाने में बैठा लिया, जबकि मारपीट करने वाले खुलेआम घूम रहे हैं। इस बात को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। बाद में कई ग्रामीण थाने पहुंचे और निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और प्राप्त तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गांव में फिलहाल स्थिति सामान्य बनी हुई है।

## भूसा से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, बाजना फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति की दबकर मौत

भेदी नज़र, मथुरा

मथुरा के थाना हाईवे क्षेत्र में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को एक सड़क हादसा हुआ। बाजना रेलवे लाइन फ्लाईओवर के पास भूसा से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस को डायल 112 के माध्यम से घटना की सूचना मिली। थाना हाईवे के प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, भूसा से लदी ट्रॉली अचानक असंतुलित होकर पलटी, जिसकी चपेट में आने से बालू उर्फ पत्ता (लगभग 35 वर्ष), निवासी भिंड-भटिंडा, की मृत्यु हो गई।



पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों को सूचित करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना स्थल का निरीक्षण प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह और उपनिरीक्षक रोहन कुचालिया ने किया।

इस मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है और न ही किसी की गिरफ्तारी हुई है। थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## मथुरा में पुलिस मुठभेड़, लूट का वांछित गिरफ्तार

भेदी नज़र, मथुरा

मथुरा के गोवर्धन में मगोर्रा थाना में सौंख-गोवर्धन रोड स्थित नगला अक्खा माइनर पुलिया के पास सोमवार को देर रात 9 बजें पुलिस मुठभेड़ के बाद लूट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसके बाद आरोपी को घायल अवस्था में दबोच लिया गया। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद कब्जे से 1 तमंचा (.315 बोर), 02 खोखा कारतूस (.315 बोर), 02 जिंदा कारतूस (.315 बोर), लूटा गया 01 मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल की चाबी और 01 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना सौंख-गोवर्धन रोड स्थित अक्खा (माइनर) पुलिया के पास हुई। कुलदीप पुत्र इंद्रपाल (लगभग 29 वर्ष), निवासी अंडला, थाना खैर, जिला अलीगढ़, मकेरा पुलिया के पास से एक वादी से मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल की चाबी लूटकर फरार हुआ था। पुलिस ने सूचना के आधार पर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग की।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में कुलदीप के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा (.315 बोर), 02 खोखा कारतूस (.315 बोर), 02 जिंदा कारतूस



(.315 बोर), लूटा गया 01 मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल की चाबी और 01 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

घायल अभियुक्त को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय, मथुरा भेजा गया है। पुलिस उसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है और अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार ने बताया कि अभियुक्त लूट की घटना के बाद से फरार चल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। खुद को घिरा देख अभियुक्त ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में वह घायल हो गया। उसके पास से अवैध हथियार, कारतूस और लूटा गया सामान बरामद किया गया है।

## दौलतपुर में तिराहे पर पोस्टर से तनाव

**भेदी नज़र, मथुरा।** मथुरा के फरह थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में सोमवार रात उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब एक तिराहे पर बिजली के खंभे पर बिना प्रशासनिक अनुमति के एक इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड डॉ. भीमराव आंबेडकर का पोस्टर फ्रेम लगा दिया गया। बोर्ड पर कथित तौर पर जाति विशेष का उल्लेख होने के कारण गांव के दूसरे पक्ष ने इसका कड़ा विरोध किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी छोटेलाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोर्ड लगाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई। आरोप है कि इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता की कोशिश की, जिसके कारण स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस को कुछ समय के लिए पीछे हटना पड़ा। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल गांव में पहुंचा और दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों, विशेषकर बिजली के खंभों या सरकारी संपत्ति पर किसी भी प्रकार का बोर्ड, पोस्टर या नाम पट्ट लगाने से पहले विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य है। तनाव को देखते हुए पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड और पोस्टर फ्रेम को हटवाकर सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया है। फिलहाल गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति सार्वजनिक स्थलों पर सामग्री लगाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मथुरा में चतुर्वेदी समाज का होली डोला संपन्न

### पारंपरिक शोभायात्रा में शामिल हुईं कई झांकियां

भेदी नज़र, मथुरा

मथुरा में चतुर्वेदी समाज का पारंपरिक होली डोला धूमधाम से संपन्न हुआ। यह शोभायात्रा द्वारकाधीश मंदिर के नीचे से शुरू हुई, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद डोले को रवाना किया गया।

डोला यात्रा में समाज के गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रंग-गुलाल उड़ाते, ढोल-नगाड़ों और ब्रज के रसिया गीतों की धुन पर यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर डोले का स्वागत किया।

माथुर चतुर्वेद परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि इस वर्ष डोले में लगभग 20 से 22 झांकियां शामिल थीं। 6 डीजे और 8 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर राधा-कृष्ण की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। विभिन्न बैंड-बाजों की धुनें पूरे वातावरण को उत्सवमय बनाए हुए थीं।

अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के संरक्षक एवं परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुका है और समाज की एकता व परंपरा का प्रतीक है। पाठक ने देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया।

## मथुरा में डायल-112 वाहन की वैगनआर से टक्कर

### कार पलटी, महिला सहित चार घायल, पुलिस जांच में जुटी

भेदी नज़र, मथुरा

मथुरा में सोमवार रात डायल-112 पुलिस वाहन और एक वैगनआर कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। यह हादसा थाना कोतवाली क्षेत्र की चौकी कृष्णा नगर अंतर्गत मंडी चौराहे के पास रात करीब 11 बजे हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैगनआर कार सड़क पर पलट गई। इस दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डायल-112 का पुलिस वाहन



किसी आपात सूचना पर तेज गति से जा रहा था। मंडी चौराहे पर सामने से आ रही वैगनआर कार से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में सवार तीन लोग घायल हुए, जबकि पास से गुजर रही एक महिला भी इसकी चपेट में आ गई।

घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि टक्कर के बाद डायल-112 का वाहन आगे बढ़ गया था।

चौकी प्रभारी कृष्णा नगर विपिन तोमर ने बताया कि पुलिस टीम एक विशेष सूचना पर जा रही थी, तभी चौराहे पर यह दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घायलों में से एक अमित ने बताया कि वे निजी कार्य से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## होली पर बाजार गुलजार, दुकानें सजी: बलरामपुर में रंग

**भेदी नज़र, मथुरा।** बलरामपुर बलरामपुर में होली की पूर्व संध्या पर बाजारों में रौनक लौट आई है। शहर से लेकर गांव तक उत्साह का माहौल है। रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजी हुई हैं, जहां बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों में आकर्षक डिजाइन वाली पिचकारियों, रंग-बिरंगे मुखौटों और विभिन्न प्रकार के गुलाल की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। फुटपाथों पर सजी रंगों की दुकानें भी राहगीरों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। इस बार खुले और पैकेट वाले रंगों के साथ-साथ हर्बल रंगों की मांग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रंग विक्रेता महेश गुप्त ने बताया कि त्वचा की सुरक्षा को देखते हुए लोग हर्बल गुलाल को प्राथमिकता दे रहे हैं। कपड़ों की दुकानों और शोरूम पर भी ग्राहकों की चहल-पहल बढ़ गई है। आकर्षक ऑफरों के कारण महिलाओं और बच्चों की भीड़ विशेष रूप से देखी जा रही है। कपड़ा व्यापारी रिंकू मदान के अनुसार, त्योहार के मद्देनजर बिक्री में अच्छी तेजी आई है। महिलाओं ने कॉस्मेटिक उत्पादों, चिप्स, पापड़, नमकीन और खोवा मिठाई की भी खूब खरीदारी की। सोमवार को बाजार अपेक्षाकृत शांत रहा, जहां इक्का-दुक्का ग्राहक ही नजर आए।

## मथुरा में भाजपा का होली मिलन समारोह

### ब्रज के फाग गीतों पर झूमे कार्यकर्ता, श्रीकांत शर्मा ने भी गाया होली का रसिया

भेदी नज़र, मथुरा

मथुरा में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा सोमवार को सौंख रोड स्थित होटल कृष्णा ग्रीन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ब्रज की पारंपरिक रंगत और फाग के उल्लास के बीच हुए इस आयोजन में रंग, रस और संगठनात्मक ऊर्जा का संगम देखने को मिला। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए।




समारोह का मुख्य आकर्षण पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं मथुरा-वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा का ब्रज लोकस्वर में होली गायन रहा। जैसे ही उन्होंने फाग की तान छेड़ी, पूरा पंडाल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। चंग और ढप की थाप पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए। गुलाल और पुष्पवर्षा के बीच सभी ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

विधायक श्रीकांत शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ब्रज की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती और समाजसेवा के संकल्प को और दृढ़ करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े विभाग प्रचारक पारस पार्थ सारथी ने संगठन की विचारधारा पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संदेश दिया। राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह और महापौर विनोद अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ब्रज की सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने पर बल दिया।

महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हैं और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाते हैं।

इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर, पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल, पूर्व नगर महामंत्री संजय शर्मा, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, रामकिशन पाठक, चंद्रपाल कुंतल, हरिओम शर्मा एडवोकेट, महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, नितिन चतुर्वेदी, अमित पाठक, हेमंत खंदौली, विजय शर्मा, नितिन कौशिक, लोकेश निषाद, राजू चौधरी, हाकिम सिंह टीटू, अजय सिंह राजावत, सुरेंद्र सिंह सिरोही, लोकेश अग्रवाल, प्रकाश गौर एवं आशीष शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मथुरा में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

### एक साथी गंभीर घायल, पुलिस जांच में जुटी

भेदी नज़र, मथुरा

मथुरा में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना नरहौली चौराहे के समीप हुई, जिसमें उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस कंट्रोल रूम को नरहौली चौराहे के पास दिल्ली से आगरा की ओर जाने वाले पुल के समीप एक बाइक को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही थाना हाईवे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार ने घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल



भिजवाया।


जांच में सामने आया कि अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी थी। हादसे में बाइक सवार रामबाबू (28 वर्ष) पुत्र पूरन, निवासी विजय का पुरा, नादनपुर थाना बसेड़ी, जिला धौलपुर (राजस्थान) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। उनके साथी बाबी पुत्र प्रकाश, निवासी बासुरई, थाना नादनपुर बसेड़ी, जिला धौलपुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल बाबी को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। थाना हाईवे प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया है और पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है।

परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## सैर-सपाटा

# रोमांस से भरपूर नार्थइंडिया के सात स्पेशल हनीमून डेस्टिनेशन



**प्यार,** खुशी, छेड़छाड़ और मस्ती के अनगिनत लमहों का एहसास है हनीमून। इन लमहों को संजोएं कुछ इस तरह कि जब भी याद आएं तो तनमन को गुदगुदा जाएं... ख्वाबों के सच होने की रुत, मुहब्बत के एहसास में भीग जाने का मौसम, किसी को पा लेने, किसी के हो जाने का एहसास, काश, हनीमून पर बिताया हर लमहा यादगार बन जाए।

लेकिन ऐसे में किसी भी जोड़े के लिए एक मुश्किल सवाल होता है। जिसमें वो सोचता रह जाता है कि हनीमून के लिए सबसे दिलचस्प जगह कौन सी है जहां अपने साथी के साथ यादगार लम्हें बिता सकें। यूं तो भारत में बहुत सी खूबसूरत आकर्षण करने वाली जगह हैं। आज हम अपने इस आर्टिकल के जरिये आपको अवगत कराने जा रहे हैं उत्तर भारत में मौजूद टॉप 7 हनीमून स्पॉट्स से।

**उदयपुर**

अगर आप अपने हनीमून को महलों और झीलों के बीच बिताना चाहते हैं तो उदयपुर एक बेहत विकल्प है। जिसे झीलों के शहर के रूप में भी जाना जाता है। इस खूबसूरत जगह पर आप राजसी ठाठ के साथ सुंदर नजारों की लुत्फ उठा सकते हैं। यह जगह भारत का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपरा के लिए विख्यात है। यदि बात इस शहर में पर्यटन की हो तो यहां आने वाले कपल सहेलियों की बाड़ी, बड़ा महल, गुलाब बाग, महाराणा प्रताप स्मारक, लक्ष्मी चैक, दिल कुशल, गोल महल के अलावा यहां मौजूद अलग अलग संग्रहालयों और गैलरियों की यात्रा अवश्य करें।

**मनाली**

मनाली भारत के सबसे दिलकश डेस्टिनेशंस में शुमार और हनीमून के लिए परफेक्ट, मनाली को हमेशा ही एक रोमेंटिक स्थल का दर्जा दिया गया है। यहां की खुशनुमा वादियां आपके हनीमून में चार चांद लगा देंगी। यहां आप बर्फ से ढकी चोटियां, कल कल बहती व्यास नदी, ऊंचे ऊंचे वृक्ष, ठंडी हवाएं, प्राकृतिक दिलकश नजारे आदि का जी भर के लुफ्त उठा सकते हैं।

मनाली आपे पर्यटकों के बीच यहां के सुंदर दृश्यों, गार्डन, पहाड़ो, और सेब के बागों के लिए जाना जाता है। मनाली, कुल्लु जिले का एक हिस्सा है जो हिमाचल की राजधानी शिमला से 250 किमी. की दूरी पर स्थित है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, मनाली का नाम मनु से उत्पन्न हुआ है जिन्हें सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रहमा ने बनाया था। यदि बात यहां के पर्यटन की हो तो आपको बता दें कि हनीमून पर आये कपल यहां ऐसा बहुत कुछ देख सकते हैं जो शायद ही उन्होंने कभी देखा हो। अपनी मनाली की यात्रा पर यहां आने वाले पर्यटक व्यायस कुंड, हडिम्बा मंदिर, रोहतांग पास, सोलांग घाटी, भरीगु झील, क्लब हाउस, फ्रैंडशिप चोटी, जगन्नोथ मंदिर, जगतसुख गांव जैसे स्थानों की यात्रा करना बिलकुल न भूलें।

**नैनीताल**

नैनीताल भारत के उत्तराखण्ड राज्य का एक प्रमुख पर्यटक स्थल है। आप यहां आकर नैनीताल की रंगीन वादियों में अपने पार्टनर के साथ और मजबूत रिश्ता बना सकते हैं। बर्फ से ढ़के पहाड़ों के बीच बसा यह स्थायन झीलों से घिरा हुआ है। इनमें से सबसे प्रमुख झील नैनी झील है जिसके नाम पर इस जगह का नाम नैनीताल पड़ा है। इसलिए इसे झीलों का शहर भी कहा जाता है। नैनीताल अपने खूबसूरत परिदृश्यों और शांत परिवेश के कारण पर्यटकों के स्वर्ग के रूप में जाना जाता है। नैनीताल की सुदरंता पर्यटक और हनीमून पर आये कपल को बेहद ही सुखनुमा अनुभव प्रदान करती हैं। यहां आने वाले कपल स्नो व्यू, टिफिन टॉप, चाइना पीक किलबरी, खुपार्ताल, लैंडस-एंड, मॉल रोड जैसे स्थानों की यात्रा अवश्य करें और अपने हनीमून को यादगार बनाएं।

**धर्मशाला**

धर्मशाला को पहाड़ों की रानी, सौंदर्य की देवी, भारत में एक मिनी ल्हासा जैसे कई नामों से संबोधित किया जाता है। धर्मशाला कांगड़ा के उत्तर-पूर्व में 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह शहर चंडीगढ़ से 239 किलोमीटर, मनाली से 252 किलोमीटर, शिमला से 322 किलोमीटर और नई दिल्ली से 514 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

कांगड़ा घाटी में हिमालय की घौलाधार पहाड़ियों पर बसे इस बेहद खूबसूरत शहर की तरफ लोग बस यूंही खिंचे चले आते हैं। हिमायल की दिलकश, बर्फ से ढ़की चोटियां, चारों ओर हरे भरे खेत, हरियाली और कुदरती सुन्दरता, चाय बागानों, चीड के जंगलों और देवदार के पेड़ों से घिरा धर्मशाला है ही इतना रोमांटिक और खूबसूरत जो आने वाले किसी भी कपल का मन मोह सकता है।

बात यदि एक कपल के लिए यहां मौजूद पर्यटक स्थलों की हो तो यहां आने के बाद कपल डल झील, हरिपुर-गुलेर, मछिरल, ततवानी हॉट स्प्रिंग, त्रिउंड, सेंट जॉन चर्च, हनुमान का टिब्बा, करेरी जैसे स्थानों की यात्रा अवश्य करें और अपने हनीमून को हमेशा के लिए यादगार बनाएं।

**श्रीनगर**

बात अगर हनीमून डेस्टिनेशंस की हो, और कश्मीर की खूबसूरत वादियों का जिक्र ना हो ऐसा तो मुमकिन ही नहीं है। कश्मीर जिसे धरती के स्वर्ग के नाम से जाना जाता है। तभी तो कोई भी जोड़ा हो उसकी पहली पसंद श्रीनगर ही होती है जहां वह अपनी जिन्दगी का एक खूबसूरत फलसफा शुरू करना चाहते हैं। तो चलिए हनीमून को यादगार बनाने के लिए श्रीनगर की दिलकश वादियों में। जहां आप बेहद आकर्षक नजारों को देखने के साथ साथ शिकारे का आंनद भी उठा सकते हैं। ये प्रेम-लीन जोड़ों का पसंदीदा स्थान है। यह शहर अपनी नगीन और डल जैसी खूबसूरत झीलों के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। यहां के निशात बाग, शालीमार बाग, अच्छापबल बाग, चश्मा़ा शाही और परी महल काफी प्रसिद्ध हैं।

**मसूरी**

कुदरत का अनमोल खजाना मसूरी जिसे पहाड़ों की रानी के नाम से भी जाना जाता हैं। उत्तराखंड राज्य में स्थित मसूरी देहरादून से 35 किमी की दूरी पर अवस्थित हैं जहां लोग बार बार आना पंसद करते हैं। मसूरी अपने पर्यटन के लिए काफी प्रसिद्ध हैं। मसूरी की छोटी-छोटी सड़कों से जब गाड़ियां घूमकर जाती है तो पहाड़ियों का नजारा बहुत ही सुंदर दिखाई देता है। बात यदि एक कपल के लिए यहां मौजूद पर्यटक स्थलों की हो तो यहां आने के बाद कपल चाइल्डर्स लॉज, मसूरी झील, संतरा देवी मंदिर, गन हिल, केम्पटी फॉल, लेक मिस्ट जैसे स्थानों की यात्रा अवश्य करें और अपने हनीमून को हमेशा के लिए यादगार बनाएं।

# अपने ब्यूटी रूटीन में जरूर शामिल करें ये ऑइल



## नारी संसार

**इन** दिनों ऑइल ब्यूटी प्रोडक्ट्स का सबसे पॉप्युलर इंग्रेडिएंट बना हुआ है। फेशियल मॉइस्चराइजर से लेकर हेयर ट्रीटमेंट तक ऑइल ही पसंद किया जा रहा है। लेकिन कई लोग डरते हैं की कहीं ऑइल यूज करने से, खासकर गर्मी या बारिश में गरीजी और ग्रूपी स्किन ना हो जाए। नोट करें कि किसी भी क्रीम बेस्ड प्रोडक्ट को यूज करने से ऑइल बेस्ड प्रोडक्ट ज्यादा फायदेमंद होता है। ये वजन में भी बेहद लाईट होता है। खासकर प्लांट बेस्ड ऑइल आपके स्किन टेक्स्चर के लिए बेहद स्मूद और सूदिंग होते हैं। ये नैचरल ग्लो भी देते हैं। मेकअप रिमूवर के तौर पर ऑइल से बेहतर कुछ नहीं होता। आजकल तो मार्केट में ऑइल बेस्ड शैम्पू भी मिलने लगे हैं जो बालों को ज्यादा ड्राय नहीं होने देते। इसके अतिरिक्तआ कई तरह से ब्यूटी ऑइल यूज किए जा सकते हैं....

अपने डेली फेस मॉइस्चराइजर की जगह ऑइल यूज करें। ये चेहरे की ड्राइनेस दूर करने के साथ ही मॉइस्चर को बनाए रखता है। इसके अलावा आप इसे मसाज ऑइल की तरह भी यूज कर सकते हैं। लेमन यूकेलिप्टस या पिंक ग्रेप फ्रूट वाले ऑइल यूज करें। एक्स्ट्रा रिलैक्सेशन के लिए इसे टेन्स मसल पर ज्यादा यूज करें। इन दिनों ऑलिव ऑइल के साथ लाईट वेट फामूर्ला वाले फेशियल क्लेंजर मिलते हैं। ये आपके पोर्स भी बंद नहीं करते और मेकअप भी (वॉटरप्रूफ भी) आसानी से पूरी तरह से साफ करते हैं। इसे पूरे चेहरे पर लगाएं। अच्छे से मसाज करके पानी से धो लें।

लाईट वेट बॉडी ऑइल्स यूज करें। आर्गन, सोयाबीन और मोरिंगा ऑइल के ब्लेंड वाला बॉडी ऑइल यूज करें। इसमें वॉयलेट, सैंडलवुड और वैनिला एक्सट्रैक्ट भी होता है। ऑइल बेस्ड एसपीएफ स्प्रे यूज किए जा सकते हैं जो बेहतरीन सनस्क्रीन साबित होते हैं। ये आपकी स्किन और बाल को यूवी डैमेज से बचाते हैं। साथ ही ड्राय स्किन पूरी तरह मॉइस्चराइज रखते हैं। क्लैरिन्स का सनस्क्रीन स्प्रे इन दिनों पसंद किया जा रहा है।

फेस-क्लेंजिंग ऑइल की ही तरह ऑइल बेस्ड शैम्पू भी मिलते हैं। ये बालों की गंदगी साफ करने के अलावा बाल सॉफ्ट बनाए रखते हैं, इन्हें वॉल्यूम देते हैं और मॉइस्चर भी बनाए रखते हैं। अद्भुत नतीजे के लिए एक टी-स्पून शैम्पू को थोड़े से पानी में मिक्स करके झाग बनाकर शैम्पू करें। डैम्प और ड्राय हेयर के लिए थोड़ा-सा नॉन-स्टिकी हेयर ऑइल ऑइल मसाज करें। इससे बाल डी-फ्रिज होते हैं, डीटैंगल होते हैं और स्प्लिट एंड्स से बचते हैं। यूवी रेज और हीट डैमेज से भी बचाव हो जाता है। इस तरह के लिप-ऑइल बेहद खूबसूरत लगते हैं. नैचरल ग्लोइंग लिप्स और लव-एट-फर्स्ट-स्वाइप के लिए ये ऑइल जरूर यूज करें। लाईट वेट ऑइल-बेस्ड कंसिस्टेंसी के कारण ये लगाने में बेहद आसान भी होते हैं।

# पहली नौकरी के दौरान इन बातों का रखें ध्यान



**आपने** परीक्षा, इंटरव्यू आदि तमाम बाधाओं को पार करते हुए अपनी पसंद की नौकरी हासिल कर ली। यह मौका संतुष्ट होकर बैठ जाने का नहीं है, बल्कि आपसे यह अपेक्षा है कि आप पहले ही दिन अपने बॉस व साथियों से अपना लोहा मनवा लें और फिर लगातार स्वयं में सुधार लाते जाएं। अपनी पहली नौकरी में अच्छा काम कर दिखाना सफल करियर बनाने के लिए बहुत जरूरी है। आपको खूब मेहनत करनी होगी। पढ़ाई के दिनों की आदतें छोड़नी होंगीं। यह समझना होगा कि अब आप स्टूडेंट नहीं, प्रोफेशनल हैं। जानिए कि अपनी पहली नौकरी में आपको किन बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

**टाइम मैनेजमेंट**

इस बात का खास ध्यान रखें कि आप तय समय से कुछ पहले ऑफिस पहुंच जाएं। कॉलेज में पहला पीरियड निकल जाने के बाद पहुंचना चल जाता था लेकिन ऑफिस में यह रवैया नहीं चल सकता। स्कूल-कॉलेज में साल के अंत में आपको परीक्षा देनी होती थी मगर यहां आपको रोज-रोज परीक्षा देनी है और उसमें पास भी होना है। तय समय से पहले ऑफिस न छोड़ें। जो भी काम आपको सौंपा गया है, उसे समय-सीमा के अंदर पूरा कर दें। इसके लिए टाइम मैनेजमेंट बहुत जरूरी है।

**ऑफिस का माहौल जानें**

हर ऑफिस का अपना खास माहौल, अपनी खास संस्कृति होती है। पहले दिन से ही इसका अध्ययन कर इसे समझने की कोशिश करें। यह देखें कि क्या कर्मचारी कैजुअल कपड़े पहनकर आते हैं या फिर फॉर्मल। यह भी कि वे ईमेल के जरिये संवाद करते हैं या रूबरू मिलकर। कुछ काम बच जाए, तो उसे घर से करने का चलन है या नहीं...।

जानें आपसे क्या चाहा गया है

आपको स्वयं पहल करके अपने बॉस के साथ बातचीत करनी होगी। उनसे जानें कि आपकी जिम्मेदारियां ठीक-ठीक क्या हैं। यह भी कि कंपनी के लक्ष्यों को पाने की प्रक्रिया में आप कहां ठहरते हैं।

**अच्छे दिखें**

फर्स्ट इंप्रेशन का अहम पहलू यह है कि आप दिखते कैसे हैं। स्मार्ट और प्रोफेशनल तरीके से कपड़े पहनें। साफ-सफाई का ध्यान रखें। आपके कपड़े आरामदायक होने चाहिए, जिनमें आप पूरा दिन काम करते हुए बिता सकें।

**सुनें, देखें**

आपको लग सकता है कि आप बहुत कुछ जानते हैं और आपके आइडिया के दम पर कंपनी का बहुत फायदा हो सकता है लेकिन यह मत भूलिए कि कंपनी में अन्य लोग आपसे बहुत पहले से काम करते आ रहे हैं। उनके पास अनुभव है। इसलिए बिन मांगे अपने सुझाव न दें, खास तौर पर डींगें हांकने वाले अंदाज में तो कतई नहीं।

शुरूआत में बेहतर यही होगा कि आप दूसरों की सुनें, उनके काम को देखें। जब पूछा जाए, तो ही अपनी राय दें और वह भी विनम्रता से। यदि कोई बात समझ में न आ रही हो, तो सवाल पूछने में झिझकें नहीं। कंपनी जानती है कि आप फ्रेशर हैं। कोई यह उम्मीद नहीं कर रहा कि आपको सब कुछ आता है। सो आपका सवाल पूछना सामान्य ही माना जाएगा। इससे यह समझा जाएगा कि आपमें काम सीखने की लगन है।

# इन तरीकों को अपनाकर बचा सकते हैं ई-मनी



**भारत** सरकार और रिजर्व बैंक अगले दो वर्षों के भीतर देश में ई-भुगतान (इलेक्ट्रॉ निक पेमेंट) प्रणाली को बढ़ाना चाहते हैं। ई-भुगतान यानी बिना नगदी के होने वाले लेनदेन। इन तरीकों में कार्ड, इंटरनेट अथवा मोबाइल से रकम का भुगतान किया जाता है। हालांकि इस तरीके में भी धोखाधड़ी तथा हैकिंग का खतरा बना रहता है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे तरीकों को, जिनसे ई-ट्रांसेक्शरन के दौरान सुरक्षा बनी रहे।

**सार्वजनिक कम्यूीन टर्स का इस्तेगमाल न करें**

ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन के लिए सार्वजनिक कम्यूरटर्स का प्रयोग न करें। अगर ऐसा करना भी पड़े तो यथा संभव अपने कम्यूैंक टर पर पहुंचने के साथ ही पासवर्ड को बदल दें।

**बैंकिंग जानकारी चाहने वाले ईमेल्सु से बचें**

यदि आपके कोई ऐसा ईमेल्स। प्राप्त् हों, जिनमें आपके बैंक खाते से संबंधित जानकारी मांगी जाए, तो उन्हेंभ डिलीट कर दें या फिर नजरअंदाज करें। यह धोखाधड़ी के तरीकों में से एक है। इससे आपका कम्यूहता टर भी हैक हो सकता है।

**ईमेल की लिंक्सय पर क्लिक करते समय रहें सावधान**

अंजान अथवा संदेहास्पाद प्रकार के ईमेल्सक को खोलने से बचें। यदि खोलें भी तो, उसमें दिए गए किसी लिंक पर क्लिक न करें। यदि आपको किसी वेबसाइट पर जाना है तो मैनुअल तरीके से उसका एड्रेड टाइप करिए। कई बार धोखेबाज, नकली वेबसाइट बनाकर उसका लिंक भेज देते हैं।

**कम्यूजि टर का एंटी वायरस अपडेट रखें**

अपने कम्यूनक टर के एंटी-वायरस को हमेशा अपडेट रखें। अच्छील कंपनी का एंटी वायरस इस्तेहमाल करें।

**मजबूत पासवर्ड बनाएं**

बैंक खातों के लिए पासवर्ड बनाते समय सतर्क रहें। पासवर्ड बनाते समय लोअर केस, अपर केस, अंकों तथा स्पे शल कैरेक्टिर्स का इस्तेपमाल करें। पासवर्ड के रूप में जन्मेतिथि, वर्षगांठ, परिजनो के नाम या ऐसा कुछ भी न बनाएं जिसके बारे में आसानी से पता लगाया जा सके।

**हमेशा एचटीटीपीएस का ध्यासन रखें**

यदि आप बैंकिंग अथवा भुगतान वेबसाइट्स का उपयोग करते हैं तो हमेशा ध्यागन रखें कि उसके एड्रेस के पहले एचटीटीपीएस जरूर लिखा हो। सामान्यी एचटीटीपी का अर्थ होता है कि यह वेबसाइट सुरक्षित नहीं है।

**मोबाइल कनेक्शून को चेक करते रहें**

इस बात का हमेशा ध्याचन रखें कि आपका मोबाइल फोन कनेक्शिन ज्या दा दिनों तक बंद न रहे। यदि आपका मोबाइल काम नहीं कर रहा है तो संभव है कि उसके सिम की क्लो निंग कर ली गई हो। या फिर किसी धोखेबाज ने आपके नाम से नई सिम जारी करवा ली हो।

## बालपन

# ठीक हो जायेगा मिट्ठू

**मनोहर चमोली मनु**



जसवंत ने शिकायत की, मैम, इयारा ने मेरी कॉपी खराब कर दी। इयारा, स्टेण्ड अप। क्या किया तुमने? अनीता मैडम ने पूछा। तभी इयारा खड़ी हो गई। सनजीत भी बोला, मैम, इयारा अपने मुंह का च्विंगम खींच, खींच कर धागा बनाती है और उसे स्टूल, डैस्क में चिपका देती है। मैम ने कहा, तुम दोनों को कुछ और काम नहीं है! चलो अभी के अभी मेरी चेयर, टेबिल और इस क्लास के सभी बैंच, स्टूल साफ करो। बाकी बच्चों तुम सब बुक्स निकालो। यह कहकर अनीता मैडम पढ़ाने में व्यस्त हो गई।

नई मैडम नीता चावला का पहला दिन था। इयारा और दीया ने नीता चावला की कुर्सी में चबाया हुआ च्विंगम रख दिया। वह आई और चुपचाप कुर्सी में बैठकर हाजिरी लेने लगी। चावला मैडम ने जैसे ही इयारा का नाम पुकारा वह खड़ी होकर हंसने लगी।

नीता चावला ने पूछा, क्या हुआ? अटेंडेंस देने की बजाय तुम हंस रही हो? कुलबिन्दर कौर उठी। वह बोली, मैम, इन दोनों ने जरूर कोई गड़बड़ की है। इतना सुनते ही नीता चावला खड़ी हो गई। वह स्टूडेंट्स की ओर घूमी तो कुलबिंदर चिल्लाई, हा मैम, आपकी साड़ी में एक नहीं दो जगह च्विंगम चिपका हुआ है। ये इन दोनों ने ही रखा होगा। मैडम ने हाजिरी रजिस्टर बंद किया और सीधे प्रिंसिपल ऑफिस की ओर चली गई। दीया और इयारा के पेरेंट्स स्कूल में बुलाए गए।

इयारा की अम्मी बोली, इसे दीया ही च्विंगम खरीद कर देती है। इयारा ने घर में कई चादरें और रजाई खराब कर दी हैं। दीया के पिता धीरे से बोले, च्विंगम की लगातार आ रही शिकायतों के चलते मैं दीया के दो स्कूल बदल चुका हूं। प्रिंसिपल बोली, स्कूल बदलने से यह समस्या हल नहीं होगी। बच्चों को मारने, पीटने से उनकी यह आदत नहीं छूटेगी। बस उन दोनों का मन बदलना है। फिर भी आप ध्यान रखिए।

स्कूल में गर्मियों की छुट्टियां पड़ गई थीं। दीया के घर उसकी नानी आई हुई थी। दीया नानी के साथ ननिहाल चली आई। दीया किसी को बिना बताए अपने बैग में ढेर सारे च्विंगम साथ ले आई थी। गांव की मस्ती और खेलकूद में वह च्विंगम खाना ही भूल गई। गांव में उसके कई दोस्त बन गए थे। जुबैदा, शाईन, हरमिन्दर, आनंदा। एक सुबह जुबैदा ने दीया की नानी से कहा, मेरी अम्मी और अब्बू शहर गए हैं। मैं घर पर अकेली हूं। दीया को मेरे साथ भेज दीजिए। दीया की नानी ने कहा, ठीक है। लेकिन दिन में तुम दोनों खाना खाने आ जाना।

आओ जुबैदा, वेलकम। जुबैदा ने जैसे ही घर में कदम रखा, भीतर से आवाज आई तो दीया ने चैंकते हुए पूछा, घर में कौन है?

ओह! ये तो हमारा मिट्ठू है। ऊपर देखो।

दीया ने छत की ओर देखा तो उसे वहां एक पिंजरा नजर आया। पिंजरे में तोता था। ये तोता तो बोलता है! ये कितना प्यारा है। इसकी चोंच कितनी प्यारी है! ये क्या, क्या खाता है? दीया ने चैंकते हुए पूछा। जुबैदा ने बताया, हम जो भी खाते हैं, इसे भी देते हैं। मिट्ठू वन से लेकर हंड्रेड तक काउंट भी कर लेता है। दीया ने कहा, मैं अभी एक मिनट में आती हूं। यह कहकर दीया चली गई। दीया दौड़ती हुई वापिस आई। वह हांफते हुए बोली, मैं मिट्ठू को ऐसी चीज खिलाना चाहती हूं, जो इसने नहीं खाई होगी। यह कहकर उसने तीन, चार च्विंगम की गोलियां पिंजरे में डाल दी। कुछ च्विंगम उसने जुबैदा को देते हुए कहा, इसे च्विंगम कहते हैं। च्विंगम से दांतों की कसरत भी हो जाती है। और हां, इसे टॉफी या चॉकलेट की तरह चबाकर खाते नहीं है। बस चबाते रहते हैं।

अभी वे दोनों च्विंगम के बारे में बात कर ही रहे थे कि पिंजरे के अंदर तोता पंखों को बेहद तीव्रता के साथ फड़फड़ाने लगा। दीया ने पूछा, इसे अचानक क्या हुआ? ये क्यों चिल्लाया? जुबैदा बोली, पता नहीं। मिट्ठू ने पहले तो ऐसा कभी नहीं किया। अब उसने चिल्लाना बंद कर दिया था।

सुबह हुई तो दीया फिर जुबैदा के घर चली आई। वह सीधे पिंजरे के पास गई तो उसने देखा तोता निढाल पड़ा है। पिंजरे के पास ही जुबैदा के अम्मी, अब्बू चुपचाप खड़े हैं। दीया ने पूछा, आंटी, मिट्ठू को क्या हुआ? जुबैदा कहां है? जुबैदा के अब्बू बोले, जुबैदा घर के पीछे वाली कोठरी में बैठी है। उसने कल शाम से कुछ भी नहीं खाया है। यहां तक की पानी भी नहीं पिया है।

मगर क्यों?

क्योंकि उसके मिट्ठू ने भी कल शाम से न कुछ खाया है और न ही पिया है।

क्यों? मिट्ठू को क्या हुआ?

जुबैदा की अम्मी ने धीरे से कहा, दीया, तुम्हारे च्विंगम की वजह से ऐसा हुआ है।

च्विंगम की वजह से?

जुबैदा के अब्बू बोले, च्विंगम चिपचिपा होता है। वह मिट्ठू की चोंच और जीभ में गोंद की तरह चिपक गया है। शायद गले में भी। कल शाम से हमने इसकी आवाज भी नहीं सुनी है। अब यदि यह कुछ खाएगा, पीएगा नहीं तो मर ही जाएगा। यह सब सुनकर दीया सन्न रह गई। वह दौड़कर जुबैदा के पास जा पहुंची। जुबैदा को रोते देख दीया भी रोने लगी। वह जुबैदा से बोली, सॉरी जुबैदा। मुझे नहीं पता था कि च्विंगम से मिट्ठू की यह हालत हो जाएगी। पता नहीं अब क्या होगा? जुबैदा बोली, अब मिट्ठू का बचना मुश्किल है। यह कहकर वह रोने लगी।

## कविता

# आज बगीचे में

**हरीश कुमार**

आज बगीचे में
उमस के मौसम में हवा चली है
मैं आनंदित हूं
मन से तन से
एक तितली रंग बिरंगी
भिंडी के पौधे पर बैठी
हिलती पंख हिलाती
अच्छी सच्ची लग रही थी
मोहित होकर उसे पकड़ने को
बचपन की लालसा जगी थी
चुपचाप शिकारी की तरह मैंने
था कदम बढ़ाया किन्तु
रोक दिया इच्छा हाथ को
मन को भी झटकाया था
उड़ जाने दिया उसे पल में
मैं खुल के हंसा मुस्काया था।



# भारत, कनाडा ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की



नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।

भारत और कनाडा ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरूआत कर दी है। दोनों देश के बीच होने वाले इस समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) के नाम से जाना जाता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की उपस्थिति में इस समझौते के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस समझौते के लिए टीओआर पर भारत की ओर से वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और उनके कनाडाई समकक्ष मनिंदर सिद्धू ने हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने कहा, भारत और कनाडा ने नई दिल्ली में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए बातचीत शुरू की और इसे जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है।

भारत-कनाडा सीईपीए के लिए वाताओं की संदर्भ शर्तें (टीओआर) वार्ता की संरचना, आवृत्ति और कार्यप्रणाली निर्धारित करेंगी। ये संदर्भ शर्तें एक महत्वाकांक्षी, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को संपन्न करने के उद्देश्य से वाताओं को सुगम बनाने हेतु मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगी। वहीं, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में लिखा, कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री एम. सिद्धू लिबरल के साथ एक अच्छी बैठक हुई।

उन्होंने आगे कहा कि बातचीत इंडिया-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) को आगे बढ़ाने और एक सही और संतुलित नतीजा पक्का करने पर केंद्रित रही। गोयल ने बताया कि दोनों पक्षों ने पूरी बाइलेटरल इकोनॉमिक पार्टनरशिप को मजबूत करने के लिए काम करने का अपना प्रतिबद्धता दोहराया।

# भारत ने चीन से आयातित पीवीसी रेजिन के खिलाफ प्रतिपूर्ति शुल्क जांच शुरू की



नई दिल्ली,(वेब वार्ता)। घरेलू कंपनियों की शिकायतों के बाद भारत ने चीन से आयातित पीवीसी (पॉलीविनाइल क्लोराइड) रेजिन के खिलाफ प्रतिपूर्ति शुल्क जांच शुरू कर दी है। इस उत्पाद का उपयोग पाइप, बोतल और केबल सहित कई क्षेत्रों में किया जाता है।

वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने केम्प्लास्ट कुड्डालोर विनाइल्स, डीसीएम श्रीराम और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा दायर एक आवेदन के बाद यह जांच शुरू की है। आवेदकों ने आरोप लगाया है कि चीन अपने पीवीसी सस्पेंशन रेजिन निमार्ताओं को सब्सिडी दे रहा है और वे कंपनियां भारतीय बाजारों में सस्ते दामों पर माल डंप कर रही हैं, जिससे घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा, घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए पुख्ता आवेदन और सब्सिडी की मौजूदगी एवं उससे होने वाली क्षति के प्रथम द्दष्टया साक्ष्यों से संतुष्ट होने के बाद प्राधिकरण इसके द्वारा सब्सिडी-रोधी जांच शुरू करता है। महानिदेशालय कथित सब्सिडी की मौजूदगी, सीमा और प्रभाव का निर्धारण करेगा। इसके बाद वह प्रतिपूर्ति शुल्क की उस राशि की सिफारिश करेगा, जो लागू होने पर घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगी।

आवेदकों का आरोप है कि चीन के उत्पादकों और निर्यातकों को वहां की सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर दी जाने वाली सब्सिडी का लाभ मिला है। एक अलग अधिसूचना में, डीजीटीआर ने कहा कि उसने चीन से आयातित खरपतवार नाशक, ग्लूफोसिनेट और उसके लवणों पर लगाए गए डंपिंग-रोधी शुल्क की एंटी-एब्जॉर्प्शन जांच भी शुरू की है। सुपरफॉर्म केमिसीज, यूपीएल लिमिटेड और एस्ट्रल लाइफ इंडिया जैसी कंपनियों ने डीजीटीआर के समक्ष आवेदन दायर कर आरोप लगाया था कि चीन से होने वाले आयात पर लगे डंपिंग-रोधी शुल्क का असर कम हो रहा है। अधिसूचना के अनुसार, प्राधिकरण यह पता लगाने के लिए जांच कर रहा है कि क्या विदेशी निर्यातकों ने डंपिंग-रोधी शुल्क के असर को बेअसर कर दिया है।

# पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित नहीं होने की उम्मीद: टाटा समूह चेयरमैन

जमशेदपुर, (वेब वार्ता)।



टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को उम्मीद जतायी कि ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जारी संघर्ष का आपूर्ति श्रृंखला पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समूह ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करने की योजना बनाई है। चंद्रशेखरन ने पश्चिम एशिया में कार्यरत टाटा समूह की कंपनियों के कर्मचारियों की सुरक्षा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर काफी अनिश्चितता की स्थिति है। पिछला साल भी काफी कठिन रहा। मुझे लगता है कि हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे और मुझे उम्मीद है कि आपूर्ति श्रृंखला में कोई समस्या नहीं आएगी। चंद्रशेखरन ने कहा, भू-राजनीतिक स्थिति में अनिश्चितता को देखते हुए, हमने न केवल टाटा समूह बल्कि देश के लिए भी मौजूदा स्थिति से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करने की योजना बनाई है। चंद्रशेखरन यहां टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन तथा समूह की विभिन्न कंपनियों के प्रमुखों के साथ टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नुसरवानजी टाटा की 187वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यहां उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील पश्चिम एशिया से चूना पत्थर खरीदती है और उसके पास पर्याप्त भंडार है। उन्होंने कहा,टाटा स्टील वैकल्पिक स्रोतों से भी चूना पत्थर खरीदेगी। हमें विश्वास है कि इससे कोई समस्या नहीं होगी। टाटा समूह के चेयरमैन ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा अब उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा, हमारे कर्मचारी वहां सेवा कंपनियों और होटल में काम कर रहे हैं। एयर इंडिया के विमान उड़ान भर रहे हैं। हमारी मुख्य प्राथमिकता हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा है। हमारा समूह पिछले तीन दिनों से सक्रिय है। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। चंद्रशेखरन ने स्वीकार किया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए कारोबार में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकते हैं।

# पश्चिम एशिया संघर्ष से भारत में निवेश हो सकता है प्रभावित

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।



फिच ग्रुप की इकाई बीएमआई ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष जारी रहने से भारत में निवेश प्रभावित हो सकता है और इससे यूरोपीय संघ (ईयू) एवं अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौतों का जीडीपी पर पड़ने वाला सकारात्मक प्रभाव कम हो सकता है। बीएमआई ने अपनी इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आर्थिक वृद्धि का अनुमान सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

हालांकि उसने भू-राजनीतिक जोखिमों का जिक्र करते हुए कहा कि वह स्थिति का आकलन कर रही है ताकि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर इसके संभावित प्रभाव को मापा जा सके। रिपोर्ट कहती है, मार्च से अनिश्चितता में तेज बढ़ोतरी होने की आशंका है। हमें लगता है कि इससे भारत में निवेश हतोत्साहित होगा, जिससे ईयू और अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौतों का सकारात्मक प्रभाव आंशिक रूप से कम हो सकता है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल और खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन एवं मिसाइलें दागीं। इसके बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को चेतावनी दी।

यह संकरा समुद्री मार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक तेल एवं गैस आपूर्ति का प्रमुख रास्ता है। शोध एवं विश्लेषण फर्म बीएमआई ने कहा कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद हो जाता है, तो तेल एवं गैस कीमतों में वृद्धि के कारण भारत की जीडीपी पर 0.5 प्रतिशत अंक तक का प्रत्यक्ष नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का करीब 88 प्रतिशत आयात करता है। तेल कीमतों में बढ़ोतरी से आयात बिल बढ़ेगा और ईंधन महंगाई पर दबाव पड़ेगा। भारत और अमेरिका ने पिछले महीने अंतरिम व्यापार समझौते की एक रूपरेखा पर सहमति जताई थी, जिसके तहत शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने का प्रस्ताव है। हालांकि इसे लागू करने के लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

इस बीच, अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए व्यापक जवाबी शुल्क को अवैध करार देते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) के तहत मिले अधिकारों से अधिक कदम उठाया। फैसले के बाद अमेरिका ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। इस शुल्क को बाद में 15 प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा भी की गई लेकिन इस पर अभी कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। उधर, भारत और यूरोपीय संघ के बीच जनवरी में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सहमति बनी।

# मिडिल ईस्ट युद्ध से वैश्विक ऊर्जा संकट गहराया

फ्रैंकफर्ट, (वेब वार्ता)।



मिडिल ईस्ट में छिड़े भीषण संघर्ष के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में बड़ा भूचाल आ गया है। ईरान द्वारा तेल निर्यात के सबसे महत्वपूर्ण रास्ते होर्मुज स्ट्रेट को बंद किए जाने और कतरएनर्जी की एलएनजी फैसिलिटी पर हमलों के बाद यूरोप में प्राकृतिक गैस की कीमतों में 40% से अधिक की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया की 20% तेल सप्लाई गुजरती है, जिसका मार्ग अवरुद्ध होने से अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की कमर टूट सकती है।

इसके साथ ही बीमा कंपनियों द्वारा जहाजों की पॉलिसी कैंसिल करने से समुद्री व्यापार पर भी गहरा संकट मंडरा रहा है। युद्ध के चलते अमेरिकी तेल की कीमतों में 6.3% की तेजी आई है, जो अब 71.23 डॉलर प्रति बैरल पर पहुँच गया है। वहीं, इंटरनेशनल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड भी 6.7% बढ़कर 77.74 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ है। तेल की इन बढ़ती कीमतों का सीधा असर अमेरिका और यूरोप के पंपों पर दिखने लगा है, जहाँ पेट्रोल और अन्य ईंधन महंगे हो गए हैं। सऊदी अरब की रास तनुरा रिफाइनरी पर ईरानी ड्रोन हमलों की खबरों के बाद सावधानी के तौर पर कई रिफाइनरी बंद कर दी गई हैं, जिससे सप्लाई चेन पूरी तरह बाधित होने की आशंका प्रबल हो गई है।

ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार, तेल की कीमतों में $10 प्रति बैरल की बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं के लिए महंगाई का बोझ काफी बढ़ जाता है। यूरोप में ऊर्जा लागत बढ़ने से पूरी अर्थव्यवस्था में अन्य वस्तुओं के दाम भी बढ़ने लगे हैं, जिससे आम जनता पर दोहरी मार पड़ रही है। ओमान की खाड़ी में तेल टैंकरों पर ड्रोन हमलों और सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम में आ रही रुकावटों ने समुद्री यातायात को और जोखिम भरा बना दिया है।

# भारत के चालू खाते का घाटा बढ़कर जीडीपी के 1.3 प्रतिशत पर पहुंचा

## आरबीआई ने जारी किए तीसरी तिमाही के आंकड़े

मुंबई, (वेब वार्ता)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में भारत का चालू खाते का घाटा बढ़कर 13.2 अरब डॉलर हो गया है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.3 प्रतिशत है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1.1 प्रतिशत (11.3 अरब डॉलर) था।

इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण वस्तु व्यापार घाटे में हुई वृद्धि है, जो समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 93.6 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। हालांकि, राहत की बात यह है कि कंप्यूटर और व्यावसायिक सेवाओं के




निर्यात में मजबूती के कारण शुद्ध सेवा प्राप्तियों में सुधार दर्ज किया गया है।

आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशों में काम करने वाले भारतीयों द्वारा भेजे जाने वाले धन (रेमिटेंस) में इजाफा हुआ है, जो बढ़कर 36.9 अरब डॉलर हो गया है। निवेश के मोर्चे पर, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में इस तिमाही में 3.7 अरब डॉलर का शुद्ध बहिर्वाह देखा गया। वहीं, अनिवासी भारतीय जमा में 5.1 अरब डॉलर का शुद्ध प्रवाह हुआ है, जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है। विदेशी मुद्रा भंडार की बात करें तो इस तिमाही के दौरान इसमें 24.4 अरब डॉलर की कमी आई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह गिरावट 37.7 अरब डॉलर की थी।

अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि आने वाले समय में बाहरी चुनौतियां भारत के आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर सकती हैं। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर के अनुसार, पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) में बढ़ते संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी भारत के आयात बिल को बढ़ा सकती है।

# सुनील भारती मित्तल को जीएसएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को दूरसंचार क्षेत्र में उनके वैश्विक स्तर पर योगदान के लिए ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशन्स (जीएसएमए) ने बार्सिलोना में एक वैश्विक कार्यक्रम के दौरान लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है।

सोमवार को कंपनी की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री मित्तल को यह सम्मान उन्हें दुनिया भर में दूरसंचार क्षेत्र का परिद्दश्य बदलने और सरकारों, व्यवसायों तथा अरबों उपभोक्ताओं तक कनेक्टिविटी (संपर्क) के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया है। वह यह सम्मान पाने वाली दूरसंचार क्षेत्र की कुछ गिनी-चुनी हस्तियों में शामिल



हैं। बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस के दौरान यह सम्मान उन्हें स्पेन के राजा महामहिम फेलिप षष्ठम, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, कैटलोनिया के राष्ट्रपति साल्वाडोर इला और वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री मित्तल के नेतृत्व में भारती एयरटेल आज दुनिया की अग्रणी मोबाइल ऑपरेटर कंपनियों में से एक है।

# इंडिगो चीन के शंघाई के लिए शुरू करेगी उड़ान

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो इस महीने के अंत में कोलकाता से चीन के शंघाई के लिए सीधी दैनिक उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने सोमवार को बताया कि यह उड़ान 29 मार्च से शुरू होगी। इस मार्ग पर ए 320 विमान का परिचालन किया जायेगा। इससे पहले इंडिगो ने चीन के ग्वांग्झु शहर के लिए सेवा दोबारा शुरू की थी। कोलकाता से उड़ान संख्या 6ई 1709 रात में 9.45 बजे उड़ान भरेगी और स्थानीय समय के अनुसार अगले दिन तड़के 4.40 बजे शंघाई पहुंचेगी। वापसी की उड़ान स्थानीय समय के अनुसार सुबह 5.40 बजे रवाना होगी भारतीय समयानुसार सुबह 9.05 बजे कोलकाता आयेगी। इस नई उड़ान से द्विपक्षीय व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।

# ब्रिटानिया को मिला 6.37 करोड़ रुपये का जीएसटी मांग का नोटिस

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज को 6.37 करोड़ रुपये का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मांग का नोटिस जारी किया है। कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ उपलब्ध कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है। कंपनी ने शेयर को दी जानकारी में बताया कि यह आदेश केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त, ठाणे कार्यालय की ओर से जारी किया गया है। यह मामला वित्त वर्ष 2020-21 से 2023-24 के बीच का है। विभाग ने कंपनी से 2.12 करोड़ रुपये कर और 4.24 करोड़ रुपये जुमार्ना जमा करने को कहा है। इस तरह कुल 6.37 करोड़ रुपये की मांग की गई है। इसके अलावा कंपनी को ब्याज भी देना होगा। कंपनी ने कहा है कि इस नोटिस का उसके कारोबार या वित्तीय स्थिति पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

# परिधान निर्यातकों ने डिमरेज शुल्क माफ करने का अनुरोध किया

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने पश्चिम एशिया के कई देशों में हवाई क्षेत्र बंद किये जाने के कारण देश के विभिन्न हवाई अड्डे पर अटके माल के लिए डिमरेज शुल्क माफ करने का अनुरोध किया है। हवाई अड्डा या बंदरगाह समय पर माल न हटाने के लिए आयातकों और निर्यातकों से डिमरेज शुल्क वसूलते हैं।

एईपीसी के अध्यक्ष ए. शक्तिवेल ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव को मौजूदा स्थिति से पैदा हुई समस्या के संबंध में एक पत्र लिखकर अवगत कराया है कि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के बाधित होने के परिणामस्वरूप मार्ग निर्यात की खेपें वर्तमान में देश के अनेक हवाई अड्डों के कार्गो टर्मिनलों पर फंसी हुई हैं। यह देरी अप्रत्याशित कारणों से हुई है, जो नियंत्रण से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में डिमरेज शुल्क लगाना उन निर्यातकों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ डालेगा। श्री शक्तिवेल ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से अनुरोध किया है कि वह कार्गो टर्मिनल ऑपरेटरों को उपयुक्त निर्देश जारी करने पर विचार करे, ताकि जारी अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के कारण उड़ानों में व्यवधान, वायुक्षेत्र प्रतिबंध या संबंधित परिचालन बाधाओं के चलते निर्यात की जिन खेपों को नहीं उठाया जा सका है, उन पर डिमरेज शुल्क में छूट प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि इससे निर्यातकों को राहत मिलेगी।

# होली पर कारोबार बंद, लेकिन सोने-चांदी की कीमतों की उड़ान जारी

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

मंगलवार को अमेरिका-ईरान तनाव के बीच सोना और चांदी की कीमतें बढ़ीं, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार में निवेशक इनकी ओर सुरक्षित निवेश के रूप में आकर्षित हुए।मंगलवार को सोने की कीमतें लगातार पांचवें दिन बढ़ती रहीं, जिसका मुख्य कारण अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव बताया जा रहा है।

ऐसे समय में निवेशक अनिश्चितता से बचने के लिए सोना और चांदी जैसी कीमती धातुओं में निवेश करने को प्राथमिकता देते हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंगलवार सुबह सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली।सुबह करीब 10 बजे तक सोने की कीमत 46 अमेरिकी डॉलर की बढ़त के साथ




5,367.74 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई। यह आंकड़ा 30 जनवरी के बाद का सबसे उच्च स्तर है, हालांकि अभी सोना अपने रिकॉर्ड हाई 5,595.46 अमेरिकी डॉलर से लगभग 220 डॉलर कम है। चांदी की कीमत भी बढ़ी है और यह 1.7 अमेरिकी डॉलर या 1.9% की बढ़त के साथ 91.04 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। होली के अवसर पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (टउ) पर सोने और चांदी के वायदा कारोबार में सुबह के सत्र में कोई कारोबार नहीं होगा। एमसीएक्स पर कारोबार शाम के सत्र में फिर से शुरू होगा। केडिया एडवाइजरी के फाउंडर और डायरेक्टर अजय केडिया का अनुमान है कि चांदी का भाव भविष्य में 3,50,000 रुपये प्रति किलो तक जा सकता है।

# एक लाख से अधिक स्कूलों के 1.2 करोड़ बच्चों के बायोमेट्रिक ब्योरे अद्यतन कराए गए

नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने छह महीने के भीतर देशभर के एक लाख से अधिक स्कूलों में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट का अभियान पूरा कर लिया है। इस अभियान से करीब 1.2 करोड़ स्कूली बच्चे लाभांवित हुए हैं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस अभियान के तहत सात से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आधार में फिंगरप्रिंट एवं आंखों की पुतलियों के स्कैन को अद्यतन करने की सुविधा अक्टूबर, 2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए मुफ्त रखी गई है।

अभियान के दौरान स्कूलों में विशेष शिविर आयोजित किए गए, जिससे बच्चों को अपने स्कूल परिसर में ही आधार संबंधी बायोमेट्रिक डेटा को अद्यतन कराने की सुविधा मिली। प्राधिकरण ने बताया कि अब तक 1,03,000 से अधिक स्कूलों में यह प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके अलावा,



बच्चे देशभर के किसी भी आधार नामांकन केंद्र या आधार सेवा केंद्र पर जाकर भी अपने बायोमेट्रिक को अद्यतन करा सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत बच्चों के फिंगरप्रिंट और आंखों की पुतलियों के डेटा को पांच वर्ष और फिर 15 वर्ष की आयु पूरी होने पर अद्यतन कराना अनिवार्य होता है। इसकी वजह यह है कि पांच वर्ष से कम उम्र में ये बायोमेट्रिक संकेतक पूरी तरह विकसित नहीं होते हैं।

यूआईडीएआई ने कहा कि यह कदम बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्ति लाभ, तथा प्रतियोगी और विश्वविद्यालय परीक्षाओं में पंजीकरण के दौरान पहचान सत्यापन में मददगार होगा।

# भारत के पास 40-45 दिन की जरूरत के लायक कच्चे तेल का भंडार मौजूद

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

ईरान संकट के बीच होर्मुज जलडमरू मध्य के रास्ते कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भारत के पास लगभग 40-45 दिन की जरूरत पूरी करने लायक कच्चे तेल का भंडार मौजूद है। ऊर्जा बाजार विश्लेषण फर्म केप्लर ने यह आकलन जारी किया है। केप्लर के मुताबिक, भारत के पास करीब 10 करोड़ बैरल वाणिज्यिक कच्चे तेल का स्टॉक है।

इसमें रिफाइनरियों के पास मौजूद स्टॉक, भूमिगत रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) और देश की ओर आ रहे जहाजों पर लदा तेल शामिल है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। कुल आयात का आधे से अधिक हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है और



इसका बड़ा भाग होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। भारत प्रतिदिन औसतन करीब 50 लाख बैरल कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 25 लाख बैरल तेल प्रतिदिन होर्मुज मार्ग से आता है।

केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, यदि पश्चिम एशिया से तेल आपूर्ति अस्थायी रूप से रुकती है, तो तत्काल असर आपूर्ति व्यवस्था और कीमतों पर पड़ेगा। हालांकि, रिफाइनरियां सामान्यतः वाणिज्यिक भंडार बनाए रखती हैं और पहले से रवाना हो चुके तेलवाहक जहाजों के आते रहने से अल्पकालिक राहत मिलेगी। हालांकि, रितोलिया ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान बने रहने पर तेल आयात की लागत, ढुलाई खर्च और वैकल्पिक मार्गों के कारण दबाव बढ़ेगा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का दाम 80 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है, जो ईरान संकट शुरू होने के पहले के स्तर से करीब 10 प्रतिशत अधिक है। भारत ने पिछले वित्त वर्ष में कच्चे तेल के आयात पर 137 अरब डॉलर खर्च किए थे।

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में भी 20.63 करोड़ टन कच्चे तेल के आयात पर 100.4 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं। मीडिया खबरों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में संघर्ष छिड़ने के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से आवाजाही प्रभावित हुई है। यह 33 किलोमीटर चौड़ा समुद्री मार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले कच्चे तेल निर्यात का लगभग एक-तिहाई तथा गैस आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत इसी रास्ते से गुजरता है।

# पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से होगी साउथ अफ्रीका की भिड़ंत

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका की भिड़ंत न्यूजीलैंड से 4 मार्च को होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर खेला जाना है। साउथ अफ्रीका इस टूर्नामेंट की इकलौती टीम है, जो विश्व कप में अजेय रही है।





टी20 फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की कुल 19 बार भिड़ंत हुई है, जिसमें से 12 मुकाबलों में जीत प्रोटियाज टीम के हाथ लगी है। वहीं, न्यूजीलैंड ने सिर्फ 7 मैच जीते हैं। साउथ अफ्रीका का प्रदर्शन टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कमाल का रहा है। टीम ने टूर्नामेंट में अब तक खेले सभी मुकाबलों में जीत दर्ज की है।

एडेन मार्करम की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 राउंड में भारत, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे को हराते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। साउथ अफ्रीका की तरफ से बल्लेबाजी में एडेन मार्करम बेहतरीन फॉर्म में नजर आए हैं। मार्करम 7 मैचों में 175 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 268 रन बना चुके हैं।

वहीं, रयान रिकेल्टन भी लगातार बल्ले से अहम योगदान दे रहे हैं। रिकेल्टन 7 मैचों में 171 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 228 रन बना चुके हैं। क्विंटन डी कॉक ने भी पावरप्ले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को दमदार शुरूआत दी है। गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी साउथ अफ्रीका की ओर से इस विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं।

एनगिडी 6 मैचों में अब तक 12 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। वहीं, कॉर्बिन बॉश 11 विकेट निकाल चुके हैं। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम भी बेहतरीन लय में दिखाई दी है। बल्लेबाजी में टिम सीफर्ट ने 6 मुकाबलों में 157 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 216 रन बनाए हैं।

## स्मृति मंधाना बनीं नंबर-1 बल्लेबाज

**दुबई, (वेब वार्ता)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आईसीसी की ओर से जारी ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज बन गई हैं। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर अलाना किंग एक पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष पर पहुंच गई हैं। मंधाना ने एक पायदान की छलांग लगाते हुए साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वाड्ट को पछाड़ दिया है। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ब्रिस्बेन में खेले गए पहले वनडे मैच में 58 रन की पारी खेली थी। इसके बाद होबार्ट में 31 रन बनाए। इस बीच, किंग (775) ने गेंदबाजों की रैंकिंग में टॉप पर इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन के लगभग चार साल के राज को खत्म कर दिया। पूरे हफ्ते अलाना किंग ने 16.71 के एवरेज से 7 विकेट हासिल किए। उन्होंने भारत के विरुद्ध तीसरे वनडे मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करते हुए 33 रन देकर 4 विकेट निकाले।

# अर्जुन तेंदुलकर और वैभव सूर्यवंशी ने डुबोई लुटिया दोनों स्टार्स बुरी तरह फेल

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

आईपीएल 2026 की तैयारी कर रहे वैभव सूर्यवंशी और अर्जुन तेंदुलकर हालिया अच्छे प्रदर्शन के बाद अब लगातार फ्लॉप हो गए हैं, जिससे दोनों खिलाड़ियों की फॉर्म पर सवाल उठने लगे हैं।

आईपीएल 2026 से पहले घरेलू टूर्नामेंटों में खिलाड़ी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं, लेकिन युवा खिलाड़ियों अर्जुन तेंदुलकर और वैभव सूर्यवंशी के लिए हालिया मुकाबला निराशाजनक साबित हुआ।

डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में दोनों ही खिलाड़ी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके, जिसका असर टीम के नतीजे पर भी साफ नजर आया। आईपीएल





2026 की तैयारियों के बीच डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में ब्लू टीम का मुकाबला 2 मार्च को केनरा बैंक से हुआ। इस मैच में ब्लू टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी, लेकिन पूरी टीम संघर्ष करती नजर आई। बल्लेबाज बड़ी साझेदारी बनाने में नाकाम रहे और टीम 17.2 ओवरों में सिर्फ 136 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

लक्ष्य छोटा होने के कारण विपक्षी टीम पर ज्यादा दबाव नहीं बन सका और मैच एकतरफा हो गया। ब्लू टीम के लिए ओपनिंग करने उतरे वैभव सूर्यवंशी से बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह शुरूआत को बड़े स्कोर में बदल नहीं सके। उन्होंने 14 गेंदों में 20 रन बनाए, जिसमें 4 चौके शामिल रहे। हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 146 का रहा, लेकिन टीम को मजबूत शुरूआत नहीं मिल सकी।

# वर्ल्ड कप में ट्रैवल में रुकावट के बाद ज़िम्बाब्वे टीम सुरक्षित




**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

ज़िम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने कन्फर्म किया है कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने कैंपेन के बाद ज़िम्बाब्वे की सीनियर मेन्स टीम भारत में सुरक्षित है, ट्रैवल में रुकावटों की वजह से उनके घर लौटने में देरी हुई।

सोमवार को एक बयान में, ज़िम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने इमरजेंसी उपाय शुरू कर दिए हैं और टीम के लिए दूसरे ट्रैवल इंतजाम करने के लिए इंटरनेशनल एयरलाइन्स के साथ काम कर रही है। जेडसी ने आगे कहा कि वह आईसीसी और भारत में टीम मैनेजमेंट के साथ लगातार बातचीत में है ताकि यह पक्का हो सके कि खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ जल्द से जल्द और सुरक्षित घर लौटें। बयान में कहा गया, बदले हुए ट्रैवल प्लान फाइनल होने के बाद और अपडेट की उम्मीद है। ज़िम्बाब्वे ने टूर्नामेंट का अपना आखिरी मैच रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला।

# घर लौटीं सिंधू ऑल इंग्लैंड में नहीं खेल पाने की भड़ास दीवार तोड़कर निकाली

**बंगलूरू, (वेब वार्ता)।**

ईरान-इस्राइल-अमेरिका तनाव के चलते सिंधू को न केवल ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप टूर्नामेंट छोड़ना पड़ा, बल्कि उनकी तैयारी की लय भी प्रभावित हुई है। यह अनुभव सिंधू और उनकी टीम के लिए निश्चित रूप से मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन सकारात्मक बात यह है कि वह सुरक्षित अपने घर लौट आई हैं।

पीवी सिंधू दुबई से बंगलूरू में अपने घर लौट चुकी हैं। ईरान-इस्राइल-यूएस के बीच सैन्य तनाव की वजह से दुबई एयरपोर्ट बंद होने की वजह से वह दुबई में फंस गई थीं। हालांकि, अब वह घर लौट चुकी हैं और उन्होंने खुद इंस्टाग्राम स्टोरी लगाकर और साथ ही एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी पुष्टि की है। हालांकि, घर वापसी पर सिंधू के पति वेंकट ने





उन पर चुटकी भी ली है।

दरअसल, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए बर्मिंघम पहुंचने के लिए दुबई होते हुए रवाना हुई थीं, लेकिन अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर बमबारी के बाद खाड़ी क्षेत्र में उड़ान संचालन निलंबित कर दिया गया। इसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई से स्थिति और तनावपूर्ण हो गई, जिससे दुबई भी प्रभावित हुआ। वह समय पर इंग्लैंड नहीं पहुंच सकीं और टूर्नामेंट से हटने और घर लौटने का फैसला लिया। हालांकि, घर लौटने के बाद वह बंगलूरू में सीधे अपने अंडर कंस्ट्रक्शन फ्लैट पर पहुंचीं। वहां दीवारें टूटी पड़ी थीं। ऐसे में उनके पति वेंकट दत्ता ने चुटकी लेते हुए एक तस्वीर साझा की।

## जॉर्डन कॉक्स, दीप्ति शर्मा हंड्रेड ऑक्शन की लॉन्गलिस्ट में शामिल

**लंदन, (वेब वार्ता)।** द हंड्रेड 2026 के लिए ऑक्शन लॉन्गलिस्ट की घोषणा कर दी गई है, जिसमें 247 पुरुष और 178 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। जॉनी बेयरस्टो, हैरिस राउफ, डेविड मिलर, एडेन मार्करम और जॉर्डन कॉक्स पुरुष लिस्ट के उन 10 मार्की प्लेयर्स में शामिल हैं, जिनकी नीलामी सबसे पहले होगी। नादिन डी क्लर्क और दीप्ति शर्मा इसी तरह की महिला मार्की लिस्ट में हैं। 11 और 12 मार्च को होने वाला यह ऑक्शन अलग-अलग फेज में होगाः टॉप 50 प्लेयर्स को फेज 1 में खरीदा जाएगा, जबकि बाकी प्लेयर्स (जिनमें वे भी शामिल हैं जो शुरू में नहीं बिके थे) फेज 2 और 3 में शामिल होंगे। कई इंटरनेशनल स्टार्स पर नजर रहेगी, जिनमें 2026 टी 20 वर्ल्ड कप में शामिल टॉप प्लेयर्स भी शामिल हैं, जो अब अपने आखिरी स्टेज में है।

# एयरस्पेस संकट के कारण वेस्टइंडीज की रवानगी में देरी

**कोलकाता, (वेब वार्ता)।**

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कन्फर्म किया है कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के बाद, वेस्टइंडीज की सीनियर मेन्स टीम की भारत से रवानगी में इंटरनेशनल एयरस्पेस पाबंदियों के कारण देरी हुई है। सोमवार को जारी एक बयान में, सीडब्ल्यूआई ने कहा कि ये पाबंदियां खाड़ी क्षेत्र में मिलिट्री कार्रवाई से पैदा हुए सुरक्षा खतरों की वजह से हैं, जिससे कई इंटरनेशनल फ्लाइट रूट बाधित हुए हैं और एयरलाइंस को सुरक्षा कारणों से अपनी तय सेवाओं में बदलाव करने पड़े हैं।

सीडब्ल्यूआई ने आगे कहा कि वह टीम और सपोर्ट स्टाफ के लिए जल्द से जल्द सुरक्षित यात्रा का इंतजाम करने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी), संबंधित सरकारी अधिकारियों और



एयरलाइन पार्टनर्स के साथ मिलकर काम कर रहा है।

बयान में कहा गया, हमारे खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सीडब्ल्यूआई ने कन्फर्म किया कि टीम अभी भारत में है और सुरक्षित है, साथ ही कहा कि वह स्थिति पर नजर रख रहा है और यात्रा के बदले हुए इंतजामों को फाइनल करने के बाद आगे अपडेट जारी करेगा। सीडब्ल्यूआई ने इस रुकावट के दौरान फैंस, परिवारों और स्टेकहोल्डर्स की समझदारी और चिंता की भी तारीफ की।

# उत्तराखंड की 12 वर्षीय कायरा भंडारी का टेबल टेनिस में अद्भुत कीर्तिमान

## एक साथ पांच कैटेगरी में नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

**देहरादून, (वेब वार्ता)।**

उत्तराखंड की 12 वर्षीय वंडर गर्ल कायरा भंडारी ने टेबल टेनिस की दुनिया में अपनी असाधारण प्रतिभा से सबको हैरान कर दिया है। हरिद्वार में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में कायरा ने अंडर-13 से लेकर सीनियर महिला वर्ग तक कुल पांच अलग-अलग श्रेणियों में पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने अंडर-15 और अंडर-19 में गोल्ड, अंडर-13 और सीनियर वर्ग में सिल्वर, जबकि अंडर-17 में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत अब वे नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 में रिकॉर्ड पांच श्रेणियों में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं।

लखनऊ के विकासनगर स्थित पैसिफिक टेबल टेनिस अकादमी में



अंतरराष्ट्रीय कोच पराग अग्रवाल से प्रशिक्षण ले रही कायरा रोजाना 7 से 8 घंटे कड़ा अभ्यास करती हैं। खेल के प्रति उनके समर्पण का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे अपनी पढ़ाई को बाधित न करने के लिए इंटरनेशनल ऑनलाइन स्कूल से शिक्षा ले रही हैं। उनकी मां लतिका भंडारी लखनऊ में उनके साथ रहकर उनके आहार और ट्रेनिंग का पूरा ख्याल रखती हैं।

कायरा ने मात्र 6 साल की उम्र में पैडल थामा था और आज वे देश की सबसे तेजी से उभरती हुई टेबल टेनिस स्टार बन चुकी हैं। आगामी महिला दिवस के उपलक्ष्य में चर्चा में आई कायरा का सपना अगले 5 वर्षों में एशियाई खेलों और ओलंपिक में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतना है।

शरत कमल और मनिका बत्रा को अपना आदर्श मानने वाली कायरा को विज्ञान विषय और सुधा मूर्ति की किताबें पढ़ना पसंद है। उनके कोच का मानना है कि कायरा की एकाग्रता और फुर्ती उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बनाती है। नेशनल चैंपियनशिप के बाद उनका अगला लक्ष्य भारतीय अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह बनाना है, ताकि वे वैश्विक मंच पर तिरंगा फहराकर देश का राष्ट्रगान बजा सकें।

# पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के लिए अपने खिलाड़ियों पर लगाया जुमार्ना

**इस्लामाबाद, (वेब वार्ता)।**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपए (लगभग 18000 अमेरिकी डॉलर) का जुमार्ना लगाया है।

पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सुपर आठ स्टेज के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया और लगातार चौथी बार आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है।

क्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार जुमार्ना डिसिप्लिनरी कारणों से नहीं है, बल्कि खास तौर पर बोर्ड के अनुसार टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के लिए लगाया गया है। ये जुमार्ना ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के तुरंत बाद लगाया गया था, जहां खराब प्रदर्शन के कारण 61 रन से हार मिली थी। उन्हें बताया गया था



कि अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचता है तो जुमार्ना माफ किया जा सकता है।

हालांकि, मौजूदा पीसीब प्रबंधन के पास बड़े टूर्नामेंट में निराशा के बाद सजा देने का यह तरीका है। पांच महीने पहले, एशिया कप फाइनल में भारत से मिली करीबी हार के बाद, पीसीबी ने खिलाड़ियों को दिए गए सभी नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) को कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया था। हालांकि यह निलंबन जल्द ही हटा लिया गया क्योंकि कुछ टॉप खिलाड़ी बीबीएल के लिए ऑस्ट्रेलिया चले गए।

# कोच गौतम गंभीर ने संजू सैमसन को बताया वर्ल्ड क्लास प्लेयर

## ईडन गार्डेन्स में वेस्टइंडीज को हरा कर टीम इंडिया सेमीफाइनल में

**कोलकाता, (वेब वार्ता)।**

कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डेन्स में खेले गए मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के असली हीरो संजू सैमसन रहे, जिन्होंने मात्र 50 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 12 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के शामिल थे, जिसकी बदौलत भारत ने 196 रनों का विशाल लक्ष्य 4 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

हेड कोच गौतम गंभीर ने संजू की तारीफ करते हुए उन्हें वर्ल्ड क्लास प्लेयर बताया और कहा कि जब टीम को सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब संजू ने अपनी पूरी क्षमता का परिचय दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गौतम गंभीर ने केवल संजू





ही नहीं, बल्कि शिवम दुबे के योगदान को भी मैच विनिंग बताया। गंभीर ने कहा कि मेरे लिए शिवम दुबे की दो बाउंड्री उतनी ही महत्वपूर्ण हैं जितने संजू के 97 रन। कोच ने टीम भावना पर जोर देते हुए कहा कि अक्सर बड़ी पारियां हेडलाइन बनती हैं, लेकिन छोटे और प्रभावशाली योगदान ही टीम को जीत दिलाते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर शिवम वे दो बाउंड्री नहीं मारते, तो शायद संजू की पारी पर चर्चा भी नहीं होती। गंभीर के अनुसार, यही निस्वार्थ सोच भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकत है।

वेस्टइंडीज पर इस शानदार जीत के बाद अब भारतीय टीम का मनोबल सातवें आसमान पर है। अब भारत का सामना गुरुवार, 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से होगा।

## सेमीफाइनल के लिए मैच अधिकारी घोषित, एलीट पैनल में नितिन मेनन शामिल

**दुबई,(वेब वार्ता)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल मैच 4 और 5 मार्च को खेले जाने हैं। भारत के नितिन मेनन को इन नॉकआउट मुकाबलों के लिए मैच अधिकारियों के एलीट पैनल में शामिल किया गया है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 4 मार्च साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल-1 खेला जाना है। इसके बाद 5 मार्च को भारत की टीम इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल-2 खेलेगी। इन मुकाबलों को जीतने वाली टीम 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मैच खेलेगी। रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ बुधवार को साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहले सेमीफाइनल के लिए ऑनफील्ड अंपायर होंगे। कोलकाता में, नितिन मेनन थर्ड अंपायर होंगे, रॉड टकर फोर्थ अंपायर होंगे और जवागल श्रीनाथ मैच रेफरी होंगे। दूसरी ओर, मुंबई में भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल-2 में ऑन-फील्ड अंपायर क्रिस गैफनी और अल्लाहुद्दीन पालेकर अंपायरिंग करेंगे।

# पाकिस्तान-बांग्लादेश वनडे सीरीज पर सस्पेंस

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

टी20 वर्ल्ड कप खत्म होते ही पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी थी, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए इस सीरीज के रद्द होने की संभावना बढ़ गई है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम को बांग्लादेश दौरे पर जाना है, लेकिन अब इस वनडे सीरीज के आयोजन पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं। दोनों देशों के बीच होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज रद्द होने की आशंका जताई जा रही है।

मौजूदा जियोपॉलिटिकल तनाव को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 11 मार्च से शुरू होनी है। इस सीरीज के मुकाबले 11, 13 और 15 मार्च को ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने तय हैं। पाकिस्तान टीम को इस सीरीज के लिए 9 मार्च को बांग्लादेश पहुंचना था, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए दौरे पर संशय पैदा हो गया है। यह



सीरीज बांग्लादेश के लिए खास मानी जा रही थी, क्योंकि पिछले साल अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद यह उनकी पहली होम सीरीज होने वाली थी। साथ ही यह दोनों टीमों के लिए अगले साल साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी का अहम मौका भी माना जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शेड्यूल पर भी पड़ सकता है।

पाकिस्तान के मीडिया आउटलेट जियो सुपर की रिपोर्ट में दावा किया गया कि क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इस दौरे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ढउइ) के अधिकारियों का मानना है कि टीम का दौरा तभी संभव होगा जब यात्रा और सुरक्षा से जुड़ी कोई गंभीर जोखिम की स्थिति नहीं होगी। फिलहाल बोर्ड हालात पर नजर बनाए हुए है और अंतिम फैसला परिस्थितियों के आकलन के बाद लिया जाएगा।

दूसरी ओर, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (इउइ) ने सीरीज रद्द होने की खबरों को लेकर साफ किया है कि उन्हें अभी तक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। इउइ के क्रिकेट ऑपरेशंस चेयरमैन नजमुल आबेदीन ने कहा कि ढउइ की योजना में किसी बदलाव को लेकर बोर्ड को कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# यूएस की संयुक्त मेजबानी में होने वाले फीफा विश्वकप में ईरान का खेलना संदिग्ध

**तेहरान, (वेब वार्ता)।**

अमेरिका-इस्राइल हमलों और क्षेत्रीय अस्थिरता के बाद ईरान के फुटबॉल महासंघ प्रमुख मेहदी ताज ने फीफा विश्वकप में टीम की भागीदारी पर संदेह जताया है। वहीं, मेजर लीग सॉकर में लियोनेल मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराया और अहम जीत दर्ज की।

ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इस्राइल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं। मेहदी ताज ने खेल पोर्टल वर्जेश-3 से कहा, 'निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते।'



अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद इस देश का भविष्य अनिश्चितता में डूब गया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसक बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

लियोनल मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की। पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया।

सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके छह मिनट बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई जो हाफ टाइम तक बरकरार रही।

# चंद्र ग्रहण खत्म होने के बाद फौरन करना चाहिए ये पांच काम



**आज** 3 मार्च 2026 को चंद्र ग्रहण का विशेष संयोग बन रहा है। धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल को अत्यंत संवेदनशील और प्रभावकारी समय माना गया है। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि ग्रहण के दौरान वातावरण की सूक्ष्म ऊर्जा में परिवर्तन होता है,जिससे नकारात्मकता बढ़ती है इसलिए इस समय जप, तप, स्नान और दान का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। विशेष रूप से चंद्र ग्रहण के पश्चात स्नान करके श्रद्धा भाव से दान करना पुण्यदायी माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इससे मानसिक अशांति, नकारात्मकता और कष्टों में कमी आती है तथा घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद गंगाजल मिले जल से स्नान करना शुभ माना गया है। यदि संभव हो तो किसी पवित्र नदी में स्नान करना उत्तम बताया गया है। स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण कर भगवान का स्मरण करना चाहिए। इसके बाद ही दान का विधान बताया गया है। यह क्रम शारीरिक और मानसिक शुद्धि का प्रतीक माना जाता है।

चंद्रमा का संबंध श्वेत रंग और शीतल स्वभाव से जोड़ा जाता है। इसलिए चंद्र ग्रहण के बाद सफेद वस्तुओं का दान विशेष फलदायी माना गया है। चावल का दान चंद्र दोष की शांति के लिए किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि चावल दान करने से मानसिक तनाव कम होता है और पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बना रहता है।

दूध, दही और अन्य श्वेत पदार्थ चंद्रमा के कारक माने गए हैं। ग्रहण के बाद इनका दान करने से मन को शांति मिलती है और घर में सकारात्मकता का संचार होता है। जरूरतमंदों को दूध या उससे बने पदार्थों का दान करना विशेष पुण्यदायी बताया गया है।

सफेद वस्त्र शुद्धता और सादगी का प्रतीक माने जाते हैं। चंद्र ग्रहण के बाद सफेद वस्त्रों का दान करने से चंद्रमा की शुभता प्राप्त होने की मान्यता है। इसके अलावा चांदी का संबंध भी चंद्र ग्रह से माना गया है। सामर्थ्य अनुसार चांदी का सिक्का या छोटा आभूषण दान करना भी शुभ फलदायी बताया गया है।

ग्रहण के पश्चात अन्न दान को श्रेष्ठ माना गया है। विशेषकर खीर, मीठे चावल या अन्य श्वेत मिठाई का दान करना शुभ माना गया है। मान्यता है कि इससे घर में अन्न-धन की वृद्धि होती है और दरिद्रता दूर होती है। जरूरतमंदों को भोजन कराना सबसे बड़ा दान माना गया है, जो अनेक गुना फल प्रदान करता है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार दान सदैव श्रद्धा, विनम्रता और सामर्थ्य के अनुसार करना चाहिए। दिखावे के लिए किया गया दान अपेक्षित फल नहीं देता, जबकि सच्चे मन से किया गया छोटा-सा दान भी अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।

# श्रीशैलम मंदिर जहां होता है शिव और शक्ति का संगम

**नरेंद्र मोदी** ने श्रीशैलम के श्री भ्रामरांबा मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा की। यह मंदिर ज्योतिष और अध्यात्म का संगम है। यहां ज्योतिर्लिंग दिन में रंग बदलता है। महाभारत काल के गुप्त शिवलिंग भी यहाँ हैं। चमेली के फूल से पूजा होती है। एक दिव्य सर्प मंदिर की रक्षा करता है। श्रीशैलम को दक्षिण कैलाश भी कहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 अक्टूबर 2025 को आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम में स्थित श्री भ्रामरांबा मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह उनका इस प्राचीन तीर्थस्थल पर पहला दौरा था। नल्लमाला की पहाड़ियों और कृष्णा नदी के किनारे बसे इस मंदिर को ज्योतिष और अध्यात्म की दृष्टि से अत्यंत शक्तिशाली माना जाता है। यह ज्योतिर्लिंग और शक्ति पीठ दोनों का संगम है। यह मंदिर देश का एकमात्र ऐसा स्थान है जहां भगवान शिव 'मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग' के रूप में और माता पार्वती 'भ्रामरांबा शक्ति पीठ' के रूप में एक साथ विराजमान हैं। यह स्थान ब्रह्मांड की पुरुष और स्त्री ऊर्जा का अद्भुत संगम माना जाता है।



रंग बदलने वाला शिवलिंग

कहा जाता है कि श्रीशैलम का ज्योतिर्लिंग दिनभर में अपना रंग बदलता रहता है। यह सुबह हल्का सफेद, दोपहर में पीला और शाम होते होते लालिमा लिए हुए दिखता है। एक किंवदंती ये भी है कि महाभारत काल में पांडवों ने अपने वनवास के दौरान यहां पांच गुप्त शिवलिंग स्थापित किए थे। कहा जाता है कि इनके स्थान की जानकारी सिर्फ कुछ चुनिंदा पुजारियों को ही है।

चमेली के फूल से होती है पूजा

'मल्लिकार्जुन' नाम के पीछे एक कथा जुड़ी हुई है। कहा जाता है कि देवी पार्वती ने मोम से बने शिवलिंग पर मल्लिका यानी चमेली के फूल चढ़ाए थे। जिसके बाद वह लिंग पिघला नहीं। तभी भगवान शिव स्वयं प्रकट हुए। तब से आज तक भक्त यहां शिव को चमेली के फूल अर्पित करते हैं।

नाग आज भी करता है मंदिर की रक्षा 16वीं सदी की एक कथा के अनुसार नाग अंपला नामक एक दिव्य सर्प ने इस मंदिर की रक्षा की थी। माना जाता है कि आज भी इस क्षेत्र में नाग देवता की उपस्थिति बनी हुई है और वे मंदिर की परिक्रमा करने वालों की रक्षा करते हैं। 2021 में यहां खुदाई के दौरान 21 प्राचीन ताम्रपत्र मिले थे, जिनमें 3वीं से 14वीं शताब्दी के बीच की दान संबंधी जानकारियां थीं।

'दक्षिण कैलाश' के रूप में प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथों में श्रीशैलम को 'दक्षिण कैलाश' कहा गया है। मान्यता है कि एक बार माता पार्वती भौंरे का रूप धारण कर यहां तपस्या करने आईं, इसलिए देवी का नाम 'भ्रामरांबा' पड़ा। एक लोककथा के अनुसार मंदिर के प्रवेश द्वार पर गणेश जी का एक अदृश्य रजिस्टर हैं, जिसमें हर भक्त के पाप और पुण्य दर्ज होते हैं। कहा जाता है कि यहां साधना करने से चंद्र-शक्ति और सूर्य-ऊर्जा दोनों का संतुलन प्राप्त होता है।



# मंगलमय हनुमानजी करते हैं मंगल दोष को दूर

पं. दयानंद शास्त्री



मंगल दोष के प्रभाव स्वरूप घर में बिजली का सामान जल्दी जल्दी खराब होने लगता है, रक्त सम्बंधित बीमारियां होने लगती हैं। मंगल दोष से पीड़ित व्यक्ति में धैर्य की कमी होती है।

यह आजमाएंः-

-मंगल दोष से पीड़ित जातक को छोटे भाई बहनों का ख्याल रखना चाहिए।

-मंगलवार के दिन हनुमानजी के चरण से सिन्दूर ले कर उसका टीका माथे पर लगाना चाहिए।

-बंदरों को गुड़ और चने खिलाने चाहिए।

-अपने घर में लाल पुष्प वाले पौधे या वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए।

यह बहुत गलत और दोषपूर्ण भ्रान्ति या अवधारणा में प्रचलित है। की 28 वें वर्ष के बाद मांगलिक दोष नहीं रहता। ग्रहों का सेनापति मंगलदेव 28 वें वर्ष में अपना शुभ फल प्रदान करता है यह सत्य है किन्तु अपनी दशा अन्तर्दशा, प्रत्यंतर दशा या गोचर में कभी भी अपना अशुभ फल प्रगट कर सकता है।

अतः 28 वें वर्ष के बाद मांगलिक दोष की समाप्ति या निवृति कभी नहीं होती। व्यर्थ की बातों या अफवाओं पर ध्यान ना देवें। मंगल दोष निवारण हेतु उपाय स्वरूप लाल वस्त्र ले कर उसमें दो मुठ्ठी मसूर की दाल बांधकर मंगलवार के दिन किसी भिखारी को दान करनी चाहिए और साथ ही समयानुसार उज्जैन आकर अंगारेश्वर महादेव पर गुलाल पूजन और भात पूजन करवानी चाहिए।

मंगल दोष होने पर ये न करेंः-

-यदि कुंडली में आपका मंगल पीड़ित है तो आपको क्रोध नहीं करना चाहिए।

-अपने आप पर नियंत्रण नहीं खोना चाहिए।

-मंगल दोष से पीड़ित को किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं दिखानी चाहिए और भौतिकता में लिप्त नहीं होना चाहिए।

क्या आप मंगल दोष से प्रभावित है?

यदि सोते समय आपकी आंखे थोड़ी थोड़ी खुली रहती है या आपका मुंह सोते वक्त खुला रहता है। सामने की तरफ सीधा देखने पर भी आंख का हीरा या कोर्निया थोड़ा उपर की तरफ हो या आंख के हिरे या कोर्निया की नीचे की सफेदी दिखती हो तो इसका मतलब आप मंगलीक है। ऐसे लोगो का मंगल कुंडली में 2, 4, 7, और 8 या 12वें घर में होता है। जिनका मंगल पीड़ित है उन्हें मंगलवार के दिन व्रत करना चाहिए और ब्राह्मण अथवा किसी गरीब व्यक्ति को भर पेट भोजन कराना चाहिए।

मंगल दोष या मंगल पीड़ित जातक को उज्जैन आकर अंगारेश्वर महादेव पर भात पूजन, गुलाल और गुलाब पूजन से विशेष अभिषेक पूजन करवाना चाहिए, तत्काल चमत्कारिक परिणाम मिलते हैं।

इसके साथ ही मंगल पीड़ित व्यक्ति के लिए प्रतिदिन 10 से 15 मिनट ध्यान करना उत्तम रहता है। मंगल दोष से पीड़ित व्यक्ति जब भी अपना घर बनवाये तो उसे घर में लाल पत्थर अवश्य लगवाना चाहिए।



**मेष राशिः-** जातकों के लिए कल रंगों का त्योहार नई उमंग और जोश लेकर आएगा। कल फाल्गुन मास की प्रतिपदा तिथि है और पूरा देश धुलेंडी मनाएगा। चंद्रमा कल दोपहर 01:46 ढट तक आपकी राशि से पंचम भाव में गोचर करेंगे, जो आपकी क्रिएटिविटी को चरम पर ले जाएगा। आप बच्चों और मित्रों के साथ होली का भरपूर आनंद लेंगे।



**वृष राशिः-** वालों के लिए कल का दिन सुख-सुविधाओं और पारिवारिक मिलन का है। चंद्रमा दोपहर तक आपके चतुर्थ भाव में रहेंगे, जिससे आप घर की सजावट और मेहमानों की खातिरदारी में व्यस्त रहेंगे। आपकी सुखद वाणी कल बिगड़े हुए पारिवारिक रिश्तों को सुधारने में जादू की तरह काम करेगी।



**मिथुन राशिः-** मिथुन राशि के जातकों के लिए कल का दिन साहस और पराक्रम में वृद्धि करने वाला है। चंद्रमा दोपहर तक आपके तीसरे भाव में रहेंगे, जिससे भाई-बहनों और मित्रों के साथ आपके संबंध बहुत गहरे होंगे। कल आप होली के हुड़दंग में सबसे आगे रहेंगे और आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स लोगों को प्रभावित करेंगी।



**कर्क राशिः-** वालों के लिए कल का दिन वाणी की मधुरता और पारिवारिक एकता का है। चंद्रमा आपके धन भाव में रहेंगे, जिससे परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। कल आपके घर पर मेहमानों का तांता लगा रह सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। शाम के समय चंद्रमा का राशि परिवर्तन आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा।



**सिंह राशिः-** सिंह राशि के जातकों के लिए कल का दिन उनके व्यक्तित्व को निखारने वाला है। चंद्रमा आपकी ही राशि में गोचर कर रहे हैं, जिससे आप आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कल आप हर सामाजिक कार्यक्रम में नेतृत्व करेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता कल बहुत सटीक होगी, जिससे लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे।



**कन्या राशिः-** कन्या राशि वालों के लिए कल का दिन मिश्रित परिणाम लेकर आएगा। चंद्रमा दोपहर तक आपके बारहवें भाव में रहेंगे, जिससे मन में थोड़ी बेचैनी हो सकती है। लेकिन दोपहर बाद जैसे ही चंद्रमा आपकी राशि में प्रवेश करेंगे, आपकी सारी चिंताएं दूर हो जाएंगी और आप उत्सव के रंग में सराबोर हो जाएंगे।



**तुला राशिः-** वालों के लिए कल का दिन लाभ और उन्नति का है। चंद्रमा आपके एकादश भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपकी आय में वृद्धि के संकेत दे रहे हैं। मित्रों के साथ होली का जश्न दोगुना हो जाएगा। आपकी कोई पुरानी दबी हुई इच्छा कल पूरी हो सकती है।



**वृश्चिक राशिः-** जातकों के लिए कल का दिन कार्यक्षेत्र में सफलता और सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने वाला है। चंद्रमा आपके दशम भाव में हैं, जिससे आप अपने काम को लेकर बहुत गंभीर रहेंगे। पिता या घर के बड़ों से आपको कोई मूल्यवान सलाह मिल सकती है जो भविष्य में काम आएगी।



**धनु राशिः-** वालों के लिए कल भाग्य का भरपूर साथ मिलने वाला है। चंद्रमा दोपहर तक आपके भाग्य भाव में रहेंगे, जिससे लंबी दूरी की यात्रा या किसी धार्मिक उत्सव में शामिल होने के योग बनेंगे। आपकी आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी और आप समाज कल्याण के कार्यों में योगदान देंगे।



**मकर राशिः-** वालों के लिए कल का दिन थोड़ा सावधानी बरतने का है। चंद्रमा दोपहर तक आपके आठवें भाव में रहेंगे, जिससे कार्यों में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। कल आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। दोपहर बाद जैसे ही चंद्रमा नौवें भाव में जाएंगे, आपके रुके हुए काम अचानक बनने लगेंगे।




**कुंभ राशिः-** वालों के लिए कल का दिन साझेदारी और सामाजिक संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। चंद्रमा आपके सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जो दांपत्य जीवन में खुशियां लेकर आएंगे। व्यापार में पार्टनर के साथ आपके संबंध और अधिक गहरे होंगे और लोकप्रियता बढ़ेगी।



**मीन राशिः-** जातकों के लिए कल का दिन विजय और सफलता का है। चंद्रमा दोपहर तक आपके छठे भाव में रहेंगे, जिससे आप अपने विरोधियों और पुरानी बीमारियों पर जीत हासिल करेंगे। पुराने कर्ज को चुकाने में कल आपको बड़ी सफलता मिल सकती है।

# होली के हर रंग का होता है अपना खास महत्व जानें इस दिन क्यों खेला जाता है रंग गुलाल



**होली** का पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन के अगले दिन रंगों का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को लाल, पीला, हरा, नीला, सफेद और अन्य चमकीले रंग लगाकर आनंद व्यक्त करते हैं। भारत ही नहीं विदेशों में रहने वाले भारतीय भी अपनी परंपराओं के अनुसार रंगोत्सव मनाते हैं।

धार्मिक दृष्टि से होली बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। होलिका दहन की कथा हमें संदेश देती है कि सत्य और भक्ति की शक्ति अंत में विजयी होती है। रंगों से खेलने की परंपरा बहुत पुरानी है। अलग-अलग रंगों का अपना विशेष महत्व बताया गया है, जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि होली पर रंग गुलाल क्यों खेला जाता है।

राधा-कृष्ण से जुड़ी है रंगों की परंपरा

लोक मान्यताओं के अनुसार, होली का संबंध भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी से जोड़ा जाता है। माना जाता है कि बाल्यावस्था में श्रीकृष्ण अपने सांवले रंग को लेकर चिंतित रहते थे कि क्या गोरी राधा उन्हें स्वीकार करेंगी। तब माता यशोदा ने उन्हें समझाया कि वे राधा के पास जाकर उनके मुख पर रंग लगा दें। श्रीकृष्ण ने ऐसा ही किया और तभी से रंग लगाने की परंपरा प्रारंभ हो गई। विशेष रूप से मथुरा और वृंदावन क्षेत्र में यह कथा बड़े प्रेम से सुनाई जाती है और आज भी वहां की होली विश्वभर में प्रसिद्ध है।

ज्योतिषीय दृष्टि से रंगों का महत्व

ज्योतिष शास्त्र में होलाष्टक से लेकर होलिका दहन तक के समय को चुनौतीपूर्ण माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस अवधि में ग्रहों की स्थिति उग्र हो सकती है। रंगों का संबंध विभिन्न ग्रहों से होता है। जैसे रत्न अलग-अलग रंगों के होते हैं और वे ग्रहों का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसी प्रकार होली के दिन रंगों का प्रयोग ग्रहों की नकारात्मकता को कम करने और शुभ प्रभाव को बढ़ाने का माध्यम माना जाता है।

हरा रंग- हरा रंग बुध ग्रह से जुड़ा माना जाता है। यह उन्नति, संतुलन और शांति का प्रतीक है।

पीला रंग- पीला रंग गुरु ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है और ज्ञान, पवित्रता व प्रसन्नता का सूचक है।

लाल रंग- लाल रंग मंगल ग्रह से संबंधित है, जो ऊर्जा, साहस और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। गुलाबी रंग- गुलाबी रंग शुक्र ग्रह से जुड़ा है और प्रेम, कोमलता व स्नेह का संकेत देता है। नारंगी रंग- नारंगी रंग सूर्य से संबंधित माना जाता है, जो उत्साह, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को दशार्ता है। नीला रंग- नीला रंग शनि ग्रह का प्रतीक है, जो स्थिरता, विश्वास और धैर्य का संदेश देता है।



# दक्षिण सूडान में अज्ञात हमलावरों ने की 169 लोगों की हत्या

## मारे गये लोगों में 79 पुलिस और क्षेत्रों बलों के सदस्य शामिल

**खार्तून, (वेब वार्ता)।**

दक्षिण सूडान में अज्ञात लोगों के एक समूह के हमले में वरिष्ठ अधिकारियों समेत कम से कम 169 लोग मारे गये हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार रुवेंग प्रशासनिक क्षेत्र के सूचना मंत्री जेम्स मोनिलुआक मिजोक ने बताया कि हथियारबंद युवाओं ने रविवार को किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि वे पड़ोसी यूनिटी स्टेट से आए थे और सूडान पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-क्ढन (एसपीएल-क्ढ) से जुड़े थे।



रिपोर्ट के अनुसार एसपीएल-आईओ हमले में अपना हाथ होने से इनकार किया है और यूनिटी स्टेट के अधिकारियों पर हिंसा का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है।

गौरतलब है कि संयुक्त राज्य ने बार-बार चेतावनी दी है कि सूडान में बड़े पैमाने पर गृहयुद्ध का खतरा मंडरा रहा है।

मिजोक ने कहा, 'मरने वालों में 90 बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग हैं। साथ ही हमले में पुलिस समेत क्षेत्रीय बलों के 79 सदस्य भी मारे गये।' उन्होंने कहा कि हमले में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घायलों से ज्यादातर को उपचार के लिए पड़ोसी अबेई प्रशासनिक क्षेत्र ले जाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मिजोक ने बीबीसी को बताया कि हमलावर रविवार को तड़के स्थानीय समय के अनुसार करीब 04:30 बजे रुवेंग में अबिएमनोम काउंटी में घुसे और हमला कर दिया। उस समय लोग लोग सो रहे थे। उन्होंने कहा कि उस समय वहां पर सरकारी सैनिकों की मौजूदगी कम थी।

## रियाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन से हमला

**रियाद, (वेब वार्ता)।** सऊदी अरब के रियाद स्थिति अमेरिकी दूतावास पर मंगलवार सुबह ड्रोन से हमला किया गया, जिसके कारण हल्की आग लगी गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ है। सऊदी गैजेट की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा, 'शुरूआती अनुमान के मुताबिक, रियाद में अमेरिकी दूतावास को ड्रोन से लक्षित किया गया है। इस घटना में हल्की आग लगी और इमारत को मामूली नुकसान हुआ।' उन्होंने कहा कि रियाद के साउथ में स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस के पास पांच ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा दो ड्रोन के जरिये पूर्वी प्रांत में रास तनुरा ऑयल रिफाइनरी पर हमला करने की कोशिश की गयी लेकिन मार गिराये गये ड्रोन का मलबा गिरने से रिफाइनरी में हल्की आग लग गई।

# ट्रम्प का ईरान को लेकर कड़ा रुख


## जरूरत पड़ी तो थल सेना भी भेजेंग

**वॉशिंगटन, (वेब वार्ता)।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह में ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' को लेकर अत्यंत कड़ा रुख अपनाया है।

उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु और मिसाइल ठिकानों को नष्ट करने के लिए यह अब तक का सबसे अच्छा और निर्णायक अवसर है और कहा कि जरूरत पड़ी तो वह खाड़ी में थल सेना भी भेजेंगे।

ट्रम्प ने ये बयान व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह में मेडल ऑफ ऑनर प्रदान करने और मीडिया ब्रीफिंग के दौरान दिये हैं।



इसके अलावा उन्होंने ट्रूथ सोशल पर एक वीडियो संदेश भी जारी किया है। ट्रम्प के इस वक्तव्य को व्हाइट हाउस ने अपने वेबसाइट पर भी जारी किया है।

मीडिया से बातचीत करते हुए राष्ट्रपति ने घोषणा की है कि यह सैन्य कार्रवाई लगभग 4-5 सप्ताह तक चल सकती है, हालांकि उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि अमेरिका इससे कहीं अधिक समय तक युद्ध जारी रखने की पूरी क्षमता रखता है।

अमरीकी राष्ट्रपति ने अभियान की प्रगति साझा करते हुए दावा किया कि अमेरिकी सेना वर्तमान में अपनी तय समय सीमा से काफी आगे चल रही है। उन्होंने जानकारी दी कि केवल पिछले 24 घंटों के भीतर ईरान के 49 शीर्ष नेताओं को खत्म कर दिया गया है और ईरानी नौसेना के लगभग 9-10 युद्धपोतों को समुद्र में डुबो दिया गया है। इसके अतिरिक्त अमेरिकी और इजरायली वायुसेना ने ईरान के नौसेना मुख्यालय और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुख्य ठिकानों पर भीषण हमले किये हैं।

युद्ध के अगले चरणों पर चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बड़ा रणनीतिक संकेत दिया है।

# इंडोनेशिया में जोरदार भूकंप से कांपी धरती रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गई तीव्रता

## जकार्ता सहित कई द्वीपों में महसूस किए गए तेज झटके

**जकार्ता, (वेब वार्ता)।**

इंडोनेशिया में मंगलवार की सुबह कुदरत का कहर देखने को मिला, जब देश के विभिन्न हिस्सों में भूकंप के बेहद तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (ठउर) के आंकड़ों के मुताबिक, भूकंप आज सुबह भारतीय समयानुसार 10:26:47 बजे आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.2 दर्ज की गई है, जो काफी शक्तिशाली मानी जाती है। भूकंप के झटके इतने प्रभावी थे कि ऊँची इमारतों में रहने वाले लोग दहशत के मारे अपने घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल, प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन अलर्ट पर है और भूकंप के केंद्र का सटीक स्थान पता लगाया जा रहा है।

भूकंप की तीव्रता को देखते हुए इंडोनेशिया सरकार ने प्रभावित प्रांतों में आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय कर दिया है। हालांकि, शुरूआती खबरों में अभी तक किसी बड़े जान-माल के नुकसान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन दूरदराज के द्वीपों और ग्रामीण इलाकों से जानकारी जुटाई जा रही है। आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं पुरानी इमारतों या बुनियादी ढांचे को कोई क्षति तो नहीं पहुँची है। सरकार ने नागरिकों से धैर्य बनाए रखने और आधिकारिक निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

इंडोनेशिया अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण अक्सर भूकंपीय गतिविधियों का सामना करता है, क्योंकि यह 'पैसिफिक रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है। आज आए इस 6.2 तीव्रता के भूकंप के बाद संबंधित एजेंसियों ने समुद्र तटीय इलाकों में सुनामी की संभावनाओं का भी विश्लेषण किया है। हालांकि, अभी तक सुनामी का कोई तत्काल खतरा घोषित नहीं किया गया है, फिर भी तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों में 'आफ्टरशॉक्स' (भूकंप के बाद के झटके) आ सकते हैं, इसलिए लोगों को जर्जर इमारतों से दूर रहने को कहा गया है।

# कोलकाता पुलिस ने होली के लिए किये सुरक्षा उपाय, 398 पिकेट तैनात किए

**कोलकाता, (वेब वार्ता)।**

हर साल होली के दौरान दौरान लापरवाह तरीके से गाड़ी चलाने, नशे में गाड़ी चलाने और दुर्घटना की खराबों के मद्देजनर कोलकाता पुलिस ने मंगलवार को शहर में डोल और होली के त्योहार के लिए कड़ा इंतेजाम किया है।

लालबाजार के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि डोल के दिन पूरे शहर में कुल 398 पुलिस पिकेट तैनात किए जाएंगे। इनमें से 86 जगहों को ( जिसमें खन्ना मोड़, पार्क सर्कस सेवन पॉइंट और श्यामबाजार शामिल हैं) संवेदनशील क्षेत्र के तौर पर पहचाना गया है, जहां विशेष पिकेट लगाए जाएंगे। इन विशेष पिकेट में से हर एक पर छह पुलिसवाले तैनात रहेंगे। बाकी 312 पिकेट पर हर एक पर तीन पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे। सबसे ज्यादा पुलिस पिकेट बंदरगाह क्षेत्र में होंगे, जहां पिछली घटनाओं और भारी गाड़ियों की आवाजाही को देखते हुए 72 पिकेट तैनात किए जाएंगे।



इसके अलावा, शहर के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों और दक्षिणी उपनगरों में 36-36 पिकेट लगाए जाएंगे ताकि त्योहार आसानी से मनाया जा सके और यातायात विनियमन हो सके। डोल के दौरान नदी घाटों पर भीड़ बढ़ने की उम्मीद को देखते हुए पुलिस ने गंगा किनारे सुरक्षा के इंतजाम भी कड़े कर दिए हैं। लालबाजार के अधिकारियों ने कहा कि रेगुलर पिकेट के अलावा, शहर भर के 24 घाटों पर आपदा प्रबंधन समूह (डीएमडी) की टीमें तैनात रहेंगी। किसी भी आपातकालीन स्थिति में तेजी से जवाब देने के लिए कोलकाता पुलिस के हर क्षेत्र में डीएमजी टीमें भी तैनात रहेंगी।

महिलाओं की सुरक्षा और छेड़छाड़ या सड़क पर होने वाली गड़बड़ी को रोकने पर खास जोर दिया गया है। निगरानी बढ़ाने के लिए, 62 पेट्रोल वैन और पीसीआर वैन पूरे दिन सड़कों पर रहेंगी। पुलिस वाले जल्दी कार्रवाई और ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए मोटरसाइकिल पर मोबाइल पेट्रोलिंग भी करेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इन उपायों का मकसद शराब पीकर गाड़ी चलाना, लापरवाही से गाड़ी चलाना और दूसरे कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर रोक लगाना है, जो पिछले सालों में होली के दौरान रिपोर्ट किए गए हैं।

## खड़ी क्रेन में पीछे से टकराई कार, तीन की मौत, दो घायल

बैतूल, 03 मार्च (वेब वार्ता)। मध्य प्रदेश के बैतूल में सोमवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बैतूल में सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी क्रेन में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। हादसा इटारसी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। घटना सोमवार देर रात 3 बजे की बताई जा रही है, जब सड़क पर यातायात काफी कम था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे युवकों को बाहर निकाला। हादसे में तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# अमृता हॉस्पिटल परिसर में पोंकाला महोत्सव का आयोजन



**भेदी नज़र ब्यूरो, फरीदाबाद**

अमृता हॉस्पिटल परिसर में आज श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ पोंकाला महोत्सव का आयोजन किया गया। केरल की प्रसिद्ध धार्मिक परंपरा अट्टुकल पोंगाला से प्रेरित इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर माता शक्ति की आराधना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधानपूर्वक गणपति प्रतिष्ठा से हुआ। भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर आयोजन के निर्विघ्न सम्पन्न होने की कामना की गई। इस अवसर पर अविल (चिवड़ा), मलर (लाई), पजहम (केला), गुड़, पुष्पदल, तेल, बत्ती, वेतिला-पाक (पान-सुपारी) आदि अर्पित किए गए। सभी श्रद्धालुओं से गणपति प्रतिष्ठा हेतु एक-एक नारियल लाने का आग्रह किया गया तथा संभव हो तो दीप (विलक्कु/चिराग) भी साथ लाने का अनुरोध किया गया।

इसके उपरांत पारंपरिक पोंकाला अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिसमें मिट्टी के पात्र (पॉट) में चूल्हे (अडुप्पु) पर लकड़ी से अग्नि प्रज्वलित कर चावल और गुड़ से पवित्र नैवेद्य तैयार किया गया। प्रसाद में नारियल, घी, इलायची और किशमिश का विशेष मिश्रण मिलाया गया। केले के पत्ते से पात्र को ढककर पूर्ण श्रद्धा के साथ देवी को अर्पित किया गया। पूजा के दौरान कपूर, अगरबत्ती तथा तेल से दीप प्रज्वलित कर वातावरण को भक्तिमय बनाया गया।

# केरल: वडाकारा से छह बार सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री के.पी. उन्नीकृष्णन का निधन

**कोझिकोड, (वेब वार्ता)।**

केरल के वडाकारा से छह बार सांसद रहे और पूर्व केंद्रीय मंत्री के.पी. उन्नीकृष्णन का 89 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन से तीन दशकों से अधिक के उनके राजनीतिक करियर का अंत हो गया। के.पी. उन्नीकृष्णन का जन्म 20 सितंबर 1936 को मालाबार तट एक



परिवार में हुआ था। वे ई. कुन्हीकन्नन नायर के पुत्र थे।

उन्नीकृष्णन ने चेन्नई के मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की और बाद में वहीं से कानून की डिग्री पूरी की। 1960 के दशक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल होने से पहले, समाजवादी पार्टी और प्रजा समाजवादी पार्टी से जुड़े रहे। 1962 तक वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य बन चुके थे। पूर्णकालिक राजनीति में आने से पहले उन्नीकृष्णन ने पत्रकार के रूप में भी काम किया और मातृभूमि और अन्य पत्रिकाओं में विशेष संवाददाता के रूप में लेख लिखे।

## 'मंजुविरट्टू' उत्सव, बेलगाम सांडों के हमले में तीन दर्शकों की मौत और 75 लोग हुए लहूलुहान

**शिवगंगा, (वेब वार्ता)।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के सिंगमपुनारी में मासी मगम उत्सव के अवसर पर आयोजित 'मंजुविरट्ट' (सांडों को पकड़ने की प्रतियोगिता) भीषण हादसे में तब्दील हो गई। सोमवार को आयोजित इस खेल के दौरान सांडों ने दर्शकों और खिलाड़ियों पर अचानक हमला कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। इस दर्दनाक घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनकी पहचान जम्मूलाल लालजी, रामनाथन और राजेंद्रन के रूप में हुई है। चिलचिलाती धूप में पहाड़ियों पर बैठकर खेल देख रहे हजारों लोग उस वक्त सन्न रह गए जब सांडों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर लोगों को रौंदना शुरू कर दिया। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, इस प्रतियोगिता के लिए लगभग 100 सांडों को अधिकृत रूप से और 500 से अधिक बैलों को खुला छोड़ा गया था, जिसमें 112 बुलफाइटर्स ने हिस्सा लिया था।

# तमिलनाडु के विकास के सफर में हम किसी को पीछे नहीं छोड़ेंगे : एमके स्टालिन

**चेन्नई, (वेब वार्ता)।**

तमिलनाडु सरकार ने बुजुर्गों, विधवाओं, बुजुर्ग ट्रांसजेंडर और दिव्यांगजनों के खाते में मासिक पेंशन की राशि ट्रांसफर की है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कलाइग्नार मगलीर उरिमाई थिट्टम योजना के तहत महिलाओं को दी गई 2,000



रुपए की ग्रीष्मकालीन विशेष सहायता राशि की व्यापक सराहना हुई है। इसके साथ ही, समाज के हाशिये पर रहने वाले और वर्तमान में सरकार की मासिक पेंशन सहायता प्राप्त कर रहे बुजुर्गों, विधवाओं, बुजुर्ग ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और दिव्यांगजनों को भी ऐसी ही विशेष वित्तीय सहायता देने की मांग उठी है।

उन्होंने कहा कि आज हमने उनकी आशा भरी मांग पूरी कर दी है! कठिनाई को कम करने के लिए विशेष राहत सहायता के रूप में, हमने मार्च की पेंशन के साथ 2,000 रुपए उनके बैंक खातों में जमा कर दिए हैं!

# पालघर की केमिकल फैक्ट्री से 'ओलियम गैस' का भारी रिसाव, 2 किमी तक फैली जहरीली सफेद धुंध

**पालघर, (वेब वार्ता)।**

महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित तारापुर इंडस्ट्रियल एस्टेट की 'भगेरिया केमिकल्स कंपनी' में आज दोपहर करीब 2:00 बजे 'ओलियम गैस' के रिसाव से हड़कंप मच गया। गैस लीक होते ही हवा में सफेद धुंध की मोटी चादर फैल गई, जिसकी चपेट में आने से स्थानीय नागरिकों और मजदूरों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में गंभीर तकलीफ होने लगी। देखते ही देखते यह जहरीली गैस करीब दो किलोमीटर के दायरे में फैल गई, जिससे कैमलिन नाका और टाकी नाका जैसे रिहायशी इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने तारापुर विद्यामंदिर स्कूल के छात्रों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला है।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने राजस्व, एमआईडीसी, दमकल विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमों को 'हाई अलर्ट' पर रहने के निर्देश दिए हैं। औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, लगभग एक टन ओलियम गैस का स्टॉक प्रभावित होने की आशंका है।

## राजौरी में पीआईए मार्किंग वाला हवाई जहाजनुमा गुब्बारा बरामद, जांच शुरू

**राजौरी, (वेब वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी के धर्मसल थाना क्षेत्र के सरहोती गांव में रविवार को ग्रामीणों ने एक लाल और सफेद रंग का हवाई जहाज के आकार का गुब्बारा देखा। गुब्बारे पर पीआईए की मार्किंग के साथ उर्दू में कुछ लिखा हुआ था, जिससे लोगों में उत्सुकता के साथ-साथ चिंता भी बढ़ गई। जानकारी के अनुसार, यह गुब्बारा रविवार दोपहर को गांव के पास एक ढलान वाले पथरीले इलाके में पड़ा मिला था। स्थानीय लोगों की नजर जब इस पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तेरयाथ पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को एहतियातन घेर लिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच के लिए पुलिस अधिकारियों ने गुब्बारे को कब्जे में लिया है।


**किराए के लिए खाली है**

1- 3600 वर्ग फुट कमर्शियल 4 हॉल सेमी फर्निश्ड सेक्टर 10 टी सी सी काम्प्लेक्स फरीदाबाद में।
2- 1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड सेक्टर 10 टी सी सी काम्प्लेक्स फरीदाबाद में।
3- टू बैड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉ क फरीदाबाद में।
4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेंकड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में।
इच्छुक व्यक्ति फोन नंबर 9999446252, 9811157562 पर संपर्क करें।

**- सूचना -**

**फरीदाबाद जिला में भेदीनज़र समाचार में अपने समाचार, विज्ञापन देने और अखबार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें-**

1- गोपाल न्यूज एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बाल्लभगढ़
**मोबाइल नम्बर- 9811477204**

2- नरेंद्र बुकसर शाप
मूँगफली चौक एन.आई.टी.नम्बर-5 फरीदाबाद
**मोबाइल - 9810229192**

3- दीक्षित न्यूज एजेन्सी ओल्ड फरीदाबाद
**मोबाइल- 9811159238**

**छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा**
**आज ही स्पेस बुक कराएं-काल करें**
**0120-4152063,**
**9811157562**

**नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नज़र पढ़िए, समय के साथ चलिए**

**सुनहरा मौका** वार्षिक ग्राहक बनिए और

**वीआईपी एल्फा सूटकेस** कीमत रु, 900 प्राप्त करिए
भेदी नज़र समाचार पत्र के ग्राहक बनें
मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए
और अन्य आकर्षक उपहार के लिए

**बम्पर ड्रा**

पहला इनाम

एक हीरो बाईक

दूसरा इनाम


एक सोनी एलसीडी 32 इंच व अन्य आकर्षक ईनाम

तीसरा इनाम

बीस मोबाईल फोन

- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेंगा तो एसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2026 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नजर के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते हैं।
- भेदी नजर प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।



आर.एन.आई.नं.
HAR/HIN/2011/43680
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
उमा पब्लिकेशनस्
प्लाट न. 3/1 टी.सी.सी. कॉम्पलेक्स सेक्टर-10 फरीदाबाद से प्रकाशित
एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस ई-33 सेक्टर-7 नोएडा से मुद्रित
संपादक
उमा शर्मा
प्रधान संपादक
गिरीश चन्द्र शर्मा
फोन नं.-
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8

0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,



सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा। पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान संपादक और प्रधान संपादक कानूनन जिम्मेदार नहीं होगा।